संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 17 मई 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 133 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र सौंपते केंद्रीय मंत्री वीके सिंह।

# 'रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने का प्रयास'

### प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले में युवाओं को 71 हजार नियुक्ति पत्र प्रदान किये, रोजगार मेले का आयोजन देशभर में 45 स्थानों पर किया गया

**विस्फोटक से ब्लास्ट किया**

● 70 हजार से अधिक युवाओं को भारत सरकार के विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र मिल रहा है : प्रधानमंत्री मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्रीय विकास में उनकी भागीदारी को मजबूत करने का प्रयास है। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये रोजगार मेले के तहत सरकारी विभागों में नवनियुक्त भर्तियों को करीब 71,000 नियुक्ति पत्र प्रदान करने के बाद संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज 70 हजार से अधिक युवाओं को भारत सरकार के विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र मिल रहा है। आप सभी ने कड़ी मेहनत से यह सफलता हासिल की है। मैं आपको और






आपके परिवार को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। रोजगार मेले का आयोजन देशभर में 45 स्थानों पर किया गया। भर्तियां इस पहल को समर्थन देने वाले केंद्रीय सरकारी विभागों और राज्य सरकारों व केंद्र शासित क्षेत्रों में की जा रही हैं। देशभर से चयनित नव-नियुक्तों को ग्रामीण डाक सेवक, डाक निरीक्षक, वाणिज्यिक व टिकट लिपिक, कनिष्ठ लिपिक व टंकक, नर्सिंग अधिकारी, सहायक सुरक्षा अधिकारी, दमकल अधिकारी सरीखे विभिन्न पदों पर रखा जायेगा। रोजगार मेला, रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने के प्रति प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक पहल है। मेले से यह संभावना है कि वह आगे रोजगार सृजन तथा युवाओं के सशक्तिकरण व राष्ट्रीय विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये उन्हें सार्थक रोजगार अवसर प्रदान करने में अहम भूमिका निभायेगा।

### अनुराग ठाकुर ने रोजगार मेले में 561 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**




एक साल में 10 लाख युवाओं को सरकारी रोजगार देने की पीएम मोदी की पहल के तहत शिमला सहित देश में 45 जगहों पर रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। शिमला में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने रोजगार मेले में 561 युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों के नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने एक साल में 10 लाख युवाओं को सरकारी क्षेत्र में रोजगार देने का लक्ष्य तय किया है।

### 2022 में रोजगार मेला का पहला फेज लॉन्च

**पीएम** मोदी ने अक्टूबर 2022 में रोजगार मेला का पहला फेज लॉन्च किया था। इसमें 2023 के आखिर तक 10 लाख भर्तियां करने का वादा किया है। इसी के तहत 71 हजार युवाओं की भर्ती केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न विभागों में की जा रही है।

**किन विभागों में मिली नौकरी:** देश भर से चयनित नए कर्मचारी भारतीय डाक सेवक, डाक निरीक्षक, वाणिज्यिक-सह-टिकट क्लर्क, जूनियर क्लर्क टाइपिस्ट, जूनियर लेखा क्लर्क, ट्रैक मेंटेनर, सहायक अनुभाग अधिकारी, लोअर डिवीजन क्लर्क, सब डिवीजन अधिकारी, टैक्स असिस्टेंट, सहायक प्रवर्तन अधिकारी, निरीक्षक, नर्सिंग अधिकारी, सहायक सुरक्षा अधिकारी, फायरमैन, सहायक लेखा अधिकारी आदि में नियुक्ति होगी।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने स्वीडन में कहा, आपके मुंह में घी-शक्कर



**टीम एक्शन इंडिया/स्टॉकहोम**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने यहां भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान भारतीय संस्कृति के वैश्वीकरण पर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए हिंदी के मुहावरे, आपके मुंह में घी-शक्कर का उपयोग किया जिसके बाद लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई। जयशंकर यूरोपीय संघ हिंद-प्रशांत मंत्रालयी मंच की बैठक में भाग लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर स्वीडन आए हैं। यह पूछे जाने पर कि वैश्वीकरण के इस युग में क्या पश्चिम ने हैमबर्गर के बजाय पानी पूरी खाना शुरू कर दिया है और क्या अब शर्ट पर न्यूयॉर्क के बजाय नई दिल्ली छपेगा, उन्होंने कहा कि एक शब्दावली है, जिसे आपके मुंह में घी-शक्कर कहा जाता है। इस पर लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई और उन्होंने तालियां बजाई।


## डॉ. मनोज सोनी ने यूपीएससी के अध्यक्ष की शपथ ली



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**डॉ मनोज** सोनी ने मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। आयोग की वरिष्ठतम सदस्य स्मिता नागराज ने उन्हें शपथ दिलाई । डॉ मनोज सोनी 28 जून,2017 को आयोग में सदस्य के रूप में शामिल हुए और बाद में पांच अप्रैल, 2022 को संविधान के अनुच्छेद 316 (ए) के तहत यूपीएससी के अध्यक्ष के पद के कर्तव्यों का पालन करने के लिए नियुक्त किए गए। यूपीएससी में शामिल होने से पहले, डॉ. सोनी ने अंतरराष्ट्रीय संबंध अध्ययन में विशेषज्ञता के साथ राजनीति विज्ञान का अध्ययन किया और सरदार पटेल विश्वविद्यालय से शीत युद्ध के बाद अंतर्राष्ट्रीय प्रणालीगत परिवर्तन और भारत-अमेरिका संबंध में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने कुलपति के रूप में कुल तीन कार्यकालों में कार्य किया।

## देश में उत्पादित कच्चे तेल पर नहीं लगेगा विंडफॉल टैक्स



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) घटाकर शून्य कर दिया है। घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 4,100 रुपये प्रति टन से घटाकर शून्य किया गया है। इसके साथ ही डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर कर की शून्य दर जारी रखी गई है। नई दरें मंगलवार से लागू हो गई है। सरकार की ओर से सोमवार को जारी एक अधिसूचना के मुताबिक ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) जैसी कंपनियों के उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को 4,100 रुपये प्रति टन से घटाकर शून्य कर दिया गया है। यह दूसरी बार है, जब घरेलू स्तर पर उत्पादित तेल के लिए विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) को घटाकर शून्य कर दिया गया है।

## केरल में 4 दिन देरी से पहुंचेगा मानसून



**नई दिल्ली:** इस साल केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून चार दिन देरी पहुंचने का अनुमान है। इंडियन मीटियरोलॉजिकल डिपार्टमेंट यानी आईएमडी के अनुसार मानसून 5 जून तक दक्षिणी राज्य में पहुंच सकता है। यह आमतौर पर 1 जून को केरल में दस्तक देता है। इसके साथ ही देश में मानसून (बारिश के मौसम) की आधिकारिक शुरूआत मानी जाती है। पिछले साल यानी 2022 में मानसून 29 मई को केरल पहुंचा था। वहीं 2021 में यह 1 जून को पहुंचा था।

**इस साल सामान्य बारिश का अनुमान:** इस साल मानसून के सामान्य रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने बीते महीने यह जानकारी दी थी। अगर बारिश सामान्य रहती है तो देश में फूड ग्रेन प्रोडक्शन भी नॉर्मल रहेगा।

## ज्ञानवापी के एएसआई सर्वे की याचिका मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

**ज्ञानवापी** की अरकसर्वे की मांग वाली हिंदू पक्ष की याचिका वाराणसी कोर्ट ने मंजूर कर ली है। इस पर अगली सुनवाई 22 मई को होगी। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को 19 मई तक आपत्ति दाखिल करने का समय दिया है। मंगलवार सुबह ही 11 बजे कोर्ट में चारों वादिनी महिलाओं ने फ्रेश याचिका दाखिल की थी। इसमें ज्ञानवापी परिसर के आर्केलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया यानी एएसआई सर्वे की मांग की थी। याचिका दाखिल करने से पहले सुबह विष्णु जैन के साथ 4 वादिनी महिलाओं (रेखा, सीता, मंजू, लक्ष्मी) ने



**सुनवाई**

● अगली सुनवाई 22 मई को होगी। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को 19 मई तक आपत्ति दाखिल करने का समय दिया है

काशी विश्वनाथ धाम के दर्शन किए। इससे पहले शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर में कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग और साइंटिफिक सर्वे कराने के आदेश दिए थे।

**"ज्ञानवापी को आदि विश्वेश्वर का मंदिर प्रूफ करने के लिए कुछ सवालों का जवाब चाहिए":** कोर्ट में याचिका स्वीकार होने के बाद विष्णु शंकर जैन ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा, "ज्ञानवापी को आदि विश्वेश्वर का मंदिर प्रूफ करने के लिए उन्हें कुछ सवालों का जवाब चाहिए। वैज्ञानिक ढंग से इन सवालों के जवाब कार्बन डेटिंग और एसएसआई सर्वे से ही मिल सकेंगे। कोर्ट में आज जो याचिका मंजूर की है। वह इन्हीं सवालों पर आधारित है।

## एनसीपी नेता नवाब मलिक को झटका



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपी नेता नवाब मलिक को कोई राहत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने नवाब मलिक की याचिका पर जल्द सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि बांबे हाई कोर्ट में मामला लंबित है और वहां सुनवाई हो रही है। हाई कोर्ट को सुनवाई करने दें। हम जुलाई के दूसरे सप्ताह में सुनवाई करेंगे। दरअसल, नवाब मलिक ने स्वास्थ्य आधार पर अंतरिम जमानत की मांग की है। पहले की सुनवाई के दौरान नवाब मलिक की ओर से वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि नवाब मलिक की एक किडनी फेल हो गई है और दूसरी काम करना बंद कर रही है, इसलिए उनको जमानत दी जाए।

## कर्नाटक: 50-50 फॉर्मूले पर तैयार नहीं सिद्ध-डीके!



**बेंगलुरू/नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री पद के दोनों दावेदार डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया 50-50 फॉर्मूले से सहमत नहीं है। देर रात तक बैठकों का दौर चला। डीके शिवकुमार दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पहुंचे चुके हैं। इन दोनों बैठकों में पार्टी के केंद्रीय ऑब्जवर्स भी रहेंगे। खड़गे की दोनों नेताओं से मुलाकात के बारे में सोनिया गांधी को रिपोर्ट दी जाएगी।


फिर राहुल-सोनिया दोनों नेताओं से बात करेंगे। सोनिया अभी दिल्ली में नहीं हैं। वे जल्द ही शिमला से दिल्ली पहुंचने वाली हैं। इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर यह भी है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धारमैया का नाम लगभग तय हो गया है। आज रात तक ही नए सीएम के नाम का ऐलान हो सकता है। डीके शिवकुमार मंगलवार शाम 5.30 बजे खड़गे से मिलने पहुंचे। सूत्रों के अनुसार उनको 6.30 बजे बुलाया गया था, लेकिन वे एक घंटे पहले ही पहुंच गए।

**जल्द लगेगी मोहर**

● खड़गे की दोनों नेताओं से मुलाकात के बारे में सोनिया गांधी को रिपोर्ट दी जाएगी। राहुल-सोनिया दोनों नेताओं से बात करेंगे

## नासिक के त्र्यंबकेश्वर मंदिर में चादर चढ़ाने की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया/नासिक**



**नासिक** के त्र्यंबकेश्वर मंदिर में कुछ लोगों ने चादर चढ़ाने की कोशिश की। जिसका वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मंगलवार को एफआईआर दर्ज कर ली। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी पूरे मामले में जांच के लिए एक एसआईटी गठित करने का आदेश दिया। वायरल वीडियो शनिवार का है। जिसमें कुछ लोग सिर पर चादर रखकर मंदिर के गेट में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं, लेकिन गार्ड उन्हें रोक देते हैं। इस बीच बहस शुरू हो जाती है। बाद में उन्हें वापस लौटना पड़ता है। घटना के बाद मंदिर ट्रस्ट ने पुलिस में इसकी शिकायत की। जिसके आधार पर आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। मंदिर ट्रस्ट के एक अधिकारी ने बताया कि चादर चढ़ाने वालों में कई लोग शामिल थे। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, केवल हिंदुओं को मंदिर में प्रवेश करने की परमिशन है, क्योंकि यह भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। मंदिर के पुजारियों ने इसका विरोध किया। इससे तनाव पैदा हो गया। पुलिस ने इससे एक दिन बाद यानी रविवार को एक शांति समिति की बैठक बुलाकर दोनों तरफ के लोगों को समझा बुझा कर विवाद खत्म करने की कोशिश की थी। इसके बाद मंदिर परिसर में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई।

## असम पुलिस का अल्टीमेटम-3 महीने में फिट हों या रिटायर

**टीम एक्शन इंडिया/दिसपुर**

**शराब पीने** के आदी पुलिसकर्मियों के बाद अब अनफिट पुलिसकर्मी असम पुलिस की रडार पर हैं। असम पुलिस मोटे पुलिसकर्मियों का ऑफिशियल रिकॉर्ड रखेगी। इसके लिए उनका बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) लिया जाएगा। यह कदम पुलिसकर्मियों को डेडवुड से छुटकारा दिलाने के लिए उठाया जा रहा है। असम पुलिस में लगभग 70 हजार फोर्स



है। अनफिट कर्मियों को 3 महीने का अल्टीमेटम दिया गया है। साथ ही कहा गया है कि 3 महीने में फिट हो जाएं या फिर रिटायर हो जाएं। तीन महीने बाद सभी आईपीएस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों का बॉडी मास इंडेक्स रिकॉर्ड किया जाएगा। डीजीपी जीपी सिंह ने ट्वीट में लिखा- हम 15 अगस्त तक आईएएस-आईपीएस अधिकारियों समेत सभी असम पुलिस कर्मियों को तीन महीने का समय देंगे। इसके बाद अगले पंद्रह दिनों में वैरिफिकेशन करने की प्लानिंग है। वे सभी पुलिसकर्मी जो मोटापे की श्रेणी में आते हैं, उन्हें वजन कम करने के लिए तीन महीने और दिए जाएंगे।

## 'दूसरों को भी रोजगार मेला योजना के बारे में बताइए'


**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रोजगार मेला योजना के तहत नौकरी पाने वालों को सलाह दी है कि वे दूसरे लोगों को भी इस योजना के फायदे बताएं। सीतारमण ने चेन्नई में आयोजित एक कार्यक्रम में लगभग 250 लोगों को नियुक्ति पत्र दिए। वित्त मंत्री ने मंगलवार को डाक विभाग, रेलवे, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पेट्रोलियम और रक्षा सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नई भर्तियों के लिए करीब 250 लोगों को नियुक्ति पत्र दिए।

## नए संसद भवन का काम इसी महीने पूरा होगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नया** संसद भवन इस महीने के अंत तक तैयार हो जाएगा। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि भवन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके सिविल स्ट्रक्चर की सफाई शुरू हो गई है। इसका इनॉगरेशन कब होगा इसे लेकर सरकार ने कुछ नहीं कहा है। 64 हजार 500 वर्ग मीटर में बनी यह बिल्डिंग चार मंजिला है। नई बिल्डिंग में तीन दरवाजे हैं इन्हें ज्ञान द्वार, शक्ति द्वार और कर्म द्वार नाम दिया गया है। यहां सांसदों और दूसरे वीआईपी के लिए अलग एंट्री है। नया भवन पुराने संसद भवन से



17,000 वर्ग मीटर बड़ा है। ये भवन पूर्ण रूप से भूकंपरोधी है, जिसका डिजाइन 'डिजाइन, प्लानिंग एंड मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड' ने तैयार किया है। इसके आर्किटेक्ट बिमल पटेल हैं। ऐसी अटकलें हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई के आसपास नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। इसी दिन केंद्र की भाजपा सरकार अपने नौ साल पूरे करेगी। नई बिल्डिंग की सबसे बड़ी विशेषता संविधान हॉल है। कहा जा रहा है कि इस हॉल में संविधान की प्रति रखी जाएगी।

इसके अलावा महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, देश के प्रधानमंत्रियों की बड़ी तस्वीरें भी लगाई गई हैं।

**उद्घाटन की तैयारी**

● सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि भवन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके सिविल स्ट्रक्चर की सफाई शुरू हो गई है

**होगी कार्रवाई**

### कर्नाटक भाजपा इकाई के जवाबों से संतुष्ट नहीं केंद्रीय नेतृत्व, नतीजों के लिए जिम्मेदारी तय होगी

# कर्नाटक में हार की रिपोर्ट पीएम नरेंद्र मोदी को देंगे जेपी नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भाजपा** अध्यक्ष जेपी नड्डा कर्नाटक में करारी हार की रिपोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसी हफ्ते सौंपेंगे। पार्टी ने इस हार को सामूहिक विफलता की श्रेणी के बाहर रखा है। यानी इसके लिए सभी को दोषी नहीं ठहराया जाएगा, बल्कि हार की सभी वजहों और चूक के लिए जिम्मेदारी तय होगी। भाजपा सूत्रों ने पुष्टि की है कि चुनाव प्रबंधन में कई ऐसी कमियां बार-बार सामने आईं, जिसको लेकर पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने सचेत किया था। येदियुरप्पा को सीएम पद से हटाने से लेकर, सीएम बसवराज बोम्मई को फ्री हैंड नहीं दिए जाने, टिकट बंटबारे में दिक्कत और नेताओं की आपसी टकराव जैसे मुद्दों को ठीक करने की जिम्मेदारी जिस टीम पर थी, उसने इसमें चूक या पेश आ रही दिक्कत के बारे में शीर्ष नेतृत्व को नहीं बताया।

**केंद्रीय नेतृत्व के सवालों का जवाब नहीं दे पाई कर्नाटक भाजपा:** सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय नेतृत्व की तरफ ने पूछा गया कि जेडीएस के वोट में गिरावट का लाभ भाजपा को क्यों नहीं मिला। लिंगायत वोट कैसे



टूटा और तटीय कर्नाटक में भाजपा पुराना प्रदर्शन क्यों नहीं दोहरा सकी इस पर स्थानीय इकाई से सही उत्तर नहीं मिला है। चुनाव प्रबंधन से जुड़े लोगों ने हर सकारात्मक मुद्दा गंवा दिया और यह मान बैठे की पीएम नरेंद्र मोदी के दम पर सत्ता में वापसी कर लेंगे, जबकि राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पीएम ने दो टूक कहा था कि सिर्फ मोदी के भरोसे चुनाव जीतने की न सोचें।

**कर्नाटक में हार से टूटा भाजपा का दक्षिण जीतने का सपना:** कर्नाटक की हार के साथ ही भाजपा के मिशन दक्षिण की बुनियाद दरक गई है। देश की राजनीति में दक्षिण के 5 राज्यों (कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्र और तेलंगाना) की हिस्सेदारी करीब 22-24% है। दक्षिण भारत में विधानसभा की करीब 900 और लोकसभा की 130 सीटें हैं। भाजपा के पास अभी दक्षिण से 29 सांसद हैं और पार्टी ने इस बार 60 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। मगर इस रास्ते में भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती है- दक्षिण में कोई स्थानीय कद्दावर नेता न होना। येदियुरप्पा के रूप में एकमात्र मजबूत नेता कर्नाटक में हैं, पर वे भी सक्रिय सियासत से विदा हो चुके हैं।

**सजा का प्रावधान**

● चुनाव प्रबंधन में कई ऐसी कमियां बार-बार सामने आईं, जिसको लेकर पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने सचेत किया था

## तमिलनाडु सरकार बोली-थियेटर्स ने खुद हटा दी केरल स्टोरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**द केरल** स्टोरी फिल्म से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। तमिलनाडु सरकार ने कोर्ट में अपना जवाब दाखिल करते हुए कहा कि उन्होंने फिल्म पर बैन नहीं लगाया है। दर्शक खुद ही फिल्म देखने नहीं जा रहे जिसके चलते थियेटर मालिकों ने फिल्म की स्क्रीनिंग बंद कर दी। तमिलनाडु सरकार की तरफ से दायर एक हलफनामे में कहा गया कि सरकार थियेटर्स में सुरक्षा दे सकती है, दर्शकों को नहीं ला सकती। मल्टीप्लेक्स मालिक खुद फिल्म नहीं लगाना




चाहते। ये डिसीजन उनका है। उन्होंने फिल्म से जुड़ी आलोचनाओं, बड़े सितारों की कमी और खराब प्रदर्शन के चलते स्क्रीनिंग बंद की है। इसमें राज्य सरकार की कोई भूमिका नहीं। तमिलनाडु सरकार ने फिल्म मेकर्स के शैडो बैन करने के आरोपों का भी खंडन किया।

# शिव परिवार, लक्ष्मीनारायण, राम परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,** नव दुर्गा शक्ति पीठ मंदिर न्यू जीवन नगर में धूमधाम एवं विशेष पूजा अर्चना के साथ शिव परिवार, लक्ष्मीनारायण, राम परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मूर्तियों को मंदिर में विराजमान करने से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य किया। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर मंदिर के वार्षिकोत्सव की बधाई दी तथा मूर्तियों का अनावरण किया उन्होंने भगवान के चरणों में सर्व समाज की सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना करते हुए गढ़वाल समाज के उत्थान एवं कल्याण के लिए





प्रार्थना की। कुमाऊं सभा एवं मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने राजीव जैन का मंदिर के हाल निर्माण में दस लाख रुपए का आर्थिक सहयोग देने के लिए भव्य स्वागत एवं धन्यवाद किया। राजीव जैन ने कहा कि धर्मस्थल हमारी आस्था के केंद्र हैं और भगवान की पूजा अर्चना करने से हम मानव जीवन को सार्थक कर अपने जीवन का कल्याण करते हैं उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज का संगठन मजबूत होता है और भाईचारे, प्यार, प्रेम की भावना बढ़ती है। अचार्य भास्कर डंगवाल द्वारा मंत्रोच्चारण द्वारा मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। मंदिर में शिवलिंग प्रदान करने के लिए धमार्नंद उपाध्याय, लक्ष्मी नारायण की मूर्ति तारा सिंह बिष्ट तथा राम परिवार के लिए कैलाश बेलवाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान ओमप्रकाश, महासचिव मोहन बिष्ट, उदय उपरेती, नंदन गिरी, तारा सिंह बिष्ट, उर्वादृत, सत्यवती, मोहन सिंह बिष्ट, ललित बिष्ट, कमल कश्मीरा, कमला देवी, राधा देवी, गनेनि देवी, जानकी देवी समेत अनेकों महिलाओं सहित श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

## समाज कल्याण स्कूल बजाना कला का दसवीं का परिणाम शत- प्रतिशत रहा

**गन्नौर।** समाज कल्याण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बजाना कला का दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर स्कूल के प्रधानाचार्य मनजीत कादियान ने सभी शिक्षकों व छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

प्रधानाचार्य कादियान ने बताया कि स्कूल सभी 34 छात्र पास हुए और उनमें से 12 छात्रों ने मेरिट ली जबकि प्रथम श्रेणी में 20 छात्रों ने परीक्षा पास की। कादियान ने बताया कि छात्रा ने 500 में से 485 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान, 500 में से 480 अंक लेकर तमन्ना ने दूसरा व तीसरा स्थान शिखा ने 480 अंक लेकर, चौथा स्थान तृषा ने 479 अंक व पांचवा स्थान अंकित ने 470 अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य मनजीत कादियान ने बताया कि यह विद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात है कि स्कूल के छात्रों ने दसवीं की परीक्षा में इतना अच्छा प्रदर्शन किया है।

## अंबाला क्लब में कार्यकरणी सदस्यता का कार्यकाल 3 से 1 वर्ष किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला क्लब के संविधान में गत शाम हुई वार्षिक जनरल मीटिंग में बड़ा संशोधन किया गया है। कार्यकारिणी का कार्यकाल जहां 3 से 1 वर्ष किया गया है, वहीं अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए सदस्य को पहले चुनाव लड़कर कार्यकारिणी का मेंबर बनना जरूरी है। क्लब की मीटिंग क्लब के वाइस चेयरमैन एसडीएम दर्शन कुमार की अध्यक्षता में हुई, जिसमें 160 से ज्यादा सदस्य मौजूद रहे। पिछले कई सालों से क्लब की मेंबरशिप तेजी से बढ़ रही थी, लेकिन उस पर मीटिंग में रोक लग गई। अगर किसी ने क्लब का मेंबर बनना है तो प्रक्रिया के तहत गुजरना होगा।

उसे पहले सदस्य के लिए आवेदन करना होगा। आवेदन भी नंबर के अनुसार लिए जाएंगे। जो पहले आएगा उसका नंबर फर्स्ट होगा। अगर किसी सदस्य की मृत्यु हो जाती है या क्लब छोड़ देता है तो आवेदन के अनुसार नई सदस्यता दी जाएगी। वह भी तब जब एजीएम सदस्यता पर मुहर लगाएगी। संशोधन के लिए सुझाव कमेटी बनाई गई थी, जिसमें अरविंद

**▶▶ क्लब की मीटिंग क्लब के वाइस चेयरमैन एसडीएम दर्शन कुमार की अध्यक्षता में हुई**

सिकरी, संदीप सचदेवा, रोहित गुप्ता को शामिल किया गया। क्लब के संविधान में संशोधन करने के लिए सभी सदस्यों को 15 दिन का नोटिस दिया गया था। क्लब में गुटबाजी को खत्म करने के लिए अहम संशोधन किया गया है। अब कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद का चुनाव सीधे नहीं लड़ सकता। उसे पहले कार्यकारिणी का चुनाव लड़कर सदस्य बनना होगा। यह चुनाव भी 2 बार ही लड़ा जा सकता है। तीसरी बार कार्यकारिणी सदस्य के लिए चुनाव नहीं लड़ सकता। सदस्य को सचिव या संयुक्त सचिव पद का चुनाव लड़ना होगा। उस पद पर भी सिर्फ 2 बार ही बैठ सकता है। इसके बाद अध्यक्ष पद का चुनाव सदस्य लड़ सकता है।

असल में लगभग 3 साल से क्लब का चुनाव नहीं हुआ है, लेकिन अब संविधान संशोधन के बाद चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। क्लब के 792 सदस्य हैं।

## अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थी अलंकरण समारोह में कैप्टनों का किया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में मातृत्व दिवस के साथ विद्यार्थी अलंकरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। हेड ब्वॉय जतिन ,हेड गर्ल पलक, जूनियर हेड ब्वॉय स्त्रेतिक, जूनियर हेड गर्ल अवनी, की अगुवाई में चैलेंज सदन से हाउस कैप्टन मयंक ,वाइस हाउस कैप्टन दीपांशी ,सांस्कृतिक कैप्टन लक्षिता, वॉइस सांस्कृतिक कैप्टन अंश ,स्पोर्ट्स कैप्टन खुशाल ,वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन गौरव ,डिसिप्लिन कैप्टन देवृषि,वाइस डिसिप्लिन कैप्टन नव्या बनाए गए। इसी प्रकार एक



एस्पायर सदन- से हाउस कैप्टन लक्ष्य, वाइस कैप्टन वंशिका, सांस्कृतिक कैप्टन पायल, वाइस सांस्कृतिक कैप्टन हिमांशी, स्पोर्ट्स कैप्टन वंश ,वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन चांद, डिसिप्लिन कैप्टन मानसी, वाइस डिसिप्लिन कैप्टन सिमरन को बनाया गया।

## के.पी.के. महाविद्यालय का 12वीं का परिणाम रहा शानदार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा गोयल भागी ने बताया कि बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। वाणिज्य संकाय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कला संकाय में विद्यालय की छात्रा टीशा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया वहीं विद्यालय की छात्रा कुमारी अंजलि ने वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

छात्रा टीशा ने बताया कि उसकी सफलता के लिए उसके दादा व बहन का सबसे अधिक सहयोग रहा।उसने कहा कि मेरी सफलता में



विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा गोयल भागी जी व अध्यापक अध्यापिकाओं का भी सहयोग रहा है।अब मैं वढरउ की तैयारी कर रही हूं। 20 छात्राओं ने मैरिट प्राप्त की और 38 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। विषयानुसार विषयों में विद्यार्थियों ने शारीरिक शिक्षा में

**▶▶ कला संकाय में विद्यालय की छात्रा टीशा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया**

97, एकाउंटेंसी में 96 , राजनीति विज्ञान में 95,हिंदी में 94, अर्थशास्त्र में 94, बिजनेस स्टडीज में 91, पंजाबी में 90अंक प्राप्त किए। बारहवीं के शानदार नतीजों पर विद्यालय के चेयरमैन अनिल गुप्ता व मैनेजर डॉ० विकास कोहली व प्रधानाचार्या रेखा गोयल भागी ने विद्यार्थियों को, उनके अभिभावकों व शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

## आशादीप स्कूल पुगथला का बाहरवीं का परि□ाम रहा शत प्रतिशत







टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। आशादीप पब्लिक स्कूल पुगथला का भिवानी बोर्ड का बाहरवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा है। स्कूल के निदेशक तेजबीर कादियान, प्रधानाचार्य पवन गुलिया व मैनेजर संगीता कादियान ने बेहतर परिणाम आने पर शिक्षकों को बधाई

**▶▶ प्रधानाचार्य पवन गुलिया व मैनेजर संगीता कादियान ने बेहतर परिणाम आने पर शिक्षकों को बधाई दी**

दी। कादियान ने बताया कि बाहरवीं कक्षा के 19 छात्रों में से 14 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसके अलावा छात्रा कोमल ने 500 में से 472 अंक लेकर स्कूल में प्रथम, मानसी ने 470 अंक लेकर द्वितीय व छात्रा रिया ने 465 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षक सतीश रंगा ने बताया कि स्कूल का हर साल परीक्षा परिणाम बेहतर रहता है।

## स्वामी चेतना विद्यालय का बारहवीं कक्षा के मेधावी छात्रों को किया सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
स्वामी चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का बारहवीं कक्षा का बोर्ड का परिणाम सराहनीय रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों अभिभावकों व स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने बताया कि छात्रा अंजलि, वंश ,अमन ने 500 में से 470 अंक कॉमर्स संकाय में प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नॉन मेडिकल में मोहित ने 500 में से 468 अंक प्राप्त कर दूसरा, काजल ने 465 अंक, पूजा ने 458 नितिन ने 458 अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा चौथा स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा योगेंद्र ने 457 अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य राजकुमार ने बताया कि स्कूल के 40 छात्रों ने मैरिट में परीक्षा पास की। यह विद्यालय के लिए गौरव की बात हे। उन्होंने सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों को दिया।

## देश की शान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों का भी अपमान हो रहा है: छिब्बर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला शहर में अपनी अलग से पहचान रखने वाले व विभिन्न सामजिक कार्यों में मुख्य रूप से हिस्सा लेने वाले जय गुरूदेव डेयरी के संचालक व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुरदेव सिंह बब्बर ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में आम जनता के साथ साथ अब देश की शान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों का भी अपमान हो रहा है। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जनसंवाद कार्यक्रम को राजनैतिक ढकोसला बताते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों में सरकार से प्रश्न पूछने वाले नागरिकों और जन प्रतिनिधियों का अपमान किया जा रहा है। बब्बर

**▶▶ आम जनता के साथ साथ अब देश की शान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों का भी अपमान हो रहा है**

ने कहा कि मजबूरन एक महिला सरपंच को अपनी चुन्नी उतारकर मुख्यमंत्री के पैरों में रखना पड़ा और उसे धक्के मारकर स्टेज से उतारा गया जो कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है । उन्होनें कहा कि 9 वर्ष के कार्यकाल में मुख्यमंत्री को जनता की याद नही आई और हवाई मुख्यमंत्री बनकर जहाजों की सवारी करते रहे और अब चुनाव सामने देखकर जनसंवाद कार्यक्रमों की याद आई है । इन कार्यक्रमों में जनता की परेशानी सुनने और समझने की बजाय लोगो को जबरदस्ती सरकार झूठी उपलब्धिया सुनाना चाहते है । सरकार की गलत नीतियों, प्रसाशन की प्रताड़ाना तथा मॅहगाई से परेशान नागरिक जब मुख्यमंत्री के सामने आवाज उठाना चाहते है। तो उन्हें पुलिस के हाथों अपमानित किया जाता है और कार्यक्रम से बाहर उठाकर फेंकने के आदेश दिये जाते है। यहां तक कि जनता द्वारा चुनी गई महिला सरपंच को भी पुलिस से अपमानित करवाया जाता है । जब मुख्यमंत्री जनता की बात और परेशानी सुनना ही नही चाहते तो जनसंवाद कार्यक्रमों का ढकोसला करने की क्या आवश्यकता है।

## सनपेड़ा सरकारी स्कूल का 12वीं कक्षा का बोर्ड परिणाम रहा शत प्रतिशत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** सनपेड़ा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 12वीं के परीक्षा परिणाम में आर्टस संकाय में खुशी ने 500 में से 440 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया वही शिवानी दूसरे व सोनिया तीसरे स्थान पर रही। कॉमर्स संकाय में अमित व विज्ञान संकाय में सनपेडा सरकारी विद्यालय के गणित प्राध्यापक राजेश कुमार के पुत्र रुद्रा प्रथम स्थान पर रहे। स्कूल में तीनों संकाय में 51 बच्चों ने बोर्ड परीक्षा दी । जिसमें सभी बच्चे पास हुए वह 19 बच्चों ने मेरिट में स्थान हासिल किया तथा 27 बच्चों ने



प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। स्कूल प्राचार्य डॉ सुरेंद्र रोहिल्ला ने इस कामयाबी का श्रेय अपने सभी स्टाफ सदस्यों व देश के भविष्य व स्कूल के होनहार छात्रो की मेहनत को दिया।

इसके अलावा छात्रा खुशी ने इतिहास में 99 अंक अर्जित किए, सोनिया ने राजनीति विज्ञान में 99 अंक अर्जित किए।

## स्केटिंग में ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 8 पदक

### स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने पदक विजेताओं को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के खिलाड़ियों ने 5 वीं शार्ट ट्रैक रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण सहित 8 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सोनीपत में न्यू फ्लाइंग स्केटिंग एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित स्टेट लेवल स्केटिंग चैंपियनशिप में ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के प्रतिभागियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। स्कूल के स्केटर अंशिका, यश गोयल, विनीत व कुशल ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। मंगलवार को स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता



चोपड़ा ने विद्यालय में पदक विजेताओं को सम्मानित करते हुए उनकी हौसलाफजाई की। सुधीर जैन ने कहा कि रफ्तार व संतुलन के इस खेल के प्रति

**▶▶ सोनीपत में न्यू फ्लाइंग स्केटिंग एके-डमी के तत्वावधान में आयोजित स्टेट लेवल स्केटिंग चैंपियनशिप में ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के प्रतिभागियों ने दमदार प्रदर्शन किया**

खास तौर पर छोटे बच्चों का रुझान लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ -साथ उनके अभिभावकों की रुचि भी इसमें बढ़ी है। प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना आती है। इससे उनके व्यक्तित्व में भी निखार आता है। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया कि चैंपियनशिप में पांचवीं कक्षा की छात्रा अंशिका ने अंडर-12 आयु वर्ग में, पांचवीं कक्षा के छात्र विनीत ने लड़कों के अंडर-12, आठवीं कक्षा के छात्र यश गोयल ने अंडर-14 व चौथी कक्षा के छात्र कुशल ने अंडर-10 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया । सातवीं कक्षा की छात्रा अंशिका खरब ने अंडर-14 में रजत पदक हासिल किया । सातवीं कक्षा के छात्र अवि व छठी कक्षा के छात्र विदित ने अंडर-12 तथा पांचवीं कक्षा की छात्रा सुजैन ने अंडर-10 आयु वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता । इस मौके पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता, खेल इंचार्ज सुरेंद्र कौशिक व स्केटिंग कोच विनोद मौजूद थे।

## लिटल एंजल्स स्कूल की हॉकी खिलाड़ियों ने जीती सब-जूनियर हॉकी चैंपियनशिप

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत/रमेश कुमार**
**4 मई** से 14 मई तक राउरकेला में आयोजित सब जूनियर हॉकी चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए लिटल एंजल्स स्कूल की होनहार खिलाड़ियों ने अपने खेल का दमदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में झारखंड की टीम को 3-1 के गोल स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय व अपने राज्य का नाम रोशन किया। लिटल एंजल्स स्कूल की खुशी, वंशिका, इशिका, तमन्ना, निधि, प्रियंका, रिया, साक्षी ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन



किया। प्रतियोगिता में देश भर से कुल 18 टीमों ने हिस्सा लिया। लिटल एंजल्स स्कूल की हॉकी खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे है। विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा गोयल ने खिलाड़ियों की इस शानदार जीत पर उनकी प्रशंसा की। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ विशाल गर्ग ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता नही देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय तक ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,** अधिवक्ता परिषद, सोनीपत के जिलाध्यक्ष रजनीश मलिक ने मंगलवार को उपायुक्त ललित सिवाच को महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता नही देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय तक हमारा मंतव्य पहुंचाने के लिए ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ता परिषद, सोनीपत के जिलाध्यक्ष रजनीश मलिक ने कहा कि अप्राकृतिक यौनाचार को अपराध की श्रेणी से निकाल कर वैधता प्रदान करने पर विचार से ही पूरा भारतीय समाज चिंतित और उद्वेलित हो गया है। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति महोदया से आग्रह किया कि उनके मत से सर्वोच्च न्यायालय को अवगत



कराने की कृपा की जाए, इस अति संवेदनशील विषय पर पूरे देश मे चर्चा - परिचर्चा करायी जाए तथा सर्वोच्च न्यायालय मे याचिका दायर कर इस विषय पर हर राज्य सरकारों और सारे ज?प्रतिनिधियों से उनके आधिकारिक मत प्राप्त करने की अनुमति देने का आग्रह किया जाए। उन्होंने कहा कि इस विषय पर होती त्वरित सुनवाई से हमारी धार्मिक आस्था सिर्फ नहीं टूट रही है बल्कि हमारी मानवीय संस्कृति पर यह हमला भी साबित होने लगा है। उन्होंने अपने ज्ञापन में लिखा है कि मीडिया से प्राप्त जानकारी अनुसार भारत सरकार के प्रखर विरोध के बावजूद माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने समलैंगिक विवाह को वैधानिक दर्जा दिए जाने की लोकहित याचिका पर त्वरित सुनवाई कर निर्णय लेने का फैसला लिया है, जिससे लगता है कि कोर्ट की संबंधित बेंच की रुचि समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की बन गई है। जिससे आम जनमानस मे सर्वत्र चर्चा शुरू हो गई है कि अब भारतीय संस्कृति पर इस कुठाराघात से विवाह जैसी वैदिक परम्परा के नष्ट होने का मार्ग प्रशस्त होने जा रही है।

अधिवक्ता परिषद, सोनीपत के द्वारा दिए ज्ञापन में अपना स्पष्ट मत देते हुए लिखा है कि विवाह जैसी संस्थागत वैदिक और पवित्र परंपरा को नष्ट करने से पूरी भारतीय संस्कृति नष्ट हो जाएगी और अप्राकृतिक यौनाचार से निर्मित नई पीढ़ी और सारा देश ही सम्पत्ति के अधिकार, उत्तराधिकार और पारिवारिक संस्कृति के विघटन समेत हजारों तरह की गम्भीर चुनौतियों से घिर जाएगा।

# सीबीआई ने पत्रकार पर केस दर्ज किया

## विदेशी एजेंसियों को दे रहा था संवेदनशील जानकारी

**गिरफ्तारी**

● भारत की कूटनीतिक और रणनीतिक वार्ता से संबंधित जानकारी एकत्र करने का भी आरोप




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने स्वतंत्र पत्रकार विवेक रघुवंशी के खिलाफ जासूसी का मामला दर्ज किया है। उस पर डीआरडीओ और भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य की खरीद से संबंधित संवेदनशील जानकारी एकत्र करके विदेशी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा करने का आरोप है। सीबीआई ने मामला दर्ज करने के बाद दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और जयपुर में 12 स्थानों पर तलाशी ली है। सीबीआई के एक अधिकारी के मुताबिक वह डीआरडीओ और भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य की खरीद से संबंधित संवेदनशील जानकारी इकट्ठा कर रहा था। साथ ही उस पर मित्र राष्ट्रों के साथ भारत की कूटनीतिक और रणनीतिक वार्ता से संबंधित जानकारी एकत्र करने का भी आरोप है। आरोप है कि रघुवंशी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन रहे थे और उनके कार्यों के कारण मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय संबंध भी तनाव में थे। सीबीआई ने कहा कि रघुवंशी ने डीआरडीओ की 'संवेदनशील' और 'मिनट' डिटेल जुटाई और उसे पैसों के लिए बेच दिया।

रक्षा सूत्रों का कहना है कि रघुवंशी कथित रूप से पैसे के लिए रक्षा परियोजनाओं, खरीद और भविष्य की योजनाओं के रणनीतिक विवरण विदेशों को बेच रहे थे। सूत्रों ने कहा कि वह संवेदनशील प्रतिष्ठानों और परियोजनाओं की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे थे। वह कुछ समय से लगातार विदेशी एजेंसियों के संपर्क में होने से अधिकारियों के राडार पर था।

इसी मामले में सीबीआई दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और जयपुर में एक दर्जन स्थानों पर छापेमारी कर रही है, जहां से बड़ी मात्रा में डिजिटल रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

## गडकरी को फिर मिली जान से मारने की धमकी


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार उन्हें यह धमकी भरी कॉल उनके नई दिल्ली स्थित निवास पर आई है। मामला बीती शाम का है। फिलहाल दिल्ली पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बीती शाम को धमकी भरी कॉल उनके दिल्ली निवास पर आई।

## भाजपा ने आप पर उगाही करने का लगाया आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को सांसद प्रवेश वर्मा ने प्रेस वार्ता कर आम आदमी पार्टी और उसके निगम पार्षद पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पहले तो यह लोग दिल्ली की राजनीति में आए और फिर उन्होंने करोड़ों रुपये का अलग-अलग विभागों में घोटाला किया। अब नगर निगम में आने के बाद इनके पार्षद रेहड़ी पटरी वाले दुकानदारों से उगाही कर रहे हैं।

# नीतीश हत्याकांडः विकास की रिहाई याचिका पर अगस्त में होगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर** प्रदेश सरकार ने नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी विकास यादव की रिहाई की मांग का सुप्रीम कोर्ट में विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट विकास यादव की याचिका पर अगस्त में सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट पहले इस बात पर विचार करेगा कि विकास यादव की याचिका सुनवाई योग्य है कि नहीं। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश वकील ऐश्वर्या भाटी ने विरोध करते हुए कहा कि ये याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। विकास यादव की ओर से कहा गया कि वो 22 साल से जेल में है और उसे 25 साल की सजा हुई है। कोर्ट ने इस मामले में नीलम कटारा को भी मामले में पक्षकार बनने की इजाजत दी है।



**योग्य नहीं**

● उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश वकील ऐश्वर्या भाटी ने विरोध करते हुए कहा कि ये याचिका सुनवाई योग्य नहीं है

# डीईआरसी के अध्यक्ष की नियुक्त का मामला, सुप्रीम कोर्ट में 19 मई को सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) के अध्यक्ष की नियुक्ति के मामले पर सुनवाई टाल दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर 19 मई को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। उप-राज्यपाल कार्यालय की तरफ से पेश वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि याचिका का जवाब लगभग तैयार है, जल्द ही दाखिल कर देंगे। इसके लिए समय दिया जाए। इस पर दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंधवी ने कहा कि उप-राज्यपाल कार्यालय मामले में जानबूझ कर देरी कर रहा है। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 19 मई को मामले पर अगली सुनवाई का आदेश दिया। कोर्ट ने 21 अप्रैल को दिल्ली के उप-राज्यपाल कार्यालय को नोटिस जारी किया था। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार ने कहा था कि उसने चार महीना पहले दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जज राजीव कुमार श्रीवास्तव को इस पद पर नियुक्त करने का प्रस्ताव भेजा था, लेकिन उप-राज्यपाल ने अब तक नियुक्ति का आदेश जारी नहीं किया। याचिका में कहा गया है कि इससे प्रशासनिक कार्यों में समस्या आती है।



**जिरह**

● चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर 19 मई को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया

# 'सशक्ति आत्मरक्षा कैंप' में आत्मरक्षा के गुर सीखकर लड़कियां

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में लड़कियों से छेड़छाड़ व विरोध करने पर सिरफिरों द्वारा मारपीट या जानलेवा हमला करने की वारदातें होती रहती हैं। बहुत से मामलों में तो पीड़ित लड़कियां व महिलाएं लोकलाज के डर से पुलिस तक नहीं जातीं। ऐसी ही लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए दिल्ली पुलिस ने सशक्ति आत्मरक्षा कैंप का आयोजन किया है। यह कैंप 25 मई से लेकर छह जून तक आयोजित किया जाएगा। राजधानी में पांच जगहों पर यह कैंप आयोजित किया जाएगा जिसमें लड़कियों और महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे। 011-20865499 पर कॉल करके इच्छुक लड़कियां और महिलाएं 19 मई तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकती हैं इस शिविर में शारीरिक प्रशिक्षण देने के साथ ही लड़कियों को मानसिक रूप से भी इस बात के लिए तैयार किया जाएगा कि मुसीबत के समय वह मनचलों से कैसे निपटें। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस का मानना है कि मनचलों से निपटने के लिए लड़कियों को सिर्फ शरीर से नहीं बल्कि इरादों से भी फौलादी बनना होगा। मनचलों को उनकी हरकतों का जवाब मौके पर ही मिल जाए तो वे कभी दोबारा ऐसी हरकत नहीं करेंगे। इन्हीं सब को देखते हुए लड़कियों को मुख्य रूप से ताइक्वांडो सिखाया जाएगा। इससे मुसीबत के वक्त में लड़कियों को आत्मरक्षा के साथ ही हमलावर को करारा जवाब देने के लिए तैयार किया जाएगा। वहीं, लड़कियों को मानसिक व बौद्धिक स्तर पर मजबूत करने के लिए भी इन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि इस शिविर में पहली क्लास की बच्चियों से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन तक की युवतियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पांचवीं तक की छात्राओं को गुड टच- बैड टच, अच्छे व बुरे लोगों की पहचान करना सिखाया जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि वह किसी अजनबी के साथ अकेले न जाएं, उससे बात न करें। कोई पड़ोसी या रिश्तेदार उन्हें गलत तरीके से छूता, देखता या व्यवहार करता है तो माता-पिता या विश्वसनीय अभिभावकों को बताएं। स्कूल वैन में चालक-परिचालक और स्कूल के अन्य स्टाफ के व्यवहार के बारे में घरवालों को बताएं। मुसीबत में पुलिस व परिजनों से कैसे मदद मांगें।

छात्राओं को पीसीआर, फायर व चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर भी याद कराए जायेंगे। इसी क्रम में छठी से 12वीं तक की छात्राओं को आत्मरक्षा के साथ ही जवाबी हमला करने के लिए भी ट्रेनिंग दी जाएगी। इसमें सेल्फ डिफेंस के साथ ही साइबर क्राइम व कानूनी अधिकार भी बताए जाएंगे।




**शारीरिक प्रशिक्षण**

● बहुत से मामलों में तो पीड़ित लड़कियां व महिलाएं लोकलाज के डर से पुलिस तक नहीं जातीं है

# सुभाष नगर स्थित घर में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली में बढ़ती गर्मी के साथ आग लगने की घटनाओं का ग्राफ भी तेजी से बढ़ रहा है। सोमवार देर रात सुभाष नगर इलाके में एक मकान में अचानक आग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग मौके पर पहुंचा और आग बुझाना शुरू किया। साथ ही ऊपरी मंजिल पर फंसे करीब आठ लोगों को सीढ़ी के सहारे नीचे उतारा गया। घटना बीती देर रात करीब 11 बजे की है। आग मकान के निचले हिस्से में लगी थी, जहां बैंक का ऑफिस है। इससे ऊपर रहने वाले लोगों में अफरातफरी मच गई। इस दौरान मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने मकान की ऊपरी मंजिल पर मौजूद लोगों को बाहर निकाला, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे।

# आबकारी घोटाला मामले में कोर्ट ने चरणप्रीत को 18 मई तक सीबीआई हिरासत में भेजा

**पूछताछ होगी**

● चरणप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। चरणप्रीत सिंह की पांच दिनों की हिरासत की मांग की थी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार चरणप्रीत सिंह को 18 मई तक सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। सीबीआई ने चरणप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। सीबीआई ने पेशी के बाद चरणप्रीत सिंह की पांच दिनों की हिरासत की मांग की थी। उसके बाद कोर्ट ने चरणप्रीत सिंह को 18 मई तक की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। कोर्ट ने 15 मई को इस मामले में एक न्यूज चैनल के कमर्शियल हेड अरविंद कुमार सिंह को 18 मई तक की सीबीआई हिरासत में भेजा था। सीबीआई ने 25 अप्रैल को इस मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी।

सीबीआई ने इस मामले में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी आरोपित बनाया है। पूरक चार्जशीट में मनीष सिसोदिया के अलावा बुची बाबू, अर्जुन पांडेय और अमनदीप ढल को आरोपित बनाया गया है। बुची बाबू तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसी राव की बेटी के. कविता के सीए रह चुके हैं।




# मेट्रो में स्टंट और अश्लील हरकतें करने वालों की खैर नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** मेट्रो के अंदर स्टंट और अश्लील हरकतें करने वालों पर नकेल कसने के लिए दिल्ली पुलिस अब अपने 100 से अधिक कर्मियों को सादे कपड़ों में पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर डिब्बों के अंदर तैनात करेगी। अधिकारियों ने कहा कि डीएमआरसी और सीआईएसएफ के अधिकारियों के साथ ये पुलिस कर्मी अपराधियों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई करेंगे। दरअसल, कुछ लोग मेट्रो में स्टंटबाजी, डांस और बेहद शर्मनाक अश्लील हरकतें करने लगते हैं। ऐसे अनेक वीडियो भी वायरल हो चुके हैं। कई लोग यूट्यूब के लिए या शॉर्ट फिल्म आदि के उद्देश्य से मेट्रो में वीडियो बनाने लगते हैं। कई बार सरेआम अश्लील हरकतें करते हैं, जिससे यात्रियों को बहुत बुरा लगता है।

# सुकेश चंद्रशेखर की अपने वकील से जेल में एक घंटे की मुलाकात की मांग खारिज

**याचिक खारिज**

● जस्टिस अजय रस्तोगी की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि वह असाधारण आदेश नहीं दे सकती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** ने सुकेश चंद्रशेखर की जेल में अपने वकील से एक घंटे की मुलाकात की अनुमति देने की मांग खारिज कर दी है। जस्टिस अजय रस्तोगी की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि वह असाधारण आदेश नहीं दे सकती। दरअसल, सुकेश ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर अपने वकील से मुलाकात के लिए एक घंटे का समय दिए जाने की मांग करते हुए कहा था कि उसके खिलाफ देश भर में 28 मामले लंबित हैं। इसलिए हफ्ते में दो बार आधे घंटे की मीटिंग काफी नहीं है। इसके लिए उसे वकील से मिलने के लिए आधे घंटे के बजाय एक घंटा का समय दिया जाए। सुकेश के खिलाफ रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिवेंद्र सिंह की पत्नी अदिति सिंह से कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये की ठगी का मामला चल रहा है। सुकेश के खिलाफ एआईएडीएमके सिंबल मामले में निर्वाचन आयोग को रिश्वत देने की कोशिश का मामला भी चल रहा है। इसके अलावा सुकेश के खिलाफ रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड के पूर्व प्रमोटर मलविंदर सिंह की पत्नी जपना सिंह से 3.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला चल रहा है।



# एल्डरमैन के मनोनयन के खिलाफ याचिका पर आज होगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** दिल्ली नगर निगम में उप राज्यपाल की ओर से एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) के मनोनयन के खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका पर कल यानी 17 मई को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कल विस्तार से मामला सुना जाएगा। सुनवाई के दौरान उप राज्यपाल ने कहा कि दिल्ली के प्रशासनिक काम में उन्हें दिल्ली सरकार की सलाह-सहायता से काम करना होता है, लेकिन नगर निगम में पार्षदों का मनोनयन इस दायरे में नहीं आता है। दस अप्रैल को कोर्ट ने इस मामले में जवाब देने के लिए उप राज्यपाल कार्यालय को एक हफ्ते का समय दिया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा था कि उप राज्यपाल बिना मंत्रिमंडल की सलाह के कोई फैसला कैसे कर सकते हैं। तब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली सरकार अधिनियम में 2019 में बदलाव के आधार पर एल्डरमैन की नियुक्ति की गई है। अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि पार्षद मनोनीत करना दिल्ली सरकार का अधिकार है, बावजूद लोकतंत्र का अपमान किया जा रहा है। पार्टी बहुमत से जीतकर आती है और उसे पलटने की कोशिश हो रही है।

# पीसीआर टीम पर हमला, तीन पुलिसकर्मी घायल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर** पूर्वी जिले के शास्त्री पार्क इलाके में बीती देर रात झगड़े की कॉल पर पहुंचे पीसीआर स्टाफ पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया और पीसीआर वैन में तोड़फोड़ की। हमले में तीन सब-इंस्पेक्टर घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हमले में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी जॉय टिर्की ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात तकरीबन 10 बजे शास्त्री पार्क थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ झुग्गीवासियों ने पीसीआर स्टाफ पर हमला किया है। पुलिस अधिकारी ने आगे बताया कि सूचना मिलते ही शास्त्री पार्क थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि पीसीआर वैन शास्त्री पार्क पेट्रोल पंप कब्रिस्तान के पास एक झगड़े की कॉल पर पहुंची थी। इस बीच कुछ शरारती तत्वों को लेकर पीसीआर वैन थाने के लिए निकल रही थी, तभी स्थानीय निवासियों ने वैन पर हमला कर दिया और पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना में दिल्ली पुलिस के एसआई पप्पू लाल मीणा, एसआई राजकुमार, एसआई रॉबिन घायल हो गए, जिन्हें तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद उन तीनों को छुट्टी दे दी गई। डीसीपी ने बताया कि इस संबंध में शास्त्री पार्क थाने में आईपीसी की धारा 186/353/ 332/ 308/ 34 के तहत केस दर्ज कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।



**तोड़फोड़ की**

● शास्त्री पार्क थाने में आईपीसी की धारा 186/353/ 332/ 308/ 34 के तहत केस दर्ज कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया

# दिल्ली के एक और स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

## ई-मेल में लिखा- विद्यालय में धमाका...




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश की** राजधानी दिल्ली के एक और स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस और अन्य टीम मौके पर पहुंच गई हैं और जांच की जा रही है। इससे पहले भी कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के साकेत के पुष्प विहार स्थित अमृता पब्लिक स्कूल में मंगलवार सुबह 6:45 बजे बम रखे होने की सूचना मिली। बम की सूचना ईमेल के जरिए दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य टीम मौके पर पहुंच गई। दक्षिण जिला डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि मेल आने के बाद स्कूल में चेकिंग अभियान शुरू किया गया। सभी जगह चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। उनका कहना है कि यह पता किया जा रहा है कि यह मेल कहां से और किसने भेजी है। गौरतलब है कि इससे पहले डिफेंस कॉलोनी स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल और डीपीएस मथुरा रोड में बम रखे होने की दो दो बार सूचना मिल चुकी हैं। 26 अप्रैल को मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। स्कूल प्रशासन की ओर से 8:10 पर पीसीआर कॉल के जरिए स्कूल में बम होने की जानकारी दी गई। जिसके बाद पुलिस टीम को मौके पर पहुंची। दिल्ली के साउथ ईस्ट डीसीपी राजेश देव ने कहा कि सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की बम डिस्पोजल टीम और लोकल पुलिस को तैनात किया गया। जांच में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली थी। इससे पहले, 12 अप्रैल को साउथ दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी थाना इलाके के सादिक नगर में स्थित एक स्कूल को बम से उड़ाने की मिली थी। धमकी के बाद अफरा-तफरी मच गई थी।

**संदिग्ध वस्तु नहीं मिली**

● दिल्ली के साकेत के पुष्प विहार स्थित अमृता पब्लिक स्कूल में मंगलवार सुबह 6:45 बजे बम रखे होने की सूचना मिली

# भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का ओएसडी बताकर एक करोड़ की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मध्य** जिला साइबर सेल ने खुद को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का ओएसडी बताकर ठगी करने वाले दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने भारतीय जनता पार्टी के कई नेताओं, अधिकारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं से करीब एक करोड़ की ठगी की है। इनके कब्जे से पुलिस ने एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, चार सिम, चार बैंक खाते और राष्ट्रीय अध्यक्ष के ओएसडी के नाम के 55 फर्जी विजिटिंग कार्ड भी बरामद किए गए हैं।

**निरीक्षक केपी सिंह के नेतृत्व में टीम को मिली कामयाबीः** गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गांव घरोली, मयूर विहार फेस तीन निवासी प्रवीण कुमार (19) और गोमती नगर लखनऊ उ.प्र निवासी पीयूष कुमार श्रीवास्तव (34) के रूप में हुई है। प्रवीण 12वीं तक पढ़ा लिखा है। पीयूष एमबीए कर चुका है और फर्जी विजिटिंग कार्ड का इस्तेमाल कर खुद को राष्ट्रीय अध्यक्ष का ओएसडी बताता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 9 मई को भाजपा मुख्यालय के पदाधिकारी की ओर से साइबर सेल में ठगी की शिकायत की गई। जिसमें आरोप लगाया गया कि कुछ लोग खुद को भाजपा पदाधिकारी बताकर विभिन्न राज्यों में पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं, सरकारी अधिकारियों आदि से ठगी और धोखाधड़ी कर रहे हैं। आरोपी खुद को केंद्रीय कार्यालय से जुड़ा भाजपा पदाधिकारी बता रहे हैं। साथ ही आरोप लगाया गया कि जालसाज अपने मकसद में कुछ हद तक सफल भी रहे हैं। शिकायत में आरोपियों के बारे में कुछ साक्ष्य भी पुलिस को सौंपे गए। शिकायत पर प्रारंभिक जांच पड़ताल करने के बाद साइबर सेल ने मामला दर्ज कर लिया। निरीक्षक केपी सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित कर पुलिस ने जांच शुरू की।

**पुलिस ने ठेकेदार बनकर आरोपी को जाल में फंसायाः** पुलिस ने पीड़ितों से मिले आरोपियों के फोन नंबर के जरिए उनकी पहचान करने में जुट गई। पुलिस ने मोबाइल सेवा प्रदाताओं से सीडीआर और नंबर के उपभोक्ता की जानकारी हासिल की। जिसके जरिए पता चला कि एक आरोपी प्रवीण कुमार घरौली इलाके में रहता है लेकिन उसका वास्तविक पता की जानकारी पुलिस को नहीं मिली। उसके बाद पुलिस ने आरोपी से मिलने के लिए एक योजना तैयार की। एक पुलिसकर्मी को ठेकेदार बनाकर उससे संपर्क करवाया गया। आरोपी से ठेका दिलवाने में मदद करने के लिए कहा गया। आरोपी मयूर विहार इलाके में ठेकेदार बनकर फोन करने वाले से मिलने के लिए राजी हो गया।

बताए समय पर पुलिस सादे कपडों में उस जगह पर घेराबंदी कर दी। आरोपी प्रवीण के वहां पहुंचते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।



**शिकंजा**

● एक पुलिसकर्मी को ठेकेदार बनाकर उससे संपर्क करवाया गया। आरोपी से ठेका दिलवाने में मदद करने के लिए कहा गया

## न्यूज फ्लैश

### अग्रबंधु के ब्रज प्रदेश संगठन मंत्री बने भूपेश

**मथुरा।** श्री अग्रबंधु सेवा मंडल का विस्तार करते हुए संस्थापक चिराग अग्रवाल के द्वारा भूपेश अग्रवाल को ब्रज प्रदेश संगठन मंत्री के पद पर नियुक्त किया है नवनियुक्त संघटन मंत्री ने बताया उन्हे जो अवसर श्री अगरबंधु सेवा मंडल द्वारा जिम्मेदारी सौंपी है। वे उसे पूरी ईमानदारी ओर कर्तव्यनिष्ठा के साथ उसका निर्वहन करेंगे साथ ही उन्होंने कहा ये उनके लिए सौभाग्य की बात है जो अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा श्री अग्रसेन जी के पदचिन्हों पर चलने का अवसर मिला है और मैं पूर्ण विश्वास दिलाता हु संघटन एवं समाज के कार्यों के लिए मैं हमेशा तत्पर रहकर कार्य करूंगा। इस दौरान कुशल, शुभम, राजकुमार अग्रवाल अखिल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, उत्तम अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, अंकुर चौधरी, कमल अग्रवाल आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

### धूलगढ़ गुलडेहरा स्कूल की छात्रा अंजलि ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके किया विद्यालय का नाम रोशन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक हरियाणा विद्यालय** शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम 15 मई 2023 को घोषित किया गया जिसमें पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल संस्कृति विद्यालय धूलगढ़ गुलडेहरा का परीक्षा परिणाम 88.66% रहा जिसमें कक्षा बारहवीं के 97 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 18 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की और 40 बच्चों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण कीअंजलि सुपुत्री श्री देवी सिंह 12वीं कक्षा कला संकाय में 461/500 =92.2% अंक प्राप्त किए । विद्यालय प्रधानाचार्य श्री ओम प्रकाश जी ने इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए अध्यापकों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और विद्यालय के बच्चों के शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बच्चों के अभिभावकों,ग्रामपंचायत धूलगढ़ एवं गुलडेरा को बधाई दीइस अवसर पर मुख्य शिक्षक पवन मित्तल, वरिष्ठ प्राध्यापक मनोज कुमार, रोहित शर्मा, कुलदीप कैंदल, प्रगट सिंह, डॉ कपिल, महेश कुमार, विवेक, सन कुमार, संदीप, पूजा शर्मा, सोनिया, रमेश शास्त्री व विद्यालय के समस्त छात्र उपस्थित रह

### कार-एंड-बाइक ने अपने दो नए सेलेक्ट स्टोर्स को लॉन्च किया

**गुरुग्राम।** महिंद्रा फर्स्ट चॉइस के सहयोग से संचालित ऑटो कंटेंट एवं कॉमर्स पोर्टल, कार एंड बाइक डॉट कॉम ने हाल ही में गुरुग्राम में दो नए सेलेक्ट स्टोर के शुभारंभ की घोषणा की। गुड़गांव के सेक्टर 47 और सेक्टर 66 में स्थित इन स्टोर्स में ग्राहकों के लिए महिंद्रा फर्स्ट चॉइस द्वारा सर्टिफाइड 30 से 40 पुरानी कारों की पेशकश की जाएगी, जिनमें से वे अपनी पसंद की कार सुन सकते हैं। ग्राहक बाय बैक की गारंटी का लाभ उठा सकते हैं, पुरानी कारों के लिए भारत की सबसे व्यापक दो साल की वारंटी प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही होम टेस्ट ड्राइव के लिए कार को ऑनलाइन रिजर्व भी कर सकते हैं। इस नए स्टोर्स के शुभारंभ के साथ, अब पूरे भारत में महिंद्रा फर्स्ट चॉइस के कार-एंड-बाइक के रीब्रांडेड स्टोर की संख्या 10 से अधिक हो गई है, जो मुंबई, पुणे, कोच्चि, कालीकट और इंदौर जैसे शहरों में स्थित हैं। इस तरह महिंद्रा फर्स्ट चॉइस और कार-एंड-बाइक के भारत में टचप्वाइंट और आउटलेट के साथ पुरानी कारों के स्टोर्स की कुल संख्या 400 को पार कर गई है। इस अवसर पर श्री आशुतोष पांडे, सीईओ एवं एमडी, महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड, ने कहा, हाल ही में लॉन्च किए गए दोनों नए स्टोर्स ग्राहकों को पुरानी कारें खरीदने का सबसे शानदार अनुभव प्रदान करने का वादा करते हैं। अव्वल दर्जे की सेवाओं और सर्टिफाइड वाहनों के जरिए हम उन सभी लोगों के सपनों को साकार कर रहे हैं, जो अपनी कार का मालिक बनना चाहते हैं। निजी वाहनों की मांग में बढ़ोतरी को देखते हुए, खरीदारी के सहज अनुभव और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों की जरूरत बढ़ रही है। हमारे स्टोर आने वाले हर ग्राहक को खरीदारी के हर कदम पर आवश्यक सहायता प्रदान करने का वादा करते हैं।
कार-एंड-बाइक के नए स्टोर्स में पेश की जाने वाली बिल्कुल नई सुविधाओं में ग्राहकों के लिए मुफ्त होम-टेस्ट ड्राइव, खरीदारी के 7 दिनों के भीतर आसान वापसी का विकल्प, स्वामित्व की अवधि के दौरान कभी भी कार को वापस हमें बेचने की गारंटी तथा निःशुल्क आरसी ट्रांसफर शामिल हैं। गुरुग्राम के निवासी अगर अपना सर्टिफाइड प्री-ओन्ड वाहन खरीदना चाहते हैं तो उन्हें इस नए स्टोर में जरूर आना चाहिए।

# भाजपा को बीपीएल परिवारों की अनदेखी करने का खामियाजा भुगतना पड़ेगा: संदीप

## गांव बीड़ बड़तौली के बीपीएल परिवार सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से रह



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)**
**गांव** बीड़ बड़तौली के बीपीएल परिवार के लोग सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से वंचित रह रहे हैं और कच्चे मकानों की छतें भी पक्की नहीं हो रही है। जिसके कारण ग्रामीणों व परिवारों में सरकार के प्रति रोष पनप रहा है। मंगलवार को स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग गांव बीड़ बड़तौली के बीपीएल परिवारों के लोगों से मिले। बीपीएल परिवार सदस्य सर्वजीत, संजीव, संदीप, पूनम, गुड्डी, साहब सिंह, बृजपाल आदि ने कहा कि सरकार द्वारा जो बीपीएल कार्ड परियोजनाएं व स्कीमें दी जा रही है उनसे इस गांव के लोग वंचित हैं। ग्रामीणों के राशन कार्ड तक काट दिये गए हैं, पहले कुछ राशन आदि घर में आ जाता था। परंतु राशन कार्ड आदि कटने के बाद अब राशन भी नहीं आता और फैमिली आइडी में इनकम ज्यादा होने के कारण परिवारों के आयुष्मान कार्ड भी नहीं बन रहे हैं। जिसको बनवाने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मौके पर पहुंचे समाजसेवी संदीप गर्ग ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी ओर से जितने भी हो सकेगा उनका सहयोग करेंगे और अधिकारियों से बात करके उन लोगों के कार्य करवाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनावों में मौजूदा भाजपा सरकार को बीपीएल परिवारों की अनदेखी करने का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। क्योंकि सरकार इस समय सत्ता के नशे में चूर है और उन्हें लग रहा है कि हमें कोई भी नहीं हरा सकता। परंतु वोट की चोट में इतना दम होता है कि तख्ता पलट दिये जाते हैं।

## जयगुरुदेव आश्रम में 17 से 21 मई तक चलेगा भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। आगरा दिल्ली बाई** पास स्थित जयगुरुदेव आश्रम में 17 से 21 मई तक आयोजित होने वाले बाबा जयगुरुदेव महाराज के 11वें पावन वार्षिक भंडारा सत्संग मेला में भाग लेने के लिये श्रद्धालुओं का आगमन प्रारम्भ हो गया है। राष्ट्रीय उपदेशक बाबूराम ने प्रातः साधना के समय दर्शन मंच से श्रद्धालुओं को सम्बोधित किया। देह धरे का यह फल भाई, भजिये राम सब काज बिहाई पंक्ति को उद्धृत करते हुए बताया कि यह दुर्लभ मानव तन दुनिया के सभी कार्यों से अधिक महत्वपूर्ण कार्य भजन के लिये मिला हुआ है। जीवन यापन के लिये संसार के दूसरे कामों को मेहनत और ईमानदारी से करना चाहिये। जिससे इस काल देश के मालिक खुश रहें और उनकी बरकत, आशीर्वाद आपको मिलता रहे। महापुरुषों ने पिछले युगों की कठिन साधना को कलयुग में निषेध कर दिया और प्रभु प्राप्ति के लिये सुरत शब्द भेद को बताया। तेरा साईं तुझमें जाग सके तो जाग। इसी तरह हमारे दादा गुरु पूज्यपाद स्वामी घूरेलाल जी महाराज ने लिखा मेरे रंग महल चली आओ, दिखाऊं सरोवर पैठ नहाओ, हंसन मेल मिलानी जी। सभी संतों फकीरों ने यही बताया कि ईश्वर मनुष्य शरीर में ही मिलता है। उपदेशक ने आगे बताया कि मनुष्य शरीर में दोनों आंखों के ऊपर रूहानी मंडलों की तरफ चलने के लिये संत सतगुरु का सानिध्य प्राप्त करना होता है।

## राया के नवनिर्वाचित पंचायत अध्यक्ष को दी जीत की बधाई



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। राया नगर पंचायत** चुनाव सम्पन्न होने एवं विजयी प्रत्याशी राजकुमार अग्रवाल की प्रचंड मतों से हुई। जीत पर उनके निवास पर पहुंचे किन्नरों ने तीन बार शिकस्त का सामना करने के बाद राया नगर की जनता ने भारी मतों से विजयी बनाकर राजकुमार अग्रवाल को नगर पंचायत राया का अध्यक्ष चुनने पर उनके निवास पर बधाई देने पहुंचे किन्नरो ने उनकी खुशी को ओर दोगुना कर दिया। साथ ही बधाई गायन कर राजकुमार अग्रवाल एवं उनकी पत्नी रेखा अग्रवाल को उनकी इस ऐतिहासिक जीत पर पुष्पहार पहनाकर जीत की बधाई दी। नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर अखिल अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, आयुष अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## डेंगू व चिकनगुनिया की जांच के लिए तय हुए रेट: डीसी

**पानीपत: इस** बार डेंगू व चिकनगुनिया की जांच के नाम पर निजी अस्पतालों की मनमानी नहीं चल पाएगी। क्योंकि स्वास्थ्य विभाग के सचिव ने प्रदेश भर के लिए उपरोक्त बीमारियों की जांच की फीस तय कर दी है। डेंगू, चिकनगुनिया सीरॉलॉजी जांच 600 रुपए और आरटी-पीसीआर चिकनगुनिया जांच के लिए 1000 हजार रुपए फीस निर्धारित की गई है। डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे इस संबंध में जिला के सभी अस्पतालों व लैब संचालकों को पत्र जारी कर सरकारी आदेश की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित फीस से ज्यादा वसूलने वाले अस्पताल या लैब संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मैं के बोल्यू श्याम धणी तैन्ने सब बात्तां का बेरा सै....

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**समस्त** श्यामप्रेमी परिवार पिपली द्वारा मंगलवार को श्री राम मंदिर पिपली में खाटू श्याम मूर्ति स्थापना अनुष्ठान विधिवत सम्पन्न हुआ। शुक्रवार से शुरू हुए इस 5 दिवसीय अनुष्ठान में दूर दराज बड़ी संख्या में आए श्यामप्रेमियों ने पूजन,हवन,सत्संग और भंडारे में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान सुमित गोयल और सतपाल बंसल ने बताया कि प्रत्येक एकादशी को मंदिर में श्याम प्रभु का कीर्तन होगा। मंदिर में खाटू श्याम मूर्ती विराजित करने के उपरांत पुजारी राजीव कौशिक द्वारा सभी भक्तों को मोर छड़ी का झाड़ा लगाकर आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम में श्याम प्रभु के अनन्य भक्त पण्डित



लक्ष्मीनारायण शर्मा,समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र से अजय गोयल,अरुण गोयल,सुरेन्द्र काठपाल,अनिल मित्तल,गौरव गुप्ता,मनोज गुप्ता व प्रेम प्रकाश शाक्य,श्री श्याम बाला जी सेवक संघ से दिनेश गोयल,दीपक चंद,संजय गर्ग व अजय शर्मा को श्री राम मंदिर सेवा समिति के प्रतिनिधियों ने सम्मानित किया। इस दौरान भजन गायकों सहित महिला श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन किया जिसमें सुनाए गए भजनों घनश्याम तेरी मुरली पागल कर जाती है...,मैं के बोल्यू श्याम धणी तैन्ने सब बात्तां का बेरा सै....,चलो रे भगतों खाटू धाम.... और साँवरे की महफिल को सांवरा सजाता है।

# उपभोक्ता की शिकायत पर ड्रग्स विभाग ने लिया त्वरित संज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। उपभोक्ता की** शिकायत पर ड्रग्स विभाग ने मेडिकल स्टोर पर त्वरित कार्यवाही करते हुए दवाओं के सैंपल लिए। उपभोक्ता ने सोमवार को ड्रग्स इंस्पेक्टर के मोबाइल पर शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए टीम ने मंगलवार को कार्यवाही की। ड्रिग्स इंस्पेक्टर ने आनंद कुमार ने बताया कि कल मेरे मोबाईल पर फोन आया था। शिकायतकर्ता ने शांति मेडिकल स्टोर पर एक्सपायरी डेट की दवाएं बेचे जानी की बात कही थी। इस पर संज्ञान लिया गया है, मेडिकल स्टोर पर जब टीम पहुंची तो फार्मासिस्ट मौजूद नहीं मिला।
मेडिकल स्टोर पर मौजूद लोगों ने



बताया कि फार्मासिस्ट लंच करने गया है। जब टीम पहुंची करीब साढे तीन बजे का समय था, यह समय लंच का नहीं है। फार्मासिस्ट की अनुपस्थित में भी दवाएं बेची जा रही थीं। इस पर भी संज्ञान लिया गया है। जिस दवा की शिकायत की गई है उस पर एक्सपायरी डेट मई 2023 अंकित है तो नियमानुसार इसे पूरे मई

> **मानकों में दवा एक्सपायर है तो आगे की कार्यवाही की जाएगी। सोमवार को उपभोक्ता निवासी जनरल गंज ने शांति मेडिकोज से चिकित्सक के पर्चे पर दवा ली थी**

महीने तक उपयोग कर सकते हैं। जून में उपयोग नहीं कर सकते। उपभोक्ता की शिकायत पर संज्ञान लिया गया है।
मानकों में दवा एक्सपायर है तो आगे की कार्यवाही की जाएगी। सोमवार को उपभोक्ता निवासी जनरल गंज ने शांति मेडिकोज से चिकित्सक के पर्चे पर दवा ली थी। मेडिकल स्टोर से उपभोक्ता को जो दवा दी गई उसमें एक टेबलेट का पत्ता एक्सपायरी डेट का था। उपभोक्ता दवा लेकर घर आ गए। घर आकर जब उन्होंने देखा तो टेबलेट के पत्ते पर अंकित दिनाक के अनुशार दवा एक्सपायर हो चुकी थी। पत्ते पर मई तिथि अंकित थी। जब उपभोक्ता दवा के पत्ते को लेकर वापस मेडिकल स्टोर पर पहुंचे और इसकी शिकायत करने लगे तो मेडिकल स्टोर संचालक ने कहाकि अंकित तिथि निकल जाने के बाद भी यह दवा एक महीने तक उपयोग की जा सकती है। इस पर उपभोगता ने इसकी शिकायत ड्रग्स इस्पेक्टर से कर दी।

## वी और एरिक्सन ने दुनिया का एक सबसे बड़ा चार्जिंग कन्सॉलिडेशन प्रोग्राम भारत में पूरा किया

> **उद्योग की सबसे बड़े सफल प्रोजेक्ट्स में से एक है। इसके साथ, अब वी के पास अब एक सरलीकृत प्रीपेड चार्जिंग स्टैक उपलब्ध है**

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
वोडाफोन आयडिया लिमिटेड के लिए चार्जिंग कन्सॉलिडेशन प्रोग्राम के सफल समापन की घोषणा एरिक्सन ने आज की। इसमें पूरे भारत में एकल ओसीएस समाधान के रूप में एरिक्सन चार्जिंग के साथ तीन मौजूदा ऑनलाइन चार्जिंग सॉल्यूशंस को रिप्लेस किया गया। यह प्रोग्राम विश्व स्तर पर इस प्रकार के उद्योग की सबसे बड़े सफल प्रोजेक्ट्स में से एक है। इसके साथ, अब वी के पास अब एक सरलीकृत प्रीपेड चार्जिंग स्टैक उपलब्ध है, जो चार्जिंग और डेटा पॉलिसी और चार्जिंग रूल्स फंक्शन, ग्राहक अनुभव, लाइफ साइकिल प्रबंधन, उत्पाद मॉडलिंग और कॉन्फि गरेशन, सुविधाओं और कार्यों में आर्किटेक्चर की एकरूपता लाता है। इस समाधान में एरिक्सन चार्जिंग और एरिक्सन पॉलिसी पोर्टफोलियो (इस मामले में एरिक्सन सर्विस अवेयर पॉलिसी कंट्रोलर) के पूर्व-एकीकरण का लाभ उठाया गया है। महामारी के दौरान लागू किया गया, यह प्रोजेक्ट वैश्विक स्तर पर अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट है जिसकी वजह से एरिक्सन चार्जिंग सिस्टम पर 300 मिलियन से अधिक वीआई ग्राहकों का माइग्रेशन और कन्सॉलिडेशन हो पाया है। इस कन्सॉलिडेशन प्रोजेक्ट में माइग्रेट किए गए ग्राहकों की भारी संख्या की वजह से यह दुनिया का एक सबसे बड़ा रेफरेंस केस बना है। इस समाधान को कार्यान्वित करके वी ने अन्य सभी ओसीएस को एरिक्सन चार्जिंग में समेकित कर दिया है।

## आप को नहीं मिल रही किसान सम्मान निधि तो जानें वजह!

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। आप** को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि नहीं मिल रही है या मिलते मिलते अचानक बंद हो गई है तो घबराएं नहीं। इसकी वजह समझिये, समाधान कराएं और सम्मान निधि के हकदार बनिये। उप कृषि निदेशक रामकुमार माथुर ने जनपद के कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सम्बन्ध में अवगत कराया है कि जनपद में कतिपय कृषक रह गये हैं, जो इस योजना के लाभ हेतु पात्र हैं, परन्तु अभी तक लाभ प्राप्त करने से वंचित हो गये हैं। लाभ से वंचित होने के निम्नलिखित कारण हो सकते है। जैसे कृषक द्वारा पात्र होते हुए भी पी.एम. किसान पोर्टल पर अभी तक ओपेन सोर्स से आवेदन नहीं किया गया हो। कृषक द्वारा ओपेन सोर्स से आवेदन कर दिया गया हो, परन्तु उसे स्वीकृत न किया गया हो एवं आवेदन विभिन्न कारणों से लंबित चल रहा हो।

## सीएम जनसवांद कार्यक्रमों में कर रहे है जनअपमान: मलौर

### महिला को धक्के मारकर स्टेज से उतारना कैसा जनसंवाद

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) पूर्व** विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जसबीर मलौर ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जनसंवाद कार्यक्रम को राजनैतिक ढकोसला बताते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों में सरकार से प्रश्न पूछने वाले नागरिकों और जन प्रतिनिधियों का अपमान किया जा रहा है।मलौर ने कहा कि मजबूरन एक महिला सरपंच को अपनी चुन्नी उतारकर मुख्यमंत्री के पैरों में रखना पड़ा और उसे धक्के मारकर स्टेज से उतारा गया जो कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है । प्रेस के नाम जारी एक विज्ञप्ति में श्री मलौर ने कहा कि 9 वर्ष के कार्यकाल में मुख्यमंत्री को जनता की याद नही आई और हवाई मुख्यमंत्री बनकर जहाजों की सवारी करते रहे और अब चुनाव सामने देखकर जनसंवाद कार्यक्रमों की याद आई है । इन कार्यक्रमों में जनता की परेशानी सुनने और समझने की बजाय लोगो को जबरदस्ती सरकार झूठी उपलब्धिया सुनाना चाहते है । सरकार की गलत नीतियों, प्रसाशन की पडताड़ना तथा मॅहगाई से परेशान नागरिक जब मुख्यमंत्री के सामने आवाज उठाना चाहते है तो उन्हें पुलिस के हाथों अपमानित किया जाता है और कार्यक्रम से बाहर उठाकर फेंकने के आदेश दिये जाते है।यहां तक कि जनता द्वारा चुनी गई महिला सरपंच को भी पुलिस से अपमानित करवाया जाता है ।जब मुख्यमंत्री जनता की बात और परेशानी सुनना ही नही चाहते तो जनसंवाद कार्यक्रमों का ढकोसला करने की क्या आवश्यकता है।उन्होनें कहा कि लाठी और अंहकार से जनसंवाद नहीं होता , जनता की परेशानिया सुनकर उनका हल निकालना ही जनसवांद का उद्देश्य होना चाहिए। मलौर ने कहा कि सच्चाई तो ये है कि हरियाणा सहित पूरे देश मे भाजपा की राजनैतिक जमीन खिसक चुकी है।

# राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का हुआ प्रारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**भूलें** सुधार गंगातट पर मानवता का अभिषेक करो। धरती पुकारती हुई कहती है कि सम्पूर्ण भारत को एक करो। कुछ ऐसे ही राष्ट्र प्रेम के वैचारिक उद्घोष और संकल्प के साथ सर्वत्र संस्कृतम और विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत अंतजार्लीय दशदिवसात्मक राष्ट्रनायक आचार्य चाणक्य स्मृति राष्टीय संस्कृत संभाषण शिविर का शुभारंभ हुआ। आचार्य चाणक्य जैसे महापुरूषों के कार्यों की प्रेरणा से देश की एकता और अखण्डता के साथ भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत के संवर्धन की संकल्प यात्रा सफल बनायी जा सकती है। यह बात कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अध्यक्ष और बिहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डा मुकेश कुमार ओझा ने कही। उन्होनें कहा कि संस्कृत ज्ञान-विज्ञान की भाषा है। आचार्य चाणक्य एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं सफल कूटनीतिज्ञ थे। शिविर का उद्घाटन करते हुये संस्कृतज्ञ डा. अनिल कुमार सिंह विशेष सचिव गृह उप्र ने संस्कृत में राष्ट्रनायक आचार्य चाणक्य के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार रखे। इन्होंने व्यक्तित्व विकास में संस्कृत भाषा के महत्व को भी रेखांकित किया। उद्घाटनकर्ता डॉ. सिंह ने कहा

> **इस संस्कृत सम्भाषण शिविर में भारत के विभिन्न राज्यों बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, सहित कई राज्यों के लोग जुड़े रहें।**

कि आचार्य चाणक्य का सम्पूर्ण जीवन भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के साथ ही राष्ट्र एवं मानव उत्थान के लिए समर्पित रहा। विशिष्टातिथि संस्कृत प्रचारक डॉ. अनिल चौबे ने विभिन्न वैदिक मन्त्रों के गायन द्वारा अपने विचार प्रकट किए। इन्होंने चाणक्य नीति के माध्यम से कहा है कि अगर स्वभाव अच्छा है, तो और किसी गुण की जरूरत नहीं है। शिविर के राष्ट्रीय संयोजक एवम अरविंद महाविद्यालय दिल्ली विवि के सहायक आचार्य पिन्टू कुमार ने संस्कृत में कुशल एवं सरस संचालन कर देशभर के संस्कृतज्ञों को जोड़े रखा। साथ ही इस संस्कृत सम्भाषण शिविर के सदस्य पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता उग्र नारायण झा, मथुरा से संस्कृत शिक्षिका प्रेमलता, अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, बाढ़, बिहार बी. ए प्रतिष्ठा संस्कृत की छात्रा उपासना आर्या, रांची विश्वविद्यालय से पीचडी संस्कृत छात्रा मनीषा बोदरा, नालेज ग्राम इन्टरनेशनल स्कूल पटना की संस्कृत शिक्षिका सुषमा सिंह तथा लिट्रा वैली स्कूल पटना के छात्र चन्द्रकांत मिश्र व कृष्णाकांत मिश्र ने भी राष्ट्रनायक आचार्य चाणक्य एवं संस्कृत भाषा के महत्त्व के बारे में बताया। इस संस्कृत सम्भाषण शिविर में भारत के विभिन्न राज्यों यथा बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उड़ीसा, झारखंड, तेलंगाना, बंगाल, दिल्ली और 50 से अधिक लोग जुड़े रहें। इनमें से डॉ किरण प्रकाश, डॉ मेघा शर्मा, उग्र नारायण झा, एकता संगतनी, मनीषा बोदरा, प्रदीप श्रीवास्तव, अनामिका, सपना आर्या, प्रेमलता, उपासना आर्या, प्रदीप कुशवाहा, गौतम कुमार, जयन्ता सरकार, रामनाथ पाण्डेय, विजेन्द्र सिंह, अनामिका कुमारी, मंजुलता चौहान, सुजाता घोष, नीलम खासा आदि रहे।

## वन विभाग लगायेगा 3 लाख 78 हजार 250 पौधे

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**जिले को हरा** भरा बनाने के लिए वन विभाग द्वारा 90 किस्मों के 3 लाख 78 हजार 250 पौधे लगाये जायेंगे। विभाग मानसून की पहली बारिश के बाद पौधा रोपण का कार्य प्रारंभ कर देगा। पौधा रोपण में औषधिय पौधे, फल देने वाले, छाया देने वाले व लकड़ी देने वाले पौधे मुख्य रूप से लगाए जाएंगे। उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए पौधारोपण जरूरी है। पौधे हवा को शुद्ध करते हैं ,पानी का संरक्षण करते हैं जलवायु नियंत्रण में मदद करते हैं

> **जिला वन अधिकारी विजय लक्ष्मी ने बताया कि वृक्षारोपण जरूरी है क्योंकि जब हम पेड़ पौधे लगाएंगे**

व मिट्टी को संरक्षित करने के अलावा पर्यावरण को कई अन्य तरीकों से लाभान्वित करते हैं। उपायुक्त ने बताया कि पेड़ हवा से कणों को फिल्टर भी करते हैं, इस प्रकार इसे स्वच्छ और जहरीले पदार्थों से मुक्त बनाते हैं। हमें पौधारोपण तो करना ही चाहिये साथ ही साथ उनकी परवरिश भी करनी चाहिये। उपायुक्त ने बताया कि पंचायती जमीन, मुख्यमार्ग, स्कूल, कॉलेज,तालाब शमशान घाट,खेल के मैदान, सरकारी शिक्षण संस्थान आदि में मानसून आने के बाद पौधा रोपण किया जाएगा पौधारोपण में पौधगिरि के तहत 75 हजार, जल शक्ति के तहत 1 लाख व 75 हजार पौधे निःशुल्क दिए जाएंगे। जिला वन अधिकारी विजय लक्ष्मी ने बताया कि वृक्षारोपण जरूरी है क्योंकि जब हम पेड़ पौधे लगाएंगे तो ही हमें शुद्ध हवा आएगी व हम स्वस्थ रहेंगे। पेड़ पौधे ही वातावरण और जलवायु को नियंत्रित करते हैं।

## संपादकीय

# द केरला स्टोरी की तरह झूठ नही

**भारत** में पिछले कुछ सालों से सियासतदान लोगों के दिलों दिमाग में एक अलग तरह का मानस गढ़े जा रहे है। हिंदू, हिंदुत्व और धर्म की आड़ में इंसान और इंसान के बीच जिस तरह का जहर फैलाया जा रहा है वह न केवल चिंतनीय और निंदनीय है बल्कि आने वाले समय के लिए भी खतरनाक है। नफरत की इस सियासत के चलते धर्म और जाति के नाम पर अनेक बेगुनाह बेटे असमय मारे जा रहे है। नफरत की बयार बहाने वालों का आलम ये है कि वे हिंदू-मुस्लिम का फसाद पैदा कर मनगढंत बातें करते रहते है। हाल ही में द केरला स्टोरी फिल्म आई है। सच्ची कहानी पर आधारित होने का दावा करने वाली इस फिल्म का जब केरल में विरोध होने लगा और जगह- जगह इसके खिलाफ प्रदर्शन होने लगे तो पता चला कि इस फिल्म में सच की जगह समाज में जहर फैलाने का काम किया गया है। काबिलेगौर हो कि इस विवादास्पद फिल्म द केरला स्टोरी में दावा किया गया था कि केरल की 32 हजार महिलाओं का धर्म परिवर्तित हुआ है और वे आईएसआईएस में शामिल हो गई थी। लेकिन जब केरल में विवाद बढ़ते दिखा तो निमार्ताओं ने इस दावे को हटाने की बात कह कर इतिश्री कर ली। हद तो तब हो गई कि जब एक धर्म निरपेक्ष देश के प्रधानमंत्री ने कर्नाटक की चुनावी रैली में इस फिल्म का पक्ष लेकर झुठ फैलाने वालों को संबल प्रदान कर दिया। देश के निजाम ने इस फिल्म के बारे में कह दिया कि ह्यद केरला स्टोरीह्ण में आतंकवाद का बदसूरत सच है। बेशक केरल राज्य की महिलाओं के कथित तौर पर इस्लाम में परिवर्तित होने और तथाकथित आईएसआईएस ब्राइड्स (आईएस आतंकियों की दुल्हन) बनने के कुछ मामले सामने आए तो हैं लेकिन फिल्म में ऐसी 32 हजार महिलाओं के मातहत होने का जो दावा किया गया है वह संदेह के घेरे में साफ नजर आता है। फिल्म में इस बात पर भी खासा जोर दिया गया कि केरल से 50 हजार महिलाएं लापता हो गई है और यह राज्य आतंकवादी गतिविधियों के केन्द्र के रूप में स्थापित होते जा रहा है। हालाकि केरल में सत्तारूढ़ माकपा और विपक्षी कांग्रेस दोनों ने मिलकर जब इस फिल्म में दिखाए गए झुठ के साथ ही फिल्म निमार्ताओं पर आरएसएस-भाजपा को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया तब कहीं जाकर फिल्म के टीजर में जारी किए गए आंकड़ों में बदलाव करने की बात कही गई। इस बदलाव के संबंध में फिल्म निमार्ता के वकील ने केरल हाईकोर्ट को बताया कि, फिल्म का टीजर, जिसमें दावा किया गया था कि केरल की 32 हजार से अधिक महिलाओं को आईएसआईएस में भर्ती किया गया था, को उनके सोशल मीडिया एकाउंट से हटा दिया जाएगा। असल में इस तरह की एजेंड़ाबाज फिल्मों को बनाने का उदेश्य ही यह होता है कि सत्तारूढ़ों की विचारधारा को प्रमोट कर अपना व्यसाय दिन दुना रात चौगाना फैलाएं। हाल के कुछ सालों में फिल्मी इंडस्ट्रीज में ऐसे अनेक नफरती चिंटू पैदा हो गए है जो समाज में जहर फैलाने वाली झुठी फिल्में बना के अपना अल्लू सीधा कर रहे है। ये चिंटू किसी समुदाय विशेष को बदनाम करके सत्ता के साथ भाव रखने वालों की भावनाओं को दूसरे समुदाय के प्रति भडकाते रहते है। हालाकि, माननीय सुप्रीम कोर्ट ने सख्त हिदायत दी है कि समाज में नफरत फैलाने वालों को बख्शा नही जाएगा।

# सेहत की बदहाली बता रही सच्चाइयां

ललित गर्ग

> कायदे से अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों के बाद जच्चा-बच्चा की मौतों के मामले में स्थिति में सुधार आना चाहिए था। मगर आखिर ऐसा क्यों है कि तमाम प्रयासों के बावजूद प्रसव के दौरान महिलाओं और नवजातों की मौत का सिलसिला आज भी कायम है? समूचे देश में स्वास्थ्य को प्राथमिकता दिए जाने के दावे के दौर में यह तस्वीर एक तरह से आईना दिखाती है कि जमीनी स्तर पर हकीकत क्या है और अभी कितना कुछ किया जाना बाकी है। रिपोर्टें बताती हैं कि ऐसी गंभीर समस्याओं से लड़ते हुए हम कहां से कहां पहुंचे है। इसी में एक बड़ा सवाल यह भी निकलता है कि जिन लक्ष्यों को लेकर भारत अपने प्रयासों के दावे कर रहा है, उनकी कामयाबी कितनी नगण्य एवं निराशजनक है। कुपोषण, गरीबी, भूख में सीधा रिश्ता है और भारत की विशाल आबादी इसके लिये एक चुनौती बनी हुई है

**भारत** संयुक्त राष्ट्र की एक रपट में यह जानकारी दी गई है कि प्रसव एवं उसके पश्चात जच्चा-बच्चा की मौतों के मामले में जिन देशों की स्थिति बहुत नकारात्मक पाई गई है, उसमें भारत की तस्वीर सबसे खराब है। भारत में प्रसव के दौरान महिलाओं, मृत शिशुओं के जन्म और नवजात शिशुओं की मौत के मामले सबसे ज्यादा हैं। सन 2020-2021 में दुनिया के अलग-अलग देशों में तेईस लाख नवजात शिशुओं की मौत हो गई, जिनमें से भारत में मरने वालों की संख्या सात लाख अठासी हजार रही है। यह चिन्ताजनक स्थिति भारत का एक कड़वा सच है लेकिन एक शर्मनाक सच भी है और इस शर्म से उबरना जरूरी है।
सवाल है कि विकास के ढांचे में शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर हमारी प्राथमिकताएं क्या हैं? सवाल यह भी है कि जिस दौर में नरेन्द्र मोदी सरकार स्वास्थ्य को लेकर सबसे ज्यादा संवेदनशील होने और प्राथमिकता में सबसे ऊपर मानकर काम करने का दावा कर रही है, उसमें आज भी प्रसव के दौरान महिलाओं और नवजात की मौत के मामले क्यों अधिक हैं?
दरअसल, जच्चा-बच्चा मौतों को लेकर यह दुखद एवं त्रासद तस्वीर नई नहीं है। लंबे समय से यह विडंबना एक तरह से स्थिर और कायम है कि प्रसव के दौरान महिलाओं या नवजात की जान चली जाती है। चिकित्सा सुविधाओं का दायरा फिलहाल इतना है कि उस तक बहुत सारे जरूरतमंद परिवारों की पहुंच नहीं है या फिर वहां बुनियादी सुविधाओं की कमी है। सरकार की योजनाओं एवं समुचित बजट में प्रावधान के बावजूद उसकी असरकारी तस्वीर सामने न आने का बड़ा भ्रष्टाचार भी है। कहीं-ना-कहीं हमारे विकास के मॉडल में खामी है। ऐसा लगता है कि हमारे यहां विकास के लुभावने स्वरूप को मुख्यधारा की राजनीति का मुद्दा बनाने एवं चुनाव में वोटों को हासिल करने में तो कामयाबी मिली है, लेकिन इसके बुनियादी पहलुओं को केंद्र में रखकर जरूरी कदम नहीं उठाए गए या उन पर अमल नहीं किया गया। यह बेवजह नहीं है कि नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देश भी इस मामले में हमसे बेहतर स्थिति में पहुंच गए, जो अपनी बहुत सारी



बुनियादी जरूरतों तक के लिए आमतौर पर भारत या दूसरे देशों पर निर्भर रहते हैं। साफ है कि हमारी प्रगति की तस्वीर काफी विसंगतिपूर्ण है और ताजा रिपोर्ट भारत की एक बड़ी जनसंख्या की बदहाली का अकेला सबूत नहीं है। खुद देश में सरकार एवं अन्य एजेन्सियों की तरफ से कराए गए सर्वेक्षण और कई दूसरे अध्ययनों के जरिए कंगाली, भुखमरी और कुपोषण के दहलाने वाले आंकड़े समय-समय पर विकास की शर्मनाक तस्वीर प्रस्तुत करते रहे हैं। एक बड़े तबके के बीच महिलाओं को गर्भधारण के बाद जिन पोषक तत्वों की जरूरत होती है, कई कारणों से उससे वे वंचित होती हैं। इसका सीधा असर उनकी सेहत, शारीरिक क्षमता और प्रसव पर पड़ता है, जिसमें कई बार प्रसव के समय महिला की जान चली जाती है या बच्चा इतना कमजोर पैदा होता है कि उसे बचाया नहीं जा पाता। यह स्थिति तब है जब महिलाओं की सेहत और प्रजनन स्वास्थ्य को लेकर सरकारों की ओर से अनेक तरह की योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन हो रहा है। गौरतलब है कि सुरक्षित प्रसव के लिए प्रसूता महिलाओं को अस्पतालों में सुविधाएं और नगदी सहायता मुहैया कराई जाती है। 2005 से लागू जननी सुरक्षा योजना की शुरूआत ही गर्भवती माताओं और नवजात की सेहत में सुधार लाने के मकसद से हुई थी। इसके तहत कई राज्यों में गर्भवती महिलाओं के खाते में छह हजार रुपए दिए जाते हैं, ताकि जच्चा-बच्चा को जरूरी पोषण मिल सके। एक तरफ भारत खाद्यान्न के मामले में न केवल आत्मनिर्भर हैं, बल्कि अनाज का एक बड़ा हिस्सा निर्यात करते हैं। वहीं दूसरी ओर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कुपोषित आबादी भारत में है। भारत में महिलाओं की पचास फीसदी से अधिक आबादी एनीमिया यानी खून की कमी से पीड़ित है। इसलिए ऐसे हालात में जन्म लेने वाले बच्चों का कम वजन होना लाजिमी है। राइट टु फूड कैंपेन नामक संस्था का विश्लेषण है कि पोषण गुणवत्ता में काफी कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार मंत्रालय ने जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम की शुरूआत की और इसके दो साल बाद इसके तहत दी जाने वाली सुविधाओं का विस्तार हुआ और उसमें जन्म के बाद नवजात के पोषण और इलाज की सहूलियत भी शामिल की गई। कायदे से अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों के बाद जच्चा-बच्चा की मौतों के मामले में स्थिति में सुधार आना चाहिए था। मगर आखिर ऐसा क्यों है कि तमाम प्रयासों के बावजूद प्रसव के दौरान महिलाओं और नवजातों की मौत का सिलसिला आज भी कायम है? समूचे देश में स्वास्थ्य को प्राथमिकता दिए जाने के दावे के दौर में यह तस्वीर एक तरह से आईना दिखाती है कि जमीनी स्तर पर हकीकत क्या है और अभी कितना कुछ किया जाना बाकी है। रिपोर्टें बताती हैं कि ऐसी गंभीर समस्याओं से लड़ते हुए हम कहां से कहां पहुंचे है। इसी में एक बड़ा सवाल यह भी निकलता है कि जिन लक्ष्यों को लेकर भारत अपने प्रयासों के दावे कर रहा है, उनकी कामयाबी कितनी नगण्य एवं निराशाजनक है। कुपोषण, गरीबी, भूख में सीधा रिश्ता है और भारत की विशाल आबादी इसके लिये एक चुनौती बनी हुई है।
गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के जीवन में अनेक वित्तीय, सामाजिक और स्वास्थ्य विषयक दुष्प्रभाव देखने को मिलते हैं, वैज्ञानिक तथ्य यह है कि कम उम्र में लड़कियों का विवाह कर देने और फिर उनके मां बन जाने का सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। वे जीवन भर शारीरिक रूप से कमजोर और बीमारियों से घिरी रहती हैं। वे स्वस्थ बच्चों को जन्म नहीं दे पातीं। कम उम्र में ही उनकी मौत हो जाती है। शिशु और मातृ मृत्यु दर पर काबू पाना इसी वजह से चुनौती बना हुआ है। भूखे या अधपेट रह जाने वाली जनसंख्या में दुनिया में हुए इस इजाफे में तीन करोड़ लोग केवल भारत के हैं। इसमें पीने के पानी, कम से कम माध्यमिक स्तर तक शिक्षा और बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं के अभाव को जोड़ लें तो हम देख सकते हैं कि भारत आजादी के अमृत काल में भी असल में वंचितों की दुनिया है। आत्मनिर्भर भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण के लिये हमें अपनी विकास योजनाओं को नए सिरे से गढ़ना होगा, जिनमें स्वास्थ्य और शिक्षा के मद में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का एक निश्चित प्रतिशत आवंटन अनिवार्य होना चाहिए। किसी भी देश में आम नागरिकों का स्वास्थ्य वहां के विकास की सचाई को बयां करता है। लोगों की सेहत की स्थिति इस बात पर निर्भर है कि उन्हें भरपेट, उचित चिकित्सा सुविधाएं, शिक्षा और संतुलित भोजन मिले। इस लिहाज से देखें तो विकास और अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ने के तमाम दावों के बीच भारत में अपेक्षित प्रगति संभव नहीं हो सकी है। गौरतलब है कि प्रसव एवं उसके पश्चात जच्चा-बच्चा की मौतों के मामले में भारत की स्थिति काफी दुखद, त्रासदीपूर्ण एवं चिंताजनक है। यह कैसा विकास है? यह कैसे आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर होते कदम है? भूख, कुपोषण, अभाव, अशिक्षा, अस्वास्थ्य, बेरोजगारी की त्रासदी को जी रहा देश कैसे विकसित राष्ट्रों में शुमार होगा, कैसे विश्व की बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा?

## कविता

### गांधी अबूझे न रह जाते

गांधी अबूझे न रह जाते
संजीव-नी।
समय की परवाह काश कोई करता,
पंछी की तरह होता वह पल,
मुट्ठी मे भींच सकता कोई,
पहले आकाश सा भारी,
अपने दामन में समेट सकता कोई,
एक युग का सूत्रपात होता
तब शायद,
एक युगपुरुष की याद हो आती
युगो युगांतर सा कर्मवीर तब याद आता,
कर्म की साधना ही,
समय का वंदन है,
समय को समझ पाना
कर्म का संबल है,
समय और कुछ नहीं
काम के दो हाथ,
पथ में जोड़ी चलते
दो पद चिन्ह,
समय का मंथन,
महान कार्यों की परिणति है,
जिसने दौड़ना सीखा,
शायद उस समय उसके पीछे हैं,
तभी शायद गांधी
युग के लिए नहीं,
युग है गांधी के
दो अजान बाहू हाथों का
मोहताज

संजीव
---------

## घुटनों तक लंबे बालों के लिए घरेलू नुस्खे

**शहनाज हुसैन**

**काले और** घने बाल हर लड़की की चाहत होती है और इसके लिए महिलायें हमेशा ही टिप्स तलाशती रहती हैं लेकिन लाख जतन करने के बाबजूद ज्यादातर लड़किया बालों की समस्या से जूझती रहती हैं और प्रयास करने के बाबजूद उन्हें मनचाहे परिणाम नहीं मिल पाते जिसकी बजह से काफी निराश रहती हैं / लेकिन कुछ घरेलु उपायों के माध्यम से आप घर पर ही मनचाहे. बाल प्राप्त कर सकती हैं /
बालों की मजबूती के लिए एवोकाडो का हेयर मास्क बहुत अच्छा हो सकता है।
एक पके एवोकाडो को आधा काट लें. बीज निकाल दें, एवोकाडो को कांटे की मदद से मैश करके पेस्ट तैयार करें/
इसे गीले बालों और स्कैल्प पर लगाएं/ कुछ मिनट के लिए अपनी उंगलियों से धीरे से मसाज करें/ शावर कैप पहनें और इसे एक घंटे के लिए स्कैल्प पर लगा रहने दें और बाद में माइल्ड शैम्पू से धो लें और हफ्ते में दो बार इसका इस्तेमाल कर सकते हैं/ अंडे के सफेद वाले हिस्से में थोड़ा सा जैतून का तेल मिलाएं और यह मिश्रण तैयार कर हल्के हाथों से हफ्ते में एक बार मालिश करें। इसके बाद किसी माइल्ड शैंपू से बाल धो लेंए बालों का झड़ना रुक जाएगा और उनकी ग्रोथ भी अच्छी होगी/
बादामबादाम खाने से और बालों में बादाम का तेल लगाने से बाल जड़ों से मजबूत होते हैं हैं। इनमें विटामिन ई, ओमेगा 3 और बालों से फ्री रेडिकल्स दूर करने के गुण होते हैं। जिससे बालों की जड़े मजबूत होती हैं तथा बाल घने और सिल्की होते हैं। फूल गोभी फूल गोभी में विटामिन सी होता हैए जो बालों के लिए काफी अच्छा होता है। फूल गोभी खाने से बाल जड़ों से मजबूत होते हैं। इसी के साथ साथ गोभी से बाल झड़ने और पतले होने की समस्या भी खत्म होती है।
नारियल का तेल----- रोज रात को बालों में नारियल का तेल लगाने से बाल खुश्क और मजबूत होते हैं। ये एंटी फंगल, एंटी बैक्टेरियल होने के कारण स्कैल्प से बैक्टेरिया और फंगस की समस्या दूर करता है/ इससे बालों के टूटने और झड़ने की समस्या में कमी आती है, फैटी एसिड और विटामिंस से बाल घ्रने और सिल्की हो जाते हैं/ आप बाल धोने से पहले नारियल तेल को स्कैल्प में अप्लाई कर सकते हैं।
एक काँच की कटोरी में
एक अण्डे को फोड़ कर इसमें से पीला भाग निकाल लीजिये और इसमें एक कप कच्चा दूध , एक बड़ा चम्मच नरियल का तेल, आधा कप गाजर का रस, एक छोटा चम्मच शहद मिलाकर हेयर पैक बना लीजिये /इस हेयर पैक को हेयर ब्रश और मोटी कँघी की मदद से बालों में लगाएं और आधा घण्टा बाद ताजे साफ पानी से धो डालें / इस पैक से बालों को पर्याप्त
मात्रा में प्रोटीन मिलेगी जिससे बाल मोटे और मुलायम भी बनेंगे /अंडे के सफेद वाले हिस्से में थोड़ा सा जैतून का तेल मिलाएं और यह मिश्रण तैयार कर हल्के हाथों से हफ्ते में एक बार मालिश करें।

## विचार

# क्या आदिवासी समाज भारतीय जनता पार्टी से नाराज है?

**अशोक भाटिया**

**क्या** आदिवासी समाज भारतीय जनता पार्टी से नाराज है? यह सवाल कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों को देख कर उत्पन्न होता है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा ने एक युवा आदिवासी नेता को इस समुदाय में जड़ें जमाने की कोशिश में खूब प्रचार-प्रसारित किया था। पार्टी के पोस्टरों से लेकर उन्हें सत्ता में वापसी आने पर उपमुख्यमंत्री बनाने की कवायद की गई थी। 46 वर्षीय आदिवासी नेता सांसद बी श्रीरामुलु को एक प्रयोग के तौर पर भाजपा ने चुनावी मंच में इस्तेमाल किया। लेकिन चुनाव के नतीजे बताते है कि आदिवासी समुदाय का वोट भाजपा के पक्ष में दिखाई नहीं दिया। लेकिन सत्ता में वापसी न आने पर श्रीरामुलु के लिए बनी भाजपा की बड़ी प्लानिंग फैल हो गई। आपको बता दें कर्नाटक में आदिवासी समुदाय का वोट बैंक करीब 35 सीटों पर असर डालता है। जिसमें से 15 सीटों खुद एसटी वर्ग के लिए आरक्षित है। भाजपा इस बार एसटी वर्ग के लिए आरक्षित 15 सीटों में से एक भी सीट नहीं जीती। 14 पर कांग्रेस और 1 पर जेडीएस ने जीत हासिल की है। इस नतीजे से ये आसानी से कहा जा सकता है कि आदिवासी वोट बैंक भाजपा ने नाराज है। कर्नाटक के चुनावी नतीजों पर गौर करें तो पता चलता है कि राज्य में एसटी और एससी समुदाय ने भाजपा को ठुकरा कर कांग्रेस के हाथ का साथ दिया है। विशेष तौर आदिवासी सीटों पर कांग्रेस की लहर चली है। भाजपा ने आदिवासी वोट को अपने पाले में करने के लिए पिछले साल अक्टूबर में एसटी आरक्षण को 3 फीसदी से 7 फीसदी बढ़ोतरी करने की घोषणा की थी। लोग राजनीतिक दलों की इस चालाकी को अब समझने लगे हैं कि कोटा बढ़ाने की घोषणा तो पार्टियां कर देती है। लेकिन मामला कोर्ट में जाकर अटक जाता है। वैसे कर्नाटक का असर इस साल के अंत में होने वाले 5 राज्यों में भी देखने को मिल सकता है। इनमें मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना, और मेघालय है। इनमें तीन प्रमुख राज्य मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में तो आदिवासी समुदाय सत्ता तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाता है। सबसे पहले आज बात करते है छत्तीसगढ़ की । सबसे पहले यहाँ इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं । इस चुनाव को लेकर भाजपा कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दल अभी से ही तैयारियों में जुट गई है। खासकर आदिवासी सीटों में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टी के नेता ज्यादा फोकस कर रहे है। दरअसल आदिवासी समाज के द्वारा बस्तर संभाग के 11 विधानसभा सीटों में चुनाव लड़ने की सुगबुगाहट को देखते हुए आदिवासी वोटरों को भाजपा कांग्रेस अभी से रिझाने में जुट गई है। हाल ही में हुए भानुप्रतापपुर उपचुनाव में सर्व आदिवासी समाज के प्रत्याशी अकबर कोर्राम को 23 हजार वोट मिले के बाद। 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों को आदिवासी क्षेत्रों में वोटरों को साधना हैं। इधर बस्तर के राजनीतिककारो का मानना है कि सर्व आदिवासी समाज अगर इस विधानसभा चुनाव में पूरे दमखम के साथ लड़ता है तो बस्तर में कांग्रेस और भाजपा को काफी नुकसान पहुंचेगा। वही 11 सीटों में से कुछ सीटों में आदिवासी समाज के प्रत्याशियों के जीतने की भी गुंजाइश है। दरअसल छत्तीसगढ़ में दिसंबर माह में चुनाव होने हैं। नए साल के आगमन के साथ ही छत्तीसगढ़ में नई सरकार बन जाएगी। लेकिन इससे पहले चुनाव के लिए बचे 7 महीने भाजपा कांग्रेस के लिए काफी चुनौतीपूर्ण साबित हो रही है। क्योंकि बस्तर के 12 विधानसभा सीटों में से 11 विधानसभा सीट एसटी के लिए आरक्षित है। 11 सीटों में अब आदिवासी समाज भी चुनाव लड़ने में अपनी रुचि दिखा रहा है।
भानुप्रतापपुर उपचुनाव में सर्व आदिवासी समाज ने अपना प्रत्याशी खड़े किया और इस प्रत्याशी को 23 हजार वोट मिले। इसके बाद सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने विधानसभा चुनाव में भी अपने प्रत्याशी खड़ा करने की घोषणा की है। हालांकि बस्तर में आदिवासी समाज भी दो गुटों में बटा हुआ है। समाज के एक गुट के पदाधिकारियों का कहना है कि आदिवासी समाज आने वाले चुनाव में अपने प्रत्याशी खड़ा नहीं करेगा।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# शो पुट अप

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मैंने** महाभारत युद्ध के पहले दिन अर्जुन की मुद्रा धारण किए अपने मित्र से शहरी होने का ज्ञान सीखने की इच्छा जताई। यह सुन वे टूट पड़े झ्र शहर में जीने का मतलब झूठ बोलना आना चाहिए। बिना सच के शहर हो सकते हैं बिना झूठ के कतई नहीं। अगर कोई जाना-पहचाना शहर आए और कहे कि मैं फलाँ जगह ठहरा हूँ क्या हम मिल सकते हैं तो इसका जवाब फट से मुँह उठाकर नहीं दे देना चाहिए कि मैं निरा फुर्सत में हूँ। और तुम्हारी राह ही जोह रहा हूँ। तुम कितने भी फुर्सत में रहो, लेकिन कोई मिलने आए तो तुम्हारी फुर्सत फुर्र हो जानी चाहिए। नहीं तो सामने वाला समझेगा कि इसके पास कोई काम-धाम है ही नहीं। लगता है बड़ी फुर्सत में रहता है। उसके सामने ऐसे भाव दो कि तुम्हारे बिना शहर चल नहीं सकता। या यूँ कहो कि तुम्हारे जैसों की वजह से ही शहर सांस ले पा रहा है। । क्योंकि बच्चू! यह शहर है, धर्मशाला नहीं कि मुँह उठाया और चल दिए। शहर में लोग बेमतलब बगल वाले से ठीक मुँह बात नहीं करते और तुम हो कि दोस्त से मिलने चले गए। तुम्हारे जैसे लोगों की वजह से ही शहर की हवा खराब हो चली है। यहाँ बसने वाले में एक गुण हमेशा रहना चाहिए। अपने काम निकलवाने तक सबको अपना बाप बनाते चलो। काम खत्म दुकान बंद। मतलब अपना काम हो जाने के बाद तुम कौन हम कौन जैसी रणनीति अपनानी चाहिए। जिस शहर में जितना कचरा होता है वह उतना डेवलप्ड होता है। यहाँ कचरा उठाने वाला भी व्यस्त होता है। उसके पास खुद का कचरा उठाने का टाइम नहीं होता। तुम तो कचरे वाले से भी गए गुजरे हो। यहाँ अंग्रेजी समाचार पत्र पकड़े रहना स्टेटस और फोन पर कान धरे रहना हाईफाई होने की निशानी है। जेब में फुटकर पैसे रखना फुटकर होने की निशानी है। पाँच रुपए की चाय भी पियो तो गूगल पे या फोन पे करना आना चाहिए। यह शहर है। यहाँ हर कोई अपना असली चेहरा घर छोड़कर बाहर निकलता है। कई चेहरे वाले शहर के असली चेहरे होते हैं। स्वार्थ की नींव पर खड़े शहर में मनुष्य बनने का प्रयास करने वाला सबसे खतरनाक होता है। ऐसे लोग शहर के लिए किसी नासूर से कम नहीं होते।

## अधिकारों की चाहत नहीं, उत्तरदायित्व फिक्र होनी चाहिए

**संजीव ठाकुर**

**वर्तमान** के इस दौर में जब देश में लोकतंत्र अपनी अस्मिता बचाने की जद्दोजहद में है वहां समाज का हर नागरिक अपने लिए अधिक से अधिक अधिकारों की इच्छा रखता है ताकि पूरी स्वतंत्रता का उपभोग कर सके। इसी के फलस्वरूप हर रोज अधिकारों की बढ़ती मांग और कर्तव्य की अवहेलना से समाज वातावरण में असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वॉलटेयर जी ने इस संदर्भ में ठीक ही कहा है कि अधिकार बढ़ने के साथ-साथ समानुपातिक रूप से उत्तरदायित्व भी धीरे-धीरे बढ़ जाता है हमें अपने अधिकारों के साथ अपनी जिम्मेदारियों का भी ज्ञान बोध होना जरूरी है। आपको ऐसा नहीं लगता है कि अधिकार तथा उत्तरदायित्व समानुपातिक है और समाज में हर व्यक्ति समुदाय के साथ संग संग चलते हैं। ऐसा कुछ है कि स्वतंत्रता और खुलेपन के संग उत्तरदायित्व जी जीवन की यात्रा में सहयात्री है। स्वतंत्रता या खुलेपन का अतिक्रमण किसी व्यक्ति के दायित्वों का हनन है हम जहां जिस ग्राम नगर अथवा देश में रहते हैं वहां पर यह सुनिश्चित है कि अधिकार एवं जिम्मेदारी हमारे साथ साथ विचरण करते दिखाई देते हैं। भारतीय संविधान में अधिकारों की मीमांसा करते हुए यह मूल रूप से माना गया है कि यहां देश में मूल अधिकारों को महत्व इसीलिए दिया जाता है की भारतीय जनमानस का बड़ा प्रतिशत अशिक्षित है अतः संविधान अशिक्षित व्यक्तियों के लिए ज्यादा से ज्यादा स्वतंत्रता और समानता प्रदाय कर सके ताकि फिर कोई समाज या राज्य उसका हनन न कर सके, दूसरी तरफ यदि कर्तव्य की बात करें तो सदैव यह हिदायत दी जाती रही है कि भारत की जनता अधिक मात्रा में अशिक्षित हैं अतः उन्हें अपने दायित्वों का ज्ञान तथा अनुभूति नहीं होगी और दायित्व और कर्तव्यों के बीच बड़ी लक्ष्मण रेखा खिच गई है।
व्यक्ति और समाज जैसे जैसे विकसित होता गया है और आधुनिकता के इस दौर में नागरिकों की अधिकारों की मांग बढ़ती जा रही है। हमें अधिकार धीरे-धीरे मिल भी रहे जिस तरह माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने निजता के अधिकार को मूल अधिकार की श्रृंखला में रखकर नागरिकों की स्वतंत्रता को सुरक्षित बनाने का प्रयास किया है। अब ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि हम अपनी निजता के अधिकार को अपने पास रखते हुए दूसरे की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को नुकसान ना पहुंचाएं।

## न्यूज फ्लैश

### भौरा में पीड़ित परिवार की छत व चारदीवारी बनवा रहे समाजसेवी देवेंद्र कादियान



**गन्नौर/** दो दिन पहले आए तुफान से भौरा गांव में एक मकान की छत टूटने के साथ एक अन्य की चारदीवारी ढह गई। तुफान गरीब परिवार के लोगों पर कहर बनकर टूटा है। दोनों परिवारों में कमाने वाला कोई सदस्य नहीं होने पर उनके साथ संकट खड़ा हो गया। ऐसे में देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक देवेंद्र कादियान ने इन परिवारों की मदद करने की पहल की। मंगलवार को देवेंद्र कादियान ने मौके पर जाकर स्थिति को देखा और जल्द ही चारदीवारी व छत बनवाने का पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया है।

देवेंद्र कादियान ने बताया कि तुफान आने से भौरा गांव में सुनील के घर की छत टूट कर गिरने के साथ ही गांव में प्रवीन कश्यप के यहां चारदीवारी ढह गई थी। प्रवीन कश्यप के घर में सिर्फ दो नाबालिग बच्चे ही है, उनके सिर से माता-पिता का साया उठ चुका है। इसी तरह सुनील की मृत्यु होने पर परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है कि वे घर की छत को पक्का तक नहीं करवा सकते। उन्होंने बताया कि इन दोनों परिवारों का गुजर बसर बड़ी मुश्किल से चल रहा है। आर्थिक तंगी के चलते अपना घर मरम्मत करवाने में असमर्थ परिवार की सहायता को लेकर देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी मकान को दुरुस्त कराएगी। छत पक्की होने पर परिवार के लोग निश्चित होकर रह सकेंगे। कादियान ने बताया कि जरूरतमंद की मदद करने से उसको सुकून मिलता है, इसके लिए उनकी संस्था हर समय मदद के लिए अग्रणी रहती है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# जमीन के जाली दस्तावेज बनवाकर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले छह काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जमीन के** जाली दस्तावेजों के आधार पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम देने के मामले में थाना कुंजपुरा की टीम द्वारा छह और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस टीम द्वारा गत दिवस 6 आरोपियों अख्तर पुत्र बुन्दु, गफ्फार पुत्र बुन्दु, जमशेद पुत्र अब्दुल गफ्फगुर, मुन्नी पत्नी खलील, वकील पुत्र खलील व शकील पुत्र खलील वासियान कुण्डा कला जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशानुसार मामले में शामिल जांच करके गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पहले वर्ष 2022 में चार आरोपियों यासीन, यामीन व सत्तार वासियान कुण्डा कला उत्तर पद्रेश व दिलशाद वासी बजीरपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों की जिला करनाल के कुण्डा कला के एरिया में जमीन नाम आई थी, लेकिन आरोपी उस जमीन पर अपना कब्जा नही ले सके और न ही अपने नाम उस जमीन की रजिस्ट्री करा सके। जिसके कारण आरोपियों ने ऊपर से ऊपर ही उपरोक्त जमीन को बेचने की योजना बनाई और आरोपियों ने 50 कनाल 18 मरले जमीन का सौदा शिकायतकर्ता के साथ एक करोड़ एक लाख रुपए में कर लिया व पन्द्रह लाख रुपए इकरारनामे के तौर पर ले लिए। लेकिन कागजात के अभाव में आरोपी उक्त जमीन की रजिस्ट्री शिकायतकर्ता के नाम करवाने में कामयाब नहीं हो सके व आरोपियों ने शिकायतकर्ता को उसके रुपए लौटाने से भी मना कर दिया। आरोपियों को मामले में शामिल जांच करके जमानत पर रिहा कर दिया गया है। इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार वासी बल्लभगढ़ हरियाणा ने वर्ष 2021 में आरोपीगण लियाकत, अख्तर, सत्तार, गफ्फार पुत्रान बिन्दु, शकील, वकील, मुन्नी, यासीन, जमशेद व यामिन पुत्रान अब्दुल गफुर वासियान गांव कुण्डा जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश, इरफान पुत्र मोकिल व दिलशाद पुत्र सलामू वासियान गांव बजीदपुर जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश के खिलाफ नामजद पुलिस अधीक्षक कार्यालय करनाल में एक शिकायत दी, जिसमें उसने बताया कि वह आरोपी दिलशाद व इरफान उपरोक्त को पहले से जानता था।

दोनों आरोपियों ने उससे कहा कि उसके रिस्तेदार गांव कुण्डा कला जिला करनाल में अपनी जमीन बेचना चाहते हैं। जिसके बाद आरोपियों ने उक्त जमीन के कागजात शिकायतकर्ता को दिखाए और उक्त जमीन भी दिखाई। जिस पर शिकायतकर्ता ने नवम्बर 2019 में पेशगी के तौर पर आरोपियों को पचास हजार रुपए दे दिए। उसके कुछ दिन वाद नवम्बर 2019 में ही करनाल कोर्ट में उक्त जमीन का इकरारनामा लिखवाया गया और उस समय शिकायतकर्ता ने आरोपियों को डीडीए के जरिये पन्द्रह लाख रुपए दे दिए। जिसके बाद उक्त जमीन की रजिस्ट्री कराने की तिथि निश्चित हो गई। लेकिन आरोपी तय तिथि के मुताबिक उक्त जमीन की रजिस्ट्री करवाने नहीं आए और बार-बार कोई ना कोई बहाना मारकर टाल मटोल करने लगे। जिसके कारण शिकायतकर्ता को शक हुआ तो उसने उक्त जमीन के कागजात चैक करवाए तो उक्त जमीन आरोपियों के नाम नही पाई गई।

इस प्रकार आरोपियों ने जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार करवाकर शिकायतकर्ता के साथ पन्द्रह लाख पचास हजार रुपए की धोखाधडी की वारदात को अंजाम दिया था। जब शिकायतकर्ता ने आरोपियों से अपने रुपए वापिस मांगे तो आरोपी उसे धमकी देने लगे। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ नामजद थाना कुंजपुरा में 7 जून 2021 को भादंस की धारा-406, 420, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया।

## नवनियुक्त असिस्टेंट एडवोकेट जनरल भगवत दयाल शर्मा को किया गया सम्मानित



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा** ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित जिले सिंह पिचोलिया ने हरियाणा सरकार के नवनियुक्त असिस्टेंट एडवोकेट जनरल भगवत दयाल शर्मा को सम्मानित किया और साथ ही इस नियुक्ति के लिए हरियाणा सरकार एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद भी किया।

जिले सिंह ने कहा कि भगवत दयाल शर्मा जमीन से जुड़ा हुआ, मेहनती और कर्मठ युवा है इसकी नियुक्ति से युवाओं में एक बहुत अच्छा संदेश गया है और पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी भगवत दयाल शर्मा ने अच्छा काम किया है, जिसके लिए पूरे समाज को इन पर गर्व है। आने वाले समय में भगवत दयाल शर्मा का एक बड़ा अभिनंदन समारोह भी रखा जाएगा, जिसमें हजारों लोग उपस्थित होंगे। इसके साथ-साथ भगवत दयाल शर्मा ने अपने अभिनंदन से गदगद होते हुए कहा कि मेरा यह पद बुजुर्गों के आशीर्वाद से ही मिला है और बुजुर्गों के आशीर्वाद से ही मैं आगे बढ़ा हूं।

## डॉ. अमृतपाल के आकस्मिक निधन पर किया शोक प्रकट



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने मंगलवार को करनाल प्रवास के दौरान समाजसेवी एवं विभिन्न व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि जोगिन्द्र सिंह बावा के निवास स्थान सुभाष कॉलोनी तथा आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अमृतपाल बाम्बा के निवास स्थान मॉडल टाऊन पहुंचकर उनके आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया और परिजनों को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजसेवी जोगिन्द्र बावा व आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अमृतपाल बाम्बा की कमी को पूरा नहीं किया जा सकता। उनके चले जाने से न केवल परिवार को गहरी क्षति पहुंची है बल्कि समाज को भी बड़ा नुकसान हुआ है।

बता दें कि मनप्रीत सिंह बावा के पिता स्व. जोगिन्द्र सिंह बावा 84 वर्ष की आयु पूरी करके 8 मई को प्रभु के चरणों में लीन हो गए थे। वे अपने पीछे दो बेटे मनप्रीत सिंह बावा व ऋशमीत सिंह बावा सहित हरा-भरा परिवार छोडकर गए हैं। मनप्रीत सिंह भाजपा आईटी सैल में पूर्व में जिलाध्यक्ष के पद पर रह चुके हैं और अब भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं।

आईएमए के पूर्व अध्यक्ष स्व. डॉ.अमृतपाल बाम्बा 75 वर्ष की आयु में अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके 12 मई को प्रभु के श्रीचरणों में लीन हो गए थे। बता दें कि वे काफी समय से बीमार चल रहे थे। लंबी बीमारी के चलते उनका आकस्मिक निधन हो गया है। वे अपने पीछे दो बेटे डॉ. प्रेमपाल बाम्बा व नरेन्द्र बाम्बा सहित हरा-भरा परिवार छोडकर गए हैं। नरेन्द्र बाम्बा वर्तमान में चेयरमैन जिला करनाल व्यापार मंडल के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अनेक सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुडकर समाजसेवा के क्षेत्र में सेवा कर रहे हैं। इस मौके पर घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता तथा प्रशासन की ओर से उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा मौजूद रहे।

## दिनेश गुलाटी ने इंडोनेशिया प्रवास के दौरान लोगों को करवाया योग



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। योग** गुरु दिनेश गुलाटी ने आठ दिन की इंडोनेशिया यात्रा के बाद फव्वारा पार्क सेक्टर-12 करनाल में पहुंचकर योग साधकों के साथ अपने अनुभव सांझा किए। इंडोनेशिया प्रवास के दौरान उन्होंने वहां के नागरिकों के बीच योग की धूम मचाई और विभिन्न क्षेत्र के लोगों को योग करवाया और उन्हें योग की बारीकियों और फायदों के बारे में समझाया। उन्होंने कहा कि वहां के निवासी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक तो हैं, परंतु योग नहीं करते क्योंकि उन्हें योग की जानकारी नहीं है। उन्होंने वहां योग की अलख जगाते उन्हें योग द्वारा स्वास्थ्य के विषय में समझाया कि योग हमें हमेशा के लिए निरोग रख सकता है। योग के नियमित अभ्यास से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में आश्चर्यजनक सुधार होता है और विभिन्न रोगों से ग्रस्त व्यक्ति के लिए तो रोग औषधि का काम करता है।

## एक किलो 385 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी अंकित राय उर्फ मुन्ना पुत्र बब्र राय वासी गांव चोरी जिला मधुबनी बिहार को गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक किलो 385 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह अनाज मण्डी करनाल में ठेकेदारी का काम करता है।

## 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं' विषय पर हुआ निबंध प्रतियोगिता



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा** राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय ने जिला शिक्षा कार्यालय के साथ मिलकर 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराएंइ विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें जिला के स्कूलों के 750 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल करनाल में किया गया। आयोजन के सुचारू संचालन की निगरानी के लिए हार्दिक सिरोहा, एसडीओ और निपुण गुप्ता, एसडीओ, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ डीईओ कार्यालय से दीपक वर्मा उपस्थित रहें। उन्होंने बताया कि विजेता के लिए प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपये है, जबकि दूसरे और तीसरे रनर अप के लिए क्रमशः 7500 रुपये और 5 हजार रुपये है। उन्होंने बताया कि शीर्ष 3 विजेताओं की निबंध शीट का मूल्यांकन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा, जहां विजेता के लिए पुरस्कार 51 हजार रुपये है, जबकि दूसरे और तीसरे रनर अप के लिए क्रमशः 31 हजार रुपये और 21 हजार रुपये का पुरस्कार है।

उन्होंने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विजेताओं को पुरस्कार देने के साथ-साथ उनका सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन भारत के नागरिकों को पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ जीवन शैली अपनाने के लिए माननीय पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए मिशन लाइफ अभियान के हिस्से के रूप में किया गया था।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पिछले साल राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से बड़ी संख्या में एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के 'निर्माण, आयात, स्टॉकिंग, वितरण, बिक्री और उपयोगइ पर प्रतिबंध लगा दिया था। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित वस्तुओं में ईयरबड्स, बैलून स्टिक, कैंडी और आइसक्रीम स्टिक शामिल हैं; प्लेट, कप,

## मारपीट कर व चोट मारकर छीना झपटी करने वाले तीन काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** पुलिस चौकी जुण्डला की टीम द्वारा तीन ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने राहगीरों का रास्ता रोककर उनके साथ मारपीट करके उन्हें चोट मारकर उनके तीन मोबाइल फोन व दो हजार रुपए की नगदी छीनने की वारदातों को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से वारदात में छीने गए तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

पुलिस टीम द्वारा गत दिवस आरोपी विकास पुत्र सतपाल, राहुल पुत्र नरेश व प्रदीप पुत्र रघुबीर वासियान गांव जुण्डला जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर जुण्डला के एरिया से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि तीनों आरोपी आवारा किस्म के व्यक्ति हैं और नशा बगैरहा करने के आदी हैं। आरोपी कोई भी काम धंधा नही करते थे। जिसके कारण आरोपियों ने नशा करनेए खर्चा करने व ऐशो आराम के लिए अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर एक साथ दो वारदातों को अंजाम दिया था। इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता राजू वासी गांव प्यौंत ने पुलिस चौकी जुण्डला में एक शिकायत देते हुए बताया कि वारदात 15 मई की रात को वह अपनी मोटरसाईकिल पर सवार होकर जुण्डला में रहने वाले अपने जीजा से मिलकर वापिस जा रहा था। जब वह दिन के समय करीब 12 बजे केसी पैलेस जुण्डला के पास पंहुचा तो वहां पर पहले से ही उसे चार से पांच लडके अपने हाथों में लोहे ही गिरारी, पंच व लोहे की रॉड लिए खडे हुए मिले।

जिन्होंने उसके साथ मारपीट की, उसको चोट मारकर उसकी मोटरसाईकिल में तोडफोड़ करके उससे उसके दो मोबाइल फोन छीनकर मौका से फरार हो गए।

## वोल्वो कार इंडिया ने एसोचैम के सहयोग से स्वास्थ्य केंद्र के लिए सौर संयंत्र स्थापित किया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद श्री** कृष्ण पाल गुर्जर, केंद्रीय राज्य मंत्री, बिजली और भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने आज फरीदाबाद, सेक्टर-30 में सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 केडब्ल्यूपी सौर ऊर्जा इकाई का उद्घाटन किया। वोल्वो कार इंडिया द्वारा स्थापित, इकाई वर्तमान आवश्यकता को पूरा करने के लिए बिजली प्रदान करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि बिजली आउटेज की अप्रत्याशित स्थिति में सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र सामान्य रूप से काम करता रहे। डॉ. विनय कुमार गुप्ता, सिविल सर्जन, फरीदाबाद और डॉ. ज्योति शर्मा, चेयरपर्सन- हेल्थ वेलफेयर कमेटी, एफआरयू -1, फरीदाबाद ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। उद्घाटन के अवसर पर वॉल्वो कार इंडिया के प्रतिनिधित्व नेटवर्क एंड प्रोडक्ट के निदेशक श्री राजीव चौहान ने किया। 2022 में, वोल्वो ने खेरी कलां, फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सौर ऊर्जा इकाई की स्थापना को सफलतापूर्वक लागू किया था । पिछले साल सोलर प्लांट इंस्टालेशन की सफलता के बाद वॉल्वो ने इस साल फरीदाबाद के पब्लिक हेल्थ सेंटर, सेक्टर-30 को शामिल करने के लिए अपनी पहुंच बढ़ाई। भविष्य के लिए वोल्वो आने वाले वर्षों में अपनी स्थायी पहलों का विस्तार जारी रखने का इरादा रखता है। सोलर प्लांट का उद्घाटन करते हुए, कृष्ण पाल, केंद्रीय राज्य मंत्री, बिजली और भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा, हमारी सरकार स्वास्थ्य और हरित ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित कर रही है। मुझे खुशी है कि वॉल्वो कार की रणनीति इन लक्ष्यों के अनुरूप है।

## 'करनाल रेंज पुलिस ने विशेष अभियान के तहत पकड़े 65 अपराधी'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल रेंज** में अपहरण, लूट, डकैती, छीना झपटी, फिरौती व चोरी इत्यादि विभिन्न प्रकार के संपत्ति विरुद्ध अपराधों में संलिप्त दोषियों व आपराधिक गिरोहों का पदार्फाश करने के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया हुआ है। अपहरण, लूटपाट, डकैती, छीना झपटी, फिरौती, चोरी, वाहन चोरी, पशु चोरी व अन्य संपत्ति विरुद्ध अपराधो पर अंकुश लगाने तथा दर्ज मामलों के वांछित आरोपियों पर कडी कार्यवाही करते हुए प्रथम दो सप्ताह मे 65 अपराधियों को पकडकर उनके कब्जा से 26 लाख 29 हजार 300 रुपये की जनसम्पति बरामद की गई तथा ऐसे अपराधियो से चोरी का माल खरीदने वाले एक अपराधी को पकडकर उनके कब्जा से 50 हजार रुपये की जन सम्पति बरामद की गई है। संगीन अपराधों में सलिप्त 4 उदघोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पूर्व में सम्पति विरुद्ध अपराधों मे संलिप्त रहे 175 आरोपियों पर कडी निगरानी रखी गई है। इसके अतिरिक्त बार-बार अपराध करने वाले 6 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

करनाल मंडल के पुलिस महानिरीक्षक सतेन्द्र कुमार गुप्ताए ने करनाल मण्डल के सभी पुलिस अधिकारियों को संपत्ति विरुद्ध अपराधों में सम्मिलित दोषियों के संबंध में पूर्ण जानकारी जुटाकर ज्यादा से ज्यादा आपराधिक गिरोहों का पदार्फाश करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में संपत्ति विरुद्ध अपराधों की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि रेंज के विभिन्न थानों में दर्ज संपत्ति विरुद्ध अपराधों में सजा काट चुके दोषियों अथवा जमानत पर आए हुए आरोपियों की गतिविधियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है, ताकि वह भविष्य में किसी अन्य वारदात को अंजाम न दे सके।

इसके साथ ही संपत्ति विरुद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए जिला की सीमाओं के साथ लगते अन्य जिलों व राज्यों की पुलिस से भी बेहतर समन्वय स्थापित करके तालमेल रखते हुए सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है, जिससे लूट, डकैती, छीना झपटी व चोरी करने वाले दोषियों पर शिकंजा कसा जा सके तथा किसी भी तरह की संपत्ति विरुद्ध अपराध की वारदात को रोका जा सके।

# 'गीता मानवता की सच्ची पथ प्रदर्शक'

**श्रीमद्भगवद्गीता का एक वाक्य भी यदि हम अपने जीवन में उतार लें तो हमारा जीवन धन्य हो सकता है। श्रीमद्भगवद्गीता हमारे जीवन में परिवर्तन ला सकती है।**

**यह भाव विभोर करने वाला क्षण है। इस संत समागम में भक्ति रस के साथ-साथ संतों का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है: सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता का एक वाक्य भी यदि हम अपने जीवन में उतार लें तो हमारा जीवन धन्य हो सकता है। श्रीमद्भगवद्गीता हमारे जीवन में परिवर्तन ला सकती है। गीता मानवता की सच्ची पथ प्रदर्शक है। गीता हमें कर्म का संदेश देती है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल सोमवार को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के जन्मोत्सव पर करनाल के सेक्टर-12 में आयोजित राधा जागरण के अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज को उनके जन्मोत्सव पर बधाई दी और दीघार्यु होने की कामना की। उन्होंने कहा कि यह भाव विभोर करने वाला क्षण है। इस संत समागम में भक्ति रस के साथ-साथ संतों का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद एक प्रकाश पुंज हैं, जो गीता के सार को जन-जन तक पहुंचाकर हम सभी का मार्गदर्शन कर रहे हैं। गीता रूपी सूर्य के प्रकाश से अज्ञान रूपी अंधकार नष्ट करने के लिए, इससे उत्तम अध्ययन कोई नहीं हो सकता।

**मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 94,558 लोगों को भी दी जन्मदिन की बधाई**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वामी ज्ञानानंद के जन्मोत्सव के साथ-साथ हरियाणा की 2 करोड़ 84 लाख जनसंख्या में से 15 मई को 94,558 लोगों का भी जन्मदिन है। उन्हें भी जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि जब संत महापुरुषों का जन्मोत्सव होता है तो हमें उस दिन संकल्प लेने की जरुरत होती है, ताकि जीवन में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए हर वर्ग के लिए गीता सार की पुस्तक लिखी है। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए, किसान के लिए, सैनिक के लिए, माता-पिता के लिए, पुत्र के लिए और राजनेताओं के लिए भी गीता सार पर पुस्तक लिखी है। सभी इसका अनुसरण कर जीवन को धन्य बना सकते हैं।

**समाज सुधारक के रूप में काम करते हैं संत:** मनोहर लाल ने कहा कि संत महापुरुष समाज सुधारक के रूप में काम करते हैं। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज समाज की कुरीतियों, सामाजिक समस्याओं पर निरंतर कार्य कर रहे हैं।

जेल के बंदियों तक गीता का संदेश पहुंचा रहे हैं। इसके साथ-साथ गौ माता की सेवा के लिए गौशालाएं चलाई जा रही हैं। गरीबों का निशुल्क पोलियो आप्रेशन, रक्तदान शिविर और अन्य सेवा के काम किए जा रहे हैं। देश ही नहीं विदेशों में भी अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिससे विदेशों में भी गीता का संदेश पहुंचाया जा रहा है।



## मुख्यमंत्री ने जारी किया विश्वकर्मा कौशल विवि का प्रोस्पेक्टस

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ में दुधोला स्थित श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का प्रोस्पेक्टस जारी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने युवाओं को कुशल बनाने के लिए शुरू किए गए सभी कोर्स बहुत प्रासंगिक हैं। मुख्यमंत्री ने नवीनतम तकनीक से जुड़े रोजगारपरक कोर्स शुरू करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू को बधाई दी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप इंडस्ट्री की मांग पर आधारित कार्यक्रम चलाए जाने के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। साथ ही उन्होंने देश के पहले इनोवेटिव स्किल स्कूल का दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहने पर भी विश्वविद्यालय प्रशासन को बधाई दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा और देश के युवाओं को कुशल बनाने की दिशा में विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस अवसर पर विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इस बार कोर्सों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है। ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को कौशल के साथ जोड़ने के उद्देश्य से दसवीं के बाद भी डिप्लोमा और डी.वॉक कोर्स शुरू किए गए हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इंडस्ट्री की मांग के हिसाब से जॉब रोल और कोर्स तैयार किए गए हैं। उसी के अनुरूप पाठ्यक्रम भी डिजाइन किया गया है। विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ऑन द जॉब ट्रेनिंग को सर्वोपरि लेकर चलता है ताकि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ साथ फील्ड में काम सीखे और सीधा इंडस्ट्री के साथ जुड़े। इससे उनको पढ़ाई के साथ-साथ कमाई का भी अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक तकनीक से लैस सिमुलेटर लैब, सोलर लैब और इलेक्ट्रिक लैब नए परिसर में स्थापित की गई हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, उप प्रधान सचिव केएम पांडुरंग, मिशन डायरेक्टर विवेक अग्रवाल, विश्वविद्यालय के कुलसचिव आरएस राठौड़ और डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ज्योति राणा उपस्थित थे।

# बौनों व किन्नरों की पेंशन भी ढाई सौ रुपये बढ़ाने का ऐलान

**यादव ने बताया कि 1 अप्रैल 2023 से ही वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन और लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना की राशि में भी बढ़ोतरी की गई है। अब यह राशि 2500 रुपये से बढ़ाकर 2750 रुपये मासिक कर दी गई है।**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने बौनों और किन्नरों का भत्ता बढ़ाकर 2,750 रुपये मासिक करने का ऐलान किया है। भत्ते की बढ़ा हुई राशि 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी। यह जानकारी हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओम प्रकाश यादव ने मंगलवार को यहां विभाग की समीक्षा बैठक के बाद दी। उन्होंने बताया कि इन दोनों योजना के तहत भत्ता प्राप्त करने के लिए व्यक्ति हरियाणा का अधिवासी होना चाहिए और उसकी आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए। बौना भत्ता के लिए पुरुष का कद 3 फुट 8 इंच और महिला का कद 3 फुट 3 या इससे कम होना चाहिए। दोनों श्रेणियों के तहत भत्ता प्राप्त करने के लिए आवेदक को सिविल सर्जन से सर्टिफिकेट भी प्रस्तुत करना होगा।

यादव ने बताया कि 1 अप्रैल 2023 से ही वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन और लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना की राशि में भी बढ़ोतरी की गई है। अब यह राशि 2500 रुपये से बढ़ाकर 2750 रुपये मासिक कर दी गई है। इसके अलावा, निराश्रित बच्चों को दी जाने वाली सहायता राशि भी बढ़ाकर 1850 रुपये मासिक कर दी गई है। यह सहायता एक परिवार को अधिकतम दो बच्चों तक दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 18 साल तक के स्कूल न जाने वाले दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली सहायता राशि भी बढ़ाकर 2150 रुपये की गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ने बताया कि जम्मू एवं कश्मीर से विस्थापित होकर हरियाणा आने वाले कश्मीरी परिवारों की सहायता राशि बढ़ाकर 1250 रुपये प्रतिमाह प्रति सदस्य की गई है परन्तु यह राशि प्रति परिवार 6250 प्रतिमाह से अधिक नहीं

# प्रधानमंत्री ने की मन की बात तो 'सेल्फी विद डॉटर' से जुड़े 42 हजार नए चेहरे

**देश-विदेश के लोगों में सेल्फी विद डॉटर के प्रति दिलचस्पी एकदम से बढ़ गई**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सात समंदर पार पहुंच गई है। ऐतिहासिक सौवें एपिसोड में सेल्फी विद डॉटर के संस्थापक सुनील जागलान के साथ बातचीत करने के बाद देश-विदेश के लोगों में सेल्फी विद डॉटर के प्रति दिलचस्पी एकदम से बढ़ गई है। सुनील जागलान को साइट संभालने के लिए अलग से प्रयास करने पड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के सौवें एपिसोड में हरियाणा में लिंगानुपात सुधार का क्रेडिट सुनील जागलान के सेल्फी विद डॉटर अभियान को देते हुए स्वयं को सुनील जागलान से प्रभावित बताया। हरियाणा के जींद जिला के गांव बीबीपुर से नौ जून, 2015 को सेल्फी विद डॉटर अभियान की शुरूआत करने वाले सुनील जागलान के अनुसार मन की बात के सौवें एपिसोड के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब उनके साथ बात की, तो उन्हें देश-विदेश से फोन कॉल आनी शुरू हो गई। प्रधानमंत्री के साथ हुई इस बातचीत



को भारत ही नहीं, विदेशों में बसे लोगों ने भी सुना व देखा। इस बातचीत के बाद सेल्फी विद डॉटर अभियान काफी वायरल हुआ। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री के साथ बातचीत से पहले जहां साल में कुल 40 हजार सेल्फी अपलोड होती थी, वहीं अब 15 दिनों के भीतर 42 हजार के करीब नई सेल्फी अपलोड हुई हैं। आठ हजार से अधिक सेल्फी विदेशों से आई हैं, जिसमें सबसे अधिक पड़ोसी देश नेपाल से हैं।

सुनील जागलान ने बताया कि नेपाल के अलावा अमेरिका, इंग्लैंड, पौलेंड, जर्मनी, भूटान और कनाडा से भी सैकड़ों सेल्फी विद डॉटर आई हैं। इस कारण उन्हें अब अपनी साइट को अपग्रेड करवाना पड़ रहा है। इसके लिए उनकी आईटी टीम लगातार काम कर रही है। साइट पर अधिक सेल्फी होने के कारण उन्होंने एक दिन के लिए अपलोडिंग बंद की, क्योंकि हर सेल्फी विद डॉटर को वेरीफाई किया जाता है तो उनके पास लोगों के फोन आने शुरू हो गए। सुनील जागलान ने बताया कि नौ जून को हर साल सेल्फी विद डॉटर डे के रूप में मनाया जाता है।

# स्कूल के रसोई घर से हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**कुंडली थाना** क्षेत्र के गांव सेरसा में स्थित सरकारी स्कूल के रसोई घर से हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। स्कूल के इंचार्ज ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकाडिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

गांव सनपेडा निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह गांव सेरसा स्थित सरकारी स्कूल में डीपीई के पद पर कार्यरत है। हाल में स्कूल में वह बतौर इंचार्ज का कार्यभार संभाल रहा है। हर रोज की तरह गत 15 मई को स्कूल के सभी कमरों के ताले लगाकर घर चले गए। 15 मई को स्कूल में पहुंचे। जहां रसोई घर का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर सामान की जांच की तो एक इनवेटर, चार बैटरी, एक गैंस सिलेंडर गायब मिला। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। कुंडली थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकाडिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# टीडीआई सोसायटी में नौ साल के बच्चे का अपहरण कर बेरहमी से हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

बहालगढ़ थाना क्षेत्र में स्थित टीडीआई एस्पानिया में गली में खेलने आए नौ साल के बच्चे का अपहरण कर उसकी बेरहमी से सिर पर वार करके उसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी। शिकायत पर पुलिस ने जांच की तो पता लगा कि बच्चे का अपहरण पड़ोस की सोसाइटी में रहने वाले किशोर ने रुपयों के लिए किया था। उसने बच्चे के घर पर पत्र फेंककर छह लाख रुपये की फिरौती की मांग की थी। पुलिस ने सोसाइटी में लगे सीसीटीवी को खंगाला तो वह बच्चे के साथ दिखाई दिया। उसे पकड़कर पूछताछ की तो हत्या की घटना से पर्दा उठ गया। बच्चे का शव बेसमेंट में रखे पानी के ड्रम में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मामले में हत्या की धारा को जोड़ दिया है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे बाल सुधार गृह में भेजा गया है।

उत्तर प्रदेश हाल में टीडीआई सोसायटी निवासी अजीत त्रिपाठी ने बताया कि वह लंबे समय से लखनऊ के जानकीपुरम स्थित सीता विहार कॉलोनी में रहते थे। वह पेटीएम में एरिया सेल्स मैनेजर के पद पर हैं। वह दिसंबर, 2022 में सोनीपत तबादला होकर आए थे। जिसके बाद उन्होंने फरवरी माह में गांव नांगल खुर्द व कुमासपुर के बीच स्थित टीडीआई एस्पानिया में फ्लैट लेकर रहना शुरू किया था। वह सोमवार को ड्यूटी पर थे। देर सात बजे के बाद उनकी पत्नी ने बताया कि बेटा अर्जित उर्फ हन्नू (साढ़े आठ साल) नीचे खेल रहा था। वह अब नहीं मिल रहा है। उन्होंने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन

## नागरिक अस्पताल में दवा लेने आए युवक का दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सेक्टर-27 शहर** थाना क्षेत्र में स्थित नागरिक अस्पताल की पार्किंग से दो-पहिया वाहन चोरी होने का मामला सामने आया है। वाहन चालक अस्पताल में दवा लेने के लिए आया था। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकाडिंग खंगाल रही है। ताकि चोर का कोई सुराग हाथ लग सके। गांव मुकीमपुर निवासी दीपक ने बताया कि वह गत 15 मई को अस्पताल में दवा लेने के लिए आया था। मोटरसाइकिल को अस्पताल परिसर की पार्किंग में खड़ा करके दवा लेने चला गया। वापिस दवा लेकर लौटा तो मोटरसाइकिल गायब मिली। अपने स्तर पर वाहन की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी विक्रम ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकाडिंग खंगाली जा रही है।

## बेटी की हत्या करने की आरोपित मां व जीजा को अदालत में किया पेश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**मुरथल** थाना क्षेत्र के गांव की युवती को उसकी मां ने ही अपने दामाद संग मिलकर झूठी आन के लिए मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने आरोपित मां व युवती के जीजा को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है। आरोपितों ने युवती की हत्या करने बाद में उसके शव को दफना दिया गया था। इसका पता लगने पर पुलिस ने शव को कब्र से निकलवाकर उसका पोस्टमार्टम कराया था। जिसमें गला दबाकर व सिर में चोट मारकर हत्या किए जाने का पता लगा है।

**यह था मामला-**

मुरथल थाना क्षेत्र के गांव की 20 वर्षीय युवती की शनिवार को मौत होने के बाद परिजनों ने उसका शव दफना दिया था। शाम को पुलिस के पास किसी ने कॉल कर सूचना दी थी कि युवती की हत्या कर शव को दफनाया गया था। पिता की मौत के बाद मां व भाई संग मेहनत मजदूरी करती थी। पुलिस को बताया गया था था कि वह शुक्रवार को भिंडी तोडने.के लिए खेत में गई थी। वहां पर कीटनाशक का स्प्रे किया गया था। घर आने के बाद वह खाना खाकर सो गई थी। सुबह वह मृत मिली थी। उन्होंने समझा कि कीटनाशक के प्रभाव में उसकी मौत हो गई। बाद में पुलिस ने शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराया था। जिसमें रविवार रात चिकित्सक ने युवती की हत्या किए जाने की पुष्टि कर दी थी। युवती की गला दबाकर व सिर में चोट मारकर हत्या किए जाने का पता लगा था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में पुलिस को अंदेशा था कि उसकी झूठी आन के लिए हत्या की गई है। पुलिस ने मामले में कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

## पति सहित सात के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः** कुंडली थाना क्षेत्र निवासी महिला ने दिल्ली निवासी ससुराल पक्ष के सदस्यों पर दहेज की मांग को लेकर मानसिक व शारीरिक तोर से प्रताड़ित करने के आरोप की शिकायत पुलिस को दी है।

पुलिस ने इस संबंध में पति सहित सात आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# हरिया□ा में तीन लाख 78 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा वन विभाग प्रदेश को हरा-भरा बनाने के लिए 90 किस्मों के 3 लाख 78 हजार 250 पौधे लगाएगा। विभाग मानसून की पहली बारिश के बाद पौधारोपण का कार्य शुरू हो जाएगा। इस साल मुख्य रूप से औषधीय पौधे, फल, छाया और लकड़ी देने वाले पौधे लगाए जाएंगे। वन विभाग के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए पौधारोपण जरूरी है। पौधे हवा को शुद्ध करते हैं, पानी का संरक्षण करते हैं, जलवायु नियंत्रण में मदद करते हैं व मिट्टी को संरक्षित करने के अलावा पर्यावरण को कई अन्य तरीकों से भी लाभान्वित करते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ हवा से कणों को फिल्टर भी करते हैं, इस प्रकार इसे स्वच्छ और जहरीले पदार्थों से मुक्त बनाते हैं। हमें पौधारोपण तो करना ही चाहिये साथ ही साथ उनकी परवरिश भी करनी चाहिए। पंचायती जमीन, मुख्य मार्ग, स्कूल, कॉलेज, श्मशान घाट, खेल के मैदान, सरकारी शिक्षण संस्थान आदि में मानसून आने के



बाद पौधारोपण किया जाएगा। पौधारोपण में पौधगिरि के तहत 75 हजार, जल शक्ति के तहत एक लाख व 75 हजार पौधे निःशुल्क दिए जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि पौधे जीवन देने वाली ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और जानवरों द्वारा छोड़ी गई कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं। ये फल, लकड़ी, फाइबर, रबर आदि और भी बहुत कुछ प्रदान करते हैं। पेड़ पशुओं और पक्षियों के लिए आश्रय का भी काम करते हैं। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, विद्यालयों का भी सहयोग लिया जाएगा।

# सास के साथ घूमने निकली महिला के गले से चेन झपटी

**बाइक सवार ने दिया वारदात को अंजाम, सेक्टर-14 में रात नौ बजे घर के बाहर घूमने निकली थी महिला**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सेक्टर-27 श**हर थाना क्षेत्र के सेक्टर-14 में घर के बाहर सैर कर रही महिला के गले से सोने की चेन झपटने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत देकर मोटरसाइकिल सवार पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकाडिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-14 निवासी अंजली ने बताया कि रात को खाना खाने के बाद वह घर के बाहर सड़क पर सैर कर रही थी। उनकी सास भी साथ में ही थी। रात में करीब नौ बजे सामने की ओर से बाइक पर एक युवक




आया। उसने हेलमेट लगाया हुआ था। बाइकर्स ने बराबर में आते ही अंजली के गले से सोने की चेन झपट ली और भाग निकला। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग घरों से बाहर आए। उन्होंने अपने वाहनों से बाइकर्स को तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। इसकी सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। पुलिस ने भी बाइकर्स को तलाश किया, लेकिन उसकी जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकाडिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

एक ही क्षेत्र में हुई तीसरी वारदात- बाइकर्स ने सेक्टर क्षेत्र में ही तीसरी वारदात को अंजाम दिया है। इससे पहले एक ही दिन में सेक्टर-12 और 14 में महिलाओं की चेन झपटकर बाइकर्स फरार हो गया था। तीनों ही घटनाओं में बाइकस पर एक ही व्यक्ति था और हेलमेट लगाए था। उसने तीनों घटनाओं को भी शाम के समय पर ही अंजाम दिया है। पुलिस बाइकर्स लुटेरे की तलाश कर रही है। महिला के गले से सोने की चेन झपटने की शिकायत मिली है। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द बाइक सवार बदमाश का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। रात के समय क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जायेगी।

**एसआई देवेंद्र, जांच अधिकारी।**

# तेज रफ्तार कार चालक ने दो-पहिया वाहन सवार को कुचला, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर बहालगढ़ के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार चालक ने दो-पहिया वाहन पर मुरथल ढाबे पर खाना-खाने आ रहे तीन युवकों को चपेट में ले लिया। हादसे में तीनों घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायलों को परिजन दिल्ली के अस्पताल में ले गए। जहां उनका उपचार चल रहा है। हरदोई यूपी हाल में जनकपुरी दिल्ली निवासी शैलेंद्र ने बताया कि गत 15 मई को रात करीब 11 बजे अपने दोस्त पविंद्र व मंदीप के साथ खाना-खाने के लिए मुरथल ढाबे पर आ रहे थे।

तीनों दोस्त स्कूटी पर सवार होकर मुरथल जा रहे थे। बहालगढ़ के पास पहुंचने पर पीछे से तेज रफ्तार कार चालक ने उन्हें चपेट में ले लिया। तीनों हादसे में घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन चालक कार सहित फरार हो गए। राहगीरों की मदद से सरकारी एबुलेंस में उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने मंदीप (32) को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया। पुलिस ने मंगलवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी एचसी संदीप कुमार ने बताया कि वाहन चालक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

घायलों को परिजन दिल्ली के निजी अस्पतालों में ले गए। जल्द से जल्द वाहन चालक का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# केंद्रीय मंत्री व विज ने 218 युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**श्रम एवं** रोजगार मंत्रालय भारत सरकार में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने मंगलवार को किंगफिशर पर्यटन स्थल अम्बाला शहर में डाक विभाग अम्बाला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 218 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने का काम किया। यह नियुक्ति पत्र केन्द्र सरकार के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों के तहत भरे गये हैं। इस मौके पर देश के 45 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने का काम किया गया है।

कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनके उज्जवल भविष्य की उन्हें



शुभकामनाएं भी दी। मंत्री भूपेन्द्र यादव ने उपस्थित सभी नियुक्ति पाने वाले युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की सबसे बड़ी देश में साख है कि मोदी सरकार जो कहती है वो करती है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष 10 लाख रोजगार देने का संकल्प लिया है। जिसके तहत आज 45 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने का काम किया जा रहा है। उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार के द्वारा विभिन्न विभागों में जो पद खाली पड़े थे उन्हें आज भरते हुए सम्बन्धित को नियुक्ति पत्र सौंपे गये हैं जिनमें टिकट क्लर्क, जूनियर क्लर्क, लोअर डिवीजन क्लर्क, सीनियर डिवीजन क्लर्क, नर्सिंग ऑफिसर, टैक्सी विभाग के तहत पैरामिल्ट्री फोर्स के तहत हैड

**⏩ यह नियुक्ति पत्र केन्द्र सरकार के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों के तहत भरे गये हैं**

कांस्टबेल से सहायक के पद व अन्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकारी व निजी क्षेत्र में रोजगार देने के लिए कार्य किए जा रहे हैं और इसके साकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जुलाई 2015 में नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल का शुभारम्भ किया था और इस पोर्टल के माध्यम से एक करोड से ज्यादा आवेदकों ने तथा 10 लाख से अधिक नियुक्ति को रजिस्टर करने का काम किया गया है। यह पोर्टल युसल फ्रैंडली पोर्टल की तरह बनाया गया है ताकि देश के स्किल युवाओं व अन्य युवाओं को स्किल की जानकारी उपलब्ध करवाते हुए उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने का काम किया जा सके। एनसीसी पोर्टल के माध्यम से रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है और 400 माडल कैरियर सर्विस सैंटर भी चलाये जा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि एनसीसी पोर्टल नेशनल कोरियर सर्विस सैंटर के तहत जल्द ही पार्ट - 2 लॉंच किया जायेगा ताकि जिस भी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध है उन्हें तलाशने का काम किया जा सके। इस पोर्टल की विशेषता यह रहेगी कि जहां रोजगार के अवसरों को तलाशा जायेगा वहीं युवाओं को रोजगार से सम्बन्धित मार्गदर्शन चाहिए तो उसे भी मुहैया करवाई जायेगी।

# 13 करोड़ की लागत से चमकेगी छावनी की सड़कें: अनिल विज



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**हरियाणा के गृह** एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र की 16 प्रमुख सड़कों को 13 करोड़ रुपए की लागत से चकाचक किया जाएगा। गृह मंत्री अनिल विज ने बताया कि सदर क्षेत्र में आउटर लार्जर रोड, विभिन्न क्रास रोड, हिल रोड सहित, शास्त्री कालोनी एवं अन्य सड़कों के लिए 13 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी गई है। विज ने बताया कि नगर परिषद द्वारा इन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को इन सड़कों के जल्द टेंडर लगाने के निर्देश दिए ताकि निर्माण कार्य आरंभ किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सड़कों को गुणवत्तापूर्वक बनाया जाए और निर्माण कार्य की निगरानी की जाए।

इन सड़कों का निर्माण होने से लाखों वाहन चालकों को फायदा मिलेगा। सड़कों के निर्माण के लिए गृह मंत्री अनिल विज ने पूर्व में नगर परिषद अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए थे और अब निर्माण कार्य के लिए यह राशि रिलीज भी हो चुकी है। 1.03 करोड़ रुपए की लागत से क्रास रोड जीरो से क्रास रोड नंबर चार हरगोलाल फैक्टरी तक सड़क का निर्माण होगा। इसी तरह 1.45 करोड़ रुपए की लागत से हिल रोड पर क्रास रोड जीरो से क्रास रोड 6 तक, 1.03 करोड़ की लागत से नांदरा अस्पताल से खुशहाल हैंडलूम तक क्रास रोड नंबर 4, वहीं 1.99 करोड़ रुपए की लागत से निगार सिनेमा से आउटर लार्जर रोड तक क्रास रोड नंबर 4 का निर्माण होगा। इसके तरह 41 लाख रुपए की लागत से क्रास रोड नंबर 8 से क्रास रोड नंबर 9 करतार स्वीट से अप्पू हेयर ड्रेसर तक रोड बनेगी जबकि 1.03 करोड़ से अलग-अलग क्षेत्रों की संपर्क रोड का निर्माण किया जाएगा। अम्बाला सदर क्षेत्र की आउटर लार्ज रोड को भी जल्द नया रूप दिया जाएगा। 4.22 करोड़ रुपए की लागत से क्रास रोड नंबर 0 से क्रॉस रोड नंबर 12 तक रोड को बनाया जाएगा। रोड की दोनों लेन का नए सिरे से निर्माण होगा। गौरतलब है कि आउटर लार्ज रोड सदर क्षेत्र से रामनगर, बीडी फ्लोर मील के निकट कालोनियों, सुभाष पार्क एवं अन्य कालोनियों को जाने के लिए प्रयुक्त होती है और दिनभर यहां ट्रेफिक ज्यादा रहता है। शास्त्री कालोनी में गेट नंबर, एक, दो, तीन व चार की मुख्य स्ट्रीट की सड़कों का निर्माण 86 लाख से होगा। इसी प्रकार शिव मंदिर-योगशाला रोड, शास्त्री कालोनी गुरुद्वारा रोड एवं अन्य सड़कों के निर्माण पर 98 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### धान की सीधी बिजाई पर किसानों को दी जानकारी

**पानीपत:** ब्लॉक कृषि विभाग ने गांव गोयला कलां में किसानों को धान की सीधी बिजाई तकनीक पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खंड कृषि अधिकारी डा सतीस कुमार ने की। इस दौरान डा मोहीत, डा संदीप बजाज ने किसानों को धान की सीधी बिजाइ तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान रोपित धान न लगाकर धान की सीधी बिजाई को अपना का पानी के साथ साथ पैसे की भी बचत कर सकते हैं। डा सतीस कुमार ने बताया कि जो किसान धान की सीधी बिजाई करेगा उस सरकार की ओर से 4 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशी दी जाएगी। डा संदीप बजाज ने बताया कि भू जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। इसलिए हमें ऐसी फसलो को उगाना होगा जिनमें पानी की आवश्यकताबहुत कम हो। और उन्होंने मेरी पानी मेरी विरासत के तहत धान की बिजाई न करके अन्य फसलों कपर जोर दिया। धान की बजाया अन्य फसलो की बिजाई करने वाले किसानों को प्रति एकड 7 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशी दी जाएगी। इसके लिए उन्हें आनलाईन पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। इस दौरान डा संदीप बजाज ने किसानो को जल संरक्षण पर जोर देते हुए धान की सीधी बिजाई आदि बारे जानकारी दी गई। और कृषि तकनीको के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी देकर कृषि उत्पादन में वृद्धि की जा सके। इस दौरान किसानो को कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकियों को अपनाने पर जोर दिया। इस पर डा संदीप बजाज ने बताया कि हमें कृषि के आधुनिक तकनीक से किसानों की आमदनी में इजाफा हो सके। और उन्होंने रासायनिक खेती को छोड़कर जैविक खेती करने का सुझाव दिया और इसके फायदे बताएं। इस अवसर पर सुपरवाईजर अंकुर चौहान, कपिल व किसान सतपाल, चरण सिंह, ईशपाल, नरेश कुमार, महाबीर सहित अनेक मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता रैली निकाली

**पानीपत/कमाल.हुसैन**

**राष्ट्रीय** डेंगू दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने गांव उझा, सनौली, सी एच सी बापौली की तरफ ओर से कई गांवों के स्कूलों में डेंगू दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम किए गए। बच्चों को डेंगू मलेरिया और चिकुनगुनिया के लक्षण, उपचार और बचाव के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। डा सोमबीर, डा दीपक सैनी, स्वास्थ्य निरीक्षक सुशील कुमार ने गामीणों को बताया की अपने घरों के आस पास साफ सफाई रखें। पानी के सभी बर्तनों को ढक कर रखें सप्ताह में एक बार खाली करके सुखा कर भरें। बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जा कर खून की जांच कराएं। घरों में मच्छरनाशक दवाई का छिडकाव करवाएं। मच्छरदानी का प्रयोग करें। पूरी बाजू के कपड़े पहनें। घर के आस पास पानी इक्ठा न होने दें। इस अवसर पर गांव अतोलापुर बहरामपुर के सरकारी स्कूल के बच्चों द्वारा गांवों में जागरूकता रैली निकाली गई। गांवों की गलियों एवं अन्य स्थानों पर रुके हुए पानी में टैमिफोस दवाई डलवाई गई। लोगों को एंटी लार्वा एक्टीविटी और सोरस रिडक्शन के बारे में जानकारी दी गई। गांवों के सरपंचों के साथ मिटिंग करके डेंगू से बचाव हेतु जानकारी दी गई। इस अवसर पर डाक्टर सोमबीर, डाक्टर भावना अरोड़ा, डाक्टर गौरव, स्वास्थ्य निरीक्षक सुशील कुमार व सलेन्द्र सिंह, एम पी एच डब्लू मेल रोहतास, नरेन्द्र, कमलजीत, सतबीर सिंह, जितेन्द्र, सुषमा, खामोश, सोनिया, देवी रानी, सुरेश कुमार, अध्यापक देवेन्द्र कुमार, विजय कुमार, राजेश,नीता कुमारी व अन्य मौजूद रहे।

### महंत प्रभात पुरी कन्या स्कूल का परीक्षा परि□ाम शानदार रहा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परीक्षाओं परिणाम शानदार रहा। विधालय प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि कुल परीक्षा परिणाम 82% रहा। मुस्कान 453 अंको से प्रथम, रजनी 425 अंक द्वितीय व संजना सैनी 422 अंक लेकर विधालय में तृतीय स्थान पर रही। 5 बच्चों ने मेरिट में जगह बनाई। 2 छात्राओं ने शारीरिक शिक्षा में शत प्रतिशत व एक छात्रा ने अंग्रेजी विषय में 95 अंक प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की। विधालय अध्यक्ष महंत वंशी पुरी जी महाराज व प्रबंधक स्वामी रोशन पुरी ने प्राचार्य व स्टाफ को बधाई व शुभकामना संदेश भेजा।

# निगम कर्मचारियों की मांगें पूरी करने का एक सप्ताह का अल्टीमेट: सुरेंद्र पंवार

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत।**

**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने कहा कि शहर के सफाई कर्मचारियों की मांगों को प्रशासन द्वारा एक सप्ताह में पूरा किया जाए। यदि एक सप्ताह में सफाई कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया जाता तो वह कर्मचारियों के साथ धरने का समर्थन देते हुए उनके साथ धरने पर बैठेंगे। विधायक सुरेंद्र पंवार वेतन न मिलने से नाराज सफाई कर्मचारियों के बीच पंचायत भवन स्थित गोहाना रोड पर पहुंचने के उपरांत कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे।

विधायक सुरेंद्र पंवार को कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें तीन माह से वेतन



नहीं मिल रहा, जिसकी वजह से परिवार का पालन-पोषण करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि उन्हें न तो ईएसआई कार्ड मिला है, उन्हें यह भी नहीं पता की जो पैसा कटा है वह कहा है। ईएसआई की सुविधा से वंचित है। पीएफ का यूनिक कोड भी पता नहीं है, जिसकी वजह से वह अंधकार में रहकर दिन-रात शहर को साफ-सुथरा बनाने में मेहनत करने में जुटे रहते है। उन्होंने एजेंसी पर गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्हें महीने में चार अवकाश भी नहीं मिलते। उन्होंने बताया कि वह कई बार अधिकारियों को अवगत करवा चुके है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कर्मचारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि प्रशासन को एक सप्ताह का समय दिया है, यदि एक सप्ताह के अंदर सभी कर्मचारियों की तनख्वाह नहीं मिलती तो वह कर्मचारियों के साथ स्वयं धरने पर बैठेंगे। कर्मचारियों का हक नहीं छीनने दिया जाएगा। इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद नीतू राजेश दहिया, आनंद शर्मा, भारत, दीपक बोहत सहित बड़ी तादाद में कर्मचारी मौजूद रहे।

# दसवीं की परीक्षा में वैदिक शिक्षा निकेतन की छात्रा रही जिला में प्रथम

**नारनौल/संतोष यादव**

**हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। परीक्षा परिणाम में जिला महेंद्रगढ़ में पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जबकि पहले स्थान पर रेवाड़ी तथा दूसरे स्थान पर चरखी दादरी जिला रहा। परीक्षा में जिला महेंद्रगढ़ के 9075 बच्चों ने भाग लिया था। जिसमें से 7038 बच्चे उत्तीर्ण हुए। वहीं परिणाम में वैदिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चंडालिया की खुशी ने जिला में पहला स्थान प्राप्त किया।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं परीक्षा का परिणाम सराहनीय रहा है। जिला के 9075 बच्चों ने दसवीं की परीक्षा दी थी। जिसमें 7038 बच्चे पास हुए हैं पास प्रतिशत देखे तो जिला के 77. 55 बच्चों ने परीक्षा पास की है। इस परीक्षा में वैदिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चंडालिया की खुशी पुत्री राजकुमार ने 495 अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया है। खुशी के अलावा बीएल शिक्षा निकेतन पाली महेंद्रगढ़ की निकिता पुत्री सज्जन ने 494 अंक लेकर जिले में द्वितीय तथा इसी स्कूल की सिमरन पुत्री मनोज कुमार ने जिला में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। परीक्षा परिणाम मिलने के बाद बच्चों में खुशी की लहर है बच्चों का कहना है कि उनका परिणाम बहुत ही अच्छा रहा है इसके लिए, उन्होंने अपने शिक्षकों का आभार प्रकट किया है।

# सरकारी स्कूल खैरी का वार्षिक बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ,खैरी , कुरुक्षेत्र का वार्षिक बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा।पहली बार सी.बी.एस.इ , की बोर्ड की परीक्षा में उतरे आदर्श संस्कृति विद्यालय के छात्रों ने सफलता के नए आयाम स्थापित कर दिए विद्यालय का कक्षा 10 तथा 12वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा।विद्यालय के प्राचार्य दया सिंह स्वामी द्वारा स्कूल में इस उपलक्ष्य में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे बोर्ड परीक्षा में सफल रहे विद्यार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।अपने संबोधन में



उन्होंने कहा कि ये सफलता छात्रों ,शिक्षकों तथा अभिभावकों के कड़ी मेहनत का परिणाम है। उत्कृष्ट परिणाम देने वाले छात्रों तथा उनके अभिभावकों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। विधालय के भौतिक विज्ञान,जीव विज्ञान,पंजाबी,संस्कृत तथा कंप्यूटर साइंस विषयों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। ज्ञात रहे इस विद्यालय के विज्ञान संकाय के दो छात्र जतिन तथा अश्मी पहले ही जे. ई. ई. मैन्स परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके है इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए प्रधानाचार्य ने सभी अभिभावकों, छात्रों तथा शिक्षकों को बधाई दी।

# लोगों में अंधविश्वास व ढोंग को बढ़ावा दे रहे हैं धीरेंद्र कुमार: शिव

**नारनौल। जादूगर** शिव कुमार ने कहा कि बागेश्वर धाम के महाराज धीरेंद्र कुमार लोगों में अंधविश्वास और ढोंग को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं, जबकि उनके द्वारा दिखाई या बताई जाने वाली बातें एक कला है। जिसे जादू कला भी कह सकते हैं। जो जादूगर हैं वह इस कला का दुरुपयोग नहीं करते हैं। लोगों में अंधविश्वास या ढोंग नहीं फैलाते, बल्कि लोगों में जागरूकता पैदा करते हैं वे मंगलवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। जादूगर शिव कुमार ने कहा कि जादू कला हिंदुस्तान की विरासत है।

# ठेकेदार ने कटवाए लाखों रुपए के हरे पेड़

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल । राधेश्याम** की धर्मशाला के साथ लगते छलक नाले के पास में स्थित भगवान महावीर पार्क में पिछले दो-तीन दिनों से छलक नाले पर काम कर रहे कुछ लोग पार्क में लगे 10 से 20 मीटर ऊंचे बड़े हरे पेड़ों को बेरहमी से काटकर ट्रैक्टर में डालकर ले जा रहे हैं।

संदीप जैन बंटी , भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय मंत्री ने बताया कि उनको जब इस बात का पता लगा तो वह अपने समाज के लोगों व नगर परिषद के उपप्रधान तथा कुछ पार्षदों के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर उन्हें एक ट्रैक्टर लकडियो से लदा मिला, जिसके कोई नंबर प्लेट भी नहीं थी। पार्षद



संदीप जैन ने बताया कि उन्होंने वहां के दुकानदारों से बात की तो उन्होंने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से 5 से 7 ट्रैक्टर यहां से बड़े-बड़े पेड़ों के ले जा चुके हैं। इन पेड़ों में शीशम, कीकर व शहतूत के विशाल हरे पेड़ थे। ट्रैक्टर को मौके पर ही पकड़ लिया गया। इस ट्रैक्टर के कोई नंबर प्लेट भी नहीं थी। जब ट्रैक्टर के ड्राइवर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह आकाश अली नामक ठेकेदार का सुपरवाइजर है, उन्होंने ये पेड़ प्रवीण मलिक जेई नगर परिषद नारनौल कहने से कटवाए है। थोड़ी देर में ही वहां पर नगर परिषद में कार्यरत जेई प्रवीण मलिक भी वहां पहुंच गए, उन्होंने कहा कि हमने इसकी वन विभाग से परमिशन ले रखी है और हमने ही इसको कटवाए हैं।वहां मौजूद पार्षदों और जैन समाज के लोगों ने जेई को बताया कि परमिशन तो सिर्फ नाले के पेड़ों के काटने की थी। पार्क में लगे इन पेड़ों का कहीं कोई जिक्र नहीं था, इस पर प्रवीण मलिक जेई भड़क गए और कहने लगे कि ये गलत कटिंग यदि हुई है तो आपको जो भी करना है आप कर सकते हो। वहीं रजनीश यादव वन दारोगा भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौका देखकर बताया कि भगवान महावीर पार्क में जो पेड़ काटे गए हैं वह गलत है अवैध हैं उन्होंने इसकी

# महिला पहलवानों के पक्ष में भाकियू ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**पिछले** 25 दिन से दिल्ली के जंतर मंतर धरने पर बैठी महिला पहलवानों के पक्ष में अंबाला में भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के जिला प्रधान मलकीत सिंह काका की अध्यक्षता में दर्जनों किसानों ने जिला उपायुक्त डा शालीन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम पहलवानों को इंसाफ दिलाने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि आज 24 दिन हो गए महिला पहलवानों को धरने पर बैठे हुए। लेकिन सरकार उनकी आवाज नहीं सुन रही।

जबकि अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहलवानो ने देश का नाम रोशन किया है लेकिन अफसोस है कि आज उन्ही महिला पहलवानो को अपने साथ हुए उत्पीडन के लिए न्याय के लिए सडकों पर बैठना पड रहा है यहां तक कि उत्पीडन के खिलाफ एफआईआर करवाने के लिए भी उन्हें सुप्रीम कोर्ट जाना पडा और एफआईआर दर्ज होने के बाद भी आरोपी अभी तक खुलेआम घूम रहा है और इतना ही नहीं आरोपी मीडिया के माध्यम से पीडित महिला पहलवानो के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणीयां व बयानबाजी कर रहा है।

जो किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सही नहीं है। ज्ञापन में कहा गया है कि लोकतंत्र की नींव न्यायपूर्ण व्यवस्था पर टिकी हुई है। जिसमें हर इंसान के लिए इंसाफ का वादा निहित है। हमारी इन बेटियों के साथ भी इंसाफ होना चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई है कि राष्ट्रपति स्वंय इस मामले में हस्तक्षेप करें। ताकि बेटियों को इंसाफ मिल सके। गौरतलब है कि इससे पहले भी अम्बाला में पहलवानों के समर्थन में विभिन्न राजनैतिक दल आ चुके है तथा शहर व छावनी में अनेक स्थानों पर धरने प्रदर्शन भी किये गए है। लेकिन इसके बाद भी सरकार ने अभी तक पहलवानों की मांगो को नहीं माना।

# आमजन व उपभोक्ता साइबर खतरों से रहें सजग

## ईमेल आईडी, पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड की डिटेल भूल कर भी न करें शेयर

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**वीरेन्द्र** कुमार दहिया ने आमजन से साइबर खतरों से सावधान एवं सतर्क रहने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि बढ़ते हुए साइबर अटैक अथवा साइबर अपराधों को रोकने में सरकार ही नहीं बल्कि आम उपभोक्ताओं की भी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसे हमलों को रोकने में उपभोक्ताओं की सजगता और सतर्कता की बहुत बड़ी भूमिका होती है। इसके लिए आवश्यक है कि उपभोक्ता, फोरम या वेबसाइट्स पर अपनी संवेदनशील जानकारी ईमेल आईडी, पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड की डिटेल शेयर न करें। अपना पासवर्ड मजबूत रखें, कोई भी लिंक क्लिक करने से पहले देखें कि वह वेबसाइट ठीक है।

डीसी ने बताया कि सिस्टम की सुरक्षा के लिए अपने सिस्टम को अपडेट करते रहें और भरोसेमंद सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करें। भेजे जाने वाले स्पैम मैसेज को खोलने से बचें, ओपन वाई-फाई का इस्तेमाल न करें। साथ ही एक वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क का प्रयोग करें। आप एक सुरक्षित नेटवर्क से जुडकर, और थोड़ी सी सतर्कता और सजगता बरत कर साइबर हमले अथवा अपराध की गिरफ्त में आने से बच सकते हैं। पुलिस विभाग ने साइबर अपराधों से निपटने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 शुरू किया है, जिसकी मदद लेकर साइबर खतरों से बचा जा सकता है।

उन्होने नागरिकों को आगाह करते हुए कहा कि साइबर अटैकर्स कमजोर सिस्टम पर हमला करने और उस पर नियंत्रण करने के लिए मैलिसस कोड का सहारा लेते हैं। साइबर सिक्योरिटी पर अटैक अनेक प्रकार से किए जा सकते हैं। इसके लिए मैलवेयर, फिशिंग अटैक, डिनायल ऑफ सर्विस, मैन इन द मिडिल के माध्यम से किया जा सकता है। इसको सिस्टम को हैक करने, क्रिप्टोकरेंसी के रूप में पैसे की मांग के लिए, या फिर डार्क वेब पर डेटा बेचने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस तरह के हमलों में संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जानकारी जो उपयोगकर्ता के वेबसाइट पर उपलब्ध है, उसे बिना किसी वेबसाइट या यूजर्स के ज्ञान के हाईजैक कर लिया जा सकता है। नागरिक साइबर सिक्योरिटी के लिए ये अपनाएं जरूरी टिप्स डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि आपको अपने कंप्यूटर सिस्टम या डिवाइस में साइबर सिक्योरिटी को ध्यान में रखते हुए एंटीवायरस को जरूर इंस्टॉल करना चाहिए।

# सीएचसी-पीएचसी में राष्ट्रीय डेंगू दिवस जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**जिला** मलेरिया कार्यालय ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ सुखबीर सिंह ने अध्यक्षता करते हुए जिला मलेरिया कार्यालय के स्टाफ को निर्देश दिए कि जहां भी जलभराव की स्थिति हो वहां एंटी लार्वा गतिविधियां करें व मच्छर जनित रोगों के नियंत्रण तथा रोकथाम हेतु लोगों को भी घर-घर जाकर जागरूक करें। आमजन कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने दें यदि कहीं जलभराव की स्थिति है तो वहां तेल डालकर मच्छर का पहली स्टेज में ही खात्मा करने का प्रयास करें।

सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि सरकार व प्रशासन लोगों के स्वास्थ्य को लेकर बेहद चिंतित है। ऐसे में सरकार की ओर से लोगों को हर प्रकार की सुविधा देने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं। मीटिंग को सिविल सर्जन के अतिरिक्त जिला मलेरिया अधिकारी डा. सुदेश कुमार सहोता, महामारी विशेषज्ञ डा. बिन्दु राव व हेल्थ इंस्पेक्टर मनजीत भोला ने भी संबोधित किया। इसके साथ-साथ जिला की सभी सीएचसी व पीएचसी स्तर पर भी राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर

# जन स्वास्थ्य विभाग ने निकाली साईकिल रैली

## अशोक विहार दीप मार्केट से केशवपुरम जोन तक निकाली गई साईकिल रैली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय डेंगू** दिवस के अवसर पर दिल्ली नगर निगम के केशवपुरम जोन के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा दीप मार्केट अशोक विहार से केशवपुरम जोन तक साईकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी महामारी से बचाव के प्रति जागरूक करना था। इस साईकिल रैली में केशवपुरम जोन के निगम पार्षद योगेश वर्मा, पूनम भारद्वाज, मीनू गोयल, केशवपुरम जोन के उप-स्वास्थ्य अधिकारी प्रमोद वर्मा, क्षेत्रीय महामारी विद डॉ. विशाल काले, मलेरिया निरीक्षक सुभान सिंह, अजय कुमार, मलेरिया



विभाग के समस्त कर्मचारी व क्षेत्रीय आर.डब्ल्यू.ए. के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर योगेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली में आने वाले दिनों में डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया का प्रकोप बढ़ेगा व इसकी रोकथाम के लिए आवश्यक है कि हम इसके प्रति जागरूक हों व अपने आस-पास के क्षेत्र को साफ-सूथरा रखें व समय-समय पर डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया रोधी दवाईयों का छिड़काव करते रहें।

पार्षद योगेश वर्मा ने कहा कि आज के इस साईकिल रैली के माध्यम से जन-स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को डेंगू/मलेरिया/चिकनगुनिया जैसी महामारी के प्रति जागरूक करने का जो काम किया जा रहा है वह काफी सराहनीय है और यह प्रयास निरंतर चलता रहे तो हम बीमारी पर अंकुश लगा सकते हैं। इस अवसर पर पार्षद पूनम भारद्वाज ने भी लोगों को जागरूक किया और कहा कि सभी अपने आस-पास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।



गुरुद्वारा सिंह सभा निमडी कॉलोनी में गुरुद्वारे की नई बिल्डिंग बनाने के कार्य का शुभारंभ करते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश गुप्ता, निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

# यमुना की सफाई को लेकर किया लोगों को जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोक संसद** के संयोजक रविशंकर तिवारी पत्रकार द्वारा चलाए जा रहे यमुना सफाई अभियान अब जोर पकड़ता जा रहा है। जिसमें एक तरफ तो सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक व अब व्यापारी भी इस अभियान में जोर-शोर से लग गए हैं। फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन की ओर से फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, राकेश यादव की अध्यक्षता में इस अभियान की शुरूआत सदर बाजार में की गई। जिसमें फेडरेशन के कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी, योगेंद्र सिंह उपाध्यक्ष दीपक मित्तल, महासचिव कमल कुमार, व्यापारी नेता हिमांशु, गुरप्रीत सिंह, कुणाल डोगरा सहित



अनेक व्यापारी कुतुब रोड पर एकत्रित हुए।
इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने सभी व्यापारियों से अपील की यमुना जी की सफाई अभियान में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग जुड़े और 18 मई को शाम 5:00 बजे फतेहपुरी चौक पर एकत्रित होकर इस अभियान की ताकत को बढ़ाएं। जिससे आने वाले समय में हमारे परिवार को यमुना से साफ-सुथरा पानी मिल सके और साथ ही सभी को परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया 4 जून को सुबह 6:30 बजे सभी वजीराबाद पहुंच कर इस अभियान का हिस्सा बने।

# जहांगीरपुरी में हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विश्व हिंदू** परिषद व बजरंग दल के द्वारा विशाल भव्य हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन जहांगीरपुरी के ईई ब्लॉक के जय मां दुर्गा मंदिर में किया गया।
जिसमें गोपाल (जिला मंत्री विश्व हिन्दू परिषद) और प्रेम शर्मा (सह मंत्री विश्व हिन्दू परिषद) ने ज्योति प्रचंड किया। इसके अलावा मुकेश (जिला सयोजक) और राम नरेश (जिला अखाडा प्रमुख) आये हुए सभी कार्यकर्ताओ का स्वागत किया गया। इस मौके पर गौरी शंकर (सैनी मेडिकोज वाले), सुभाष, उमेश, दीपक, सोनू, विवेक, बंटी, चिटू, सन्नी, राजू, हर्ष, अमन, सुजल, पार्थम, आनंद, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के द्वारा समाज में एक संदेश दिया की हम सब को एकजुट होकर रहना है। इस मौके पर आरती के पश्चात प्रसाद ग्रहण किया गया।



भलस्वा लैंड फील्ड साईट का अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए आप नेता सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा, मन्नू प्रधान, नौशाद भाई व अन्य।

# गर्मी शुरू होते ही पानी की समस्या से जूझ रहे लोग: जे.एस. नेयोल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** बाग विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जे.एस. नेयोल ने कहा कि गर्मी शुरू होते ही दिल्ली की कई कॉलोनियों में पानी का संकट गहराता जा रहा है।
उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का समर प्लान भी फेल होता हुआ नजर आ रहा है, क्योंकि दिल्ली की कई कॉलोनियों में पानी न आने की वजह से दिल्ली की जनता को मजबूर होकर बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, यही कारण है कि दिल्ली की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों



को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के हित में कार्य करती है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।



संगम पार्क वार्ड में दिल्ली नगर निगम केशव पुरम जोन और डीएमएसडब्ल्यूएसएल द्वारा प्लास्टिक फ्री दिल्ली अभियान को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों में थैले का वितरण करते हुए निगम पार्षद सुशील कुमार व अन्य।

# गरीबों व असहायों की सेवा करना पुण्य का कार्य: संजय सहगल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल** टाउन के समाजसेवी संजय सहगल ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके। नर सेवा को नारायण सेवा मनाने वाले संजय सहगल ने आगे बताया कि वंचित लोगों की सहायता करना एक पुण्य का कार्य है, इसलिए सभी अधिक से अधिक लोगों की सहायता करें।
श्री सहगल ने आगे बताया कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और पौधे की रक्षा परिवार की तरह



करनी चाहिए। जिससे की क्षेत्र का वातावरण हरा-भरा नजर आये। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है। यह हमारी भी जिम्मेवारी है कि हम पौधारोपण करें।

# नेशन फर्स्ट फाउंडेशन ने लगाया नेत्र और स्वास्थ्य जांच शिविर







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नेशन फर्स्ट फाउंडेशन द्वारा बादली विधानसभा क्षेत्र के ए-5 भलस्वा रिसेटलमेंट कॉलोनी में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और डाक्टरों ने नेत्र जांच कर जरूरी परामर्श भी दिए। इस मौके पर जेपी राणा और संजय प्रधान भी मौजूद रहे। इस मौके पर जेपी राणा ने कहा कि नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के द्वारा लगाये गये शिविर में आज बहुत ही संख्या में लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई है। तो वहीं संजय प्रधान ने कहा कि इस प्रकार के शिविर से लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं घर के समीप ही मिल जाती है। इसके लिए हम नेशन फर्स्ट फाउंडेशन का धन्यवाद करते है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल बख्तावरपुर में मनाया गया मदर्स डे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली** के बख्तावरपुर स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में मदर्स डे बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्कूल में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथि डॉ सलोनी, मंजू गुप्ता व बंसीलाल का पटका पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि गतिविधियों के माध्यम से मां की महिमा को दशार्या एवं शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह







लिया। स्कूल प्रधानाचार्या वीनू वत्स ने सभी को मदर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दुनिया में हमारा अस्तित्व हमारी मां के कारण ही है। मां एक ममता का आंचल है जो हमें आने वाली हर मुसीबत से बचाती है और हमें मुसीबतों से लड़ना सिखाती है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि हर किसी को मां की ममता मिले। अपनी मां से कभी कोई ना बिछड़े। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन द्वारा विभिन्न सेक्शन में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण तीन छात्राओं को पांच हजार, चार हजार, तीन हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल चेयरमैन महावीर गुप्ता, कृष्ण कुमार बंसल, धर्मपाल गोयल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अवैध खनन करने वालों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई

## डीसी विक्रम सिंह ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स खनन की बैठक में दिए प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सम्बंधित क्षेत्र के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सख्ती से पेश आकर सख्त कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें और इस कार्य टीमें निगरानी के लिए डेली बेसिस पर गस्त कर समीक्षा करके उसकी प्रगति रिपोर्ट भी ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये मुख्यालय में प्रस्तुत करें। डीसी आज मंगलवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स /खनन कार्य की मासिक समीक्षा बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने इलाकों में अवैध खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सतर्कता बरते। जहां भी अवैध खनन करने वालों की शिकायतें और सूचनाएं मिल रही हैं वहां पर त्वरित सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग वाहनों को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें। डीसी ने विभाग वार एक एक करके अवैध खनन क्षेत्रों के अलावा पाली व मोहब्ताबाद क्रेशर जोनों की समीक्षा करके संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। वहीं जिला टास्क फोर्स की बैठक में चालू वित्त वर्ष 2023 में हुई, अवैध खनन की घटनाओं पर की गई कार्रवाई की एक-एक करके समीक्षा करके विभाग वार अवैध खनन की जांच के लिए निगरानी दलों/डीएलटीएफसी के सदस्यों के आपसी समन्वय पर भी समीक्षा की और अवैध खनन से जुड़े संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में समीक्षा कर प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने पुलिस विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज पर की गई कार्रवाई की बारीकियों से समीक्षा कर पुलिस विभाग के अधिकारियों को सरकार की ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश दिए। वहीं क्रशर जोन व रेत के अवैध लाइसेंसों की निगरानी बारे समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि प्रदेश में 6 पीएलपीए की धारा 4 व 5 में अवैध खनन पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट ऑफलाइन और ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये जिला मुख्यालय को जरूर दें। उन्होंने कहा कि जिला में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सख्ती के साथ सतर्कता बरती जाए और दिल्ली तथा नोएडा सहित पडोसी प्रान्तों से अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए। डीसी विक्रम सिंह ने जिला टास्क फोर्स के लिए खनन विभाग, आरटीए, वन व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आपसी बेहतर तालमेल के साथ सख्ती से कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य की नियमित तौर पर समीक्षा करें और रिपोर्ट भी जिला और मुख्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करें। विभाग द्वारा यमुना क्षेत्र व बंद पड़े पहाड़ों का समय-समय पर मौके पर निरीक्षण जरूर करें। जिला में विभिन्न थानों, चौकियों में मुकद्दमें दर्ज करवाने और वाहनों को अवैध खनन परिवहन करते हुए पकड़ा जाने तथा वाहनों से पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि व खनिज की रॉयल्टी व जुमार्ना राशि के रूप में उनसे जुमार्ने की वसूली की धनराशि बारे विस्तृत जानकारी दी जाए। बैठक में जिला वन एसडीएम फरीदाबाद परमजीत सिंह चहल, एसडीएम बड्खल पंकज सेतिया, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद व आरटीए जितेन्द्र गहलोत, प्रदूषण बोर्ड की जिला अधिकारी स्मिता कनोडिया, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित अन्य विभागों के

# संक्षिप्त खबरें

## सेंट्रो गाड़ी में अवैध हथियार सहित बैठे 2 आरोपियों को क्राइम बॉर्डर ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप की टीम ने अवैध हथियार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हिमांशु तथा इंद्रजीत उर्फ विष्णु का नाम शामिल है। दोनों आरोपी बल्लभगढ़ एरिया के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को 5 नंबर चुंगी से सेंट्रो गाड़ी में अवैध हथियार सहित काबू कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 3 जिंदा कारतूस सहित 3 देशी कट्टे बरामद किए गए। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपियों को आदर्श नगर थाने लाकर उनके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों का किसी व्यक्ति के साथ झगड़ा चल रहा था और इसी के चलते इनकी दूसरी पार्टी के साथ रंजिश पैदा हो गई थी। आरोपियों ने बताया कि यह देसी कट्टा कट्टे वह भरतपुर से किसी व्यक्ति से लेकर आए थे जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी हिमांशु टैक्सी चलाता है और आरोपी इंद्रजीत गाडि?ों की खरीद बेच करता है। आरोपी हिमांशु हत्या के एक मुकदमे में अजमेर जेल में बंद था जो कुछ महीने पहले ही बाहर आया था। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपियों को अदालत में पेश किया गया जहां से आरोपी इंद्रजीत को जेल भेज दिया गया और आरोपी हिमांशु को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है जिसमें उससे मामले में और जानकारी प्राप्त करके उन्हें अवैध हथियार सप्लाई करने वाले उसके साथियों की धरपकड़ की जाएगी।

## डबुआ क्षेत्र परिवारों को परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण के लिए नहीं होना पड़ेगा परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।**परिवार पहचान पत्र की जिला नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने कहा कि डबुआ कालोनी के क्षेत्र में परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करने का कार्य किया जा रहा है तथा इसके लिए फील्ड वेरिफिकेशन का कार्य भी निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा विभिन्न तरीकों से लोगों द्वारा उनके परिवार पहचान पत्र में घोषित आय की जांच की जा रही है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को व्यर्थ में परेशान होने की जरूरत नहीं है तथा उन्हें सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं व योजनाओं का लाभ मिलेगा। एडीसी अपराजिता ने कहा कि पीपीपी को ऑनलाइन अपडेट कराने का कार्य अटल सेवा केंद्रों, सरल केंद्रों और सीएससी सेंटरों पर के साथ साथ चुनाव विभाग के बीएलओ और महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग द्वारा आपसी तालमेल करके किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में आय वेरिफिकेशन के साथ- साथ किसी का नाम जोड?ा, दिव्यागों का स्टेट्स अपडेट कराना, जन्मतिथि में सुधार करना आदि के कार्य भी शामिल है। उन्होंने कहा कि 55 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्ति के जन्मतिथि में सुधार के लिए वोटर आईकार्ड लाना अनिवार्य है। वोटर कार्ड वर्ष 2017 के पहले का होना जरूरी है।

## कैथल राशन डिपू पर सीएम फलाइंग का छापा

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल।** देवीगढ़ रोड स्थित एक डिपो पर मंगलवार को सीएम फ्लाइंग की टीम व फूड सप्लाई विभाग ने संयुक्त रूप से रेड की। रेड के दौरान फूड सप्लाई विभाग ने यहां सप्लाई हो रहे अनाज की जांच की। करीब 10 से 12 क्विंटल गेहूं ज्यादा मिला। इसको लेकर संबंधित विभाग को अवगत करवाया गया है। अब आगामी कार्रवाई खाद्य आपूर्ति विभाग की तरफ से की जाएगी। इंस्पेक्टर बिजेंद्र कुमार ने बताया कि शिकायत मिली थी कि डिपो पर सप्लाई हो रहे अनाज के वितरण में गड़बड़ी हो रही है। इसकी शिकायत मिलने के बाद यहां जांच की। इसमें संबंधित विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। टीम में सब इंस्पेक्टर पवन कुमार, मुकेश इंस्पेक्टर, मंजीत कुमार ने रिकार्ड को खंगाला। फूड़ सप्लाई के इंस्पेक्टर मुकेश ने बताया कि उन्होंने सीएम फलाइंग के साथ मिलकर रीटा रानी के डिपू पर रेड की है। किसी व्यक्ति ने गुप्त से इस डिपू की शिकायत की थी। आरोप था कि सप्लाई में गड़बड़ी की जा रही है। जांच के बाद वे संबंधित विभाग को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अनुसंधान तथा परीक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देगा जे.सी. बोस विवि

## पारंपरिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए गोप्लो फार्म के साथ किया समझौता



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।**कृषि-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान और परीक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने कृषि-तकनीक क्षेत्र में काम करने वाली एक स्टार्ट-अप कंपनी गोप्लोह वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड जोकि गोप्लो फार्म के रूप में पहचान रखती है, के साथ समझौता किया है। गोप्लो दिल्ली-एनसीआर में जैविक फलों, सब्जियों तथा अन्य कृषि उपज के उत्पादन, परीक्षण और विपणन का कार्य करती है। स्मझौते पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और गोप्लो की ओर से कंपनी के संस्थापक श्री सम्राट सिंह चौहान ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर, निदेशक (आर एंड डी) प्रो. नरेश चौहान, सह-संस्थापक, गोप्लो फार्म श्री संदीप मेहंदीरत्ता, प्रमुख - क्लीन फूड लैब, गोप्लो फार्म, डॉ. अर्चना कुमारी, और रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान के संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। समझौते को व्यवहारिक रूप देने में रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार ने भूमिका निभाई। समझौते का उद्देश्य यूवी विज स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी, एफटीआईआर, टीएलसी, आदि जैसी प्रासंगिक प्रौद्योगिकियों के माध्यम से जैविक एवं पारंपरिक फलों, सब्जियों और प्रमुख उपज में चुनिंदा रसायनों (एमआरएल) की पहचान के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) विकसित करना है। इसके साथ ही, पारंपरिक भोजन को जैविक एवं रासायनिक मुक्त भोजन से अलग करने के उद्देश्य से खाद्य उत्पादों (फल, सब्जियां, स्टेपल, डेयरी उत्पाद) के परीक्षण के क्षेत्र में अनुसंधान किया जायेगा। गोप्लो फार्म द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की मानसिकता और समस्या समाधान विकसित करने के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की जायेगी। इसके अलावा, शार्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम, कार्यशालाएं, व्याख्यान और विद्यार्थियों के साथ संवाद के कार्यक्रम आयोजन किये जायेंगे। कुलपति प्रो. तोमर ने समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से विद्यार्थियों को कृषि-प्रौद्योगिकी अनुसंधान और परीक्षण में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में मदद मिलेगी और उनके लिए रोजगार के बेहतर अवसर पैदा होंगे। इससे पारंपरिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने गोप्लो फार्म तथा संबंधित शैक्षणिक विभागों के संकाय सदस्यों को नियमित रूप से शैक्षणिक कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि समझौते का और अधिक व्यवहारिक बनाया जा सके।

# कम पैसों में एडमिशन दिलाने वाले लुभावने विज्ञापनों से बचें छात्र



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** डीसीपी मुख्यालय एवं साइबर अपराध नोडल अधिकारी हेमेंद्र कुमार मीणा द्वारा छात्रों व उनके माता-पिता को दाखिले के दौर में साइबर ठगी से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाकर जागरुक करने के निर्देश दिए गए हैं जिसके तहत फरीदाबाद पुलिस छात्रों में सहित आमजन को इस प्रकार की भी साइबर ठगी से बचाने का हर संभव प्रयास कर रही है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि अभी हाल ही में हरियाणा व सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए गए हैं जिसके पश्चात अब आगे कॉलेज या शिक्षण संस्थानों में एडमिशन का दौर शुरू हो चुका है। शिक्षण संस्थान में दाखिला लेने के लिए छात्र ऑनलाइन सर्च करते हैं जहां उन्हें सोशल मीडिया पर विभिन्न प्रकार के विज्ञापन दिखाई देते हैं। इसी बीच कुछ साइबर अपराधी सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते है और नामी कॉलेज व शिक्षण संस्थान की फर्जी वेबसाइट बनाकर उस नाम से सोशल मीडिया पर लुभावने विज्ञापन पोस्ट करते हैं जिसमें वह कम पैसों में प्रतिष्ठित कॉलेज या शिक्षण संस्थान में एडमिशन दिलवाने का लालच देते हैं।

## क्राइम ब्रांच 56 ने चोरी के ऑटो सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी सुंदर सिंह की टीम ने चोरी के 2 मुकदमों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शौकीन तथा प्रकाश उर्फ चूहा का नाम शामिल है। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी शौकीन को गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर चोरी के ऑटो सहित गिरफ्तार किया था जिसमें आरोपी ने बताया कि यह ऑटो उसने सेक्टर-58 एरिया से चोरी किया था।

## आईएएस धर्मेंद्र सिंह को चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** आपको बता दें कि दिल्ली निवासी ललित की शिकायत पर जून 2022 में कोतवाली थाने में भ्रष्टाचार अधिनियम व 420, 120क्क, 406 ह्वक्कष्ट की धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था जिसकी जाँच एसीपी एनआईटी विष्णु प्रसाद द्वारा की जा रही है तफ्तीश के दौरान मामले में रामबीर नाम के दलाल को गिरफ्तार किया गया। जांच में तत्कालीन नगर निगम कमिश्नर आईएएस अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह का नाम सामने आया जिसके पश्चात जांच का दायरा बढ़ाया गया तो सामने आया कि वह भी रिश्वत लेने के मामले में शामिल थे। जांच के दौरान आरोपित आईएएस अधिकारी के खिलाफ सबूत मिलने पर धर्मेन्द्र सिंह को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया जिसे आज अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि जून 2022 में दिल्ली निवासी शिकायतकर्ता ललित की शिकायत के आधार पर कोतवाली थाने में भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें जाँच के दौरान सामने आया कि मामले में नगर निगम के अधिकारी ० कर्मचारी भी शामिल है जिन्होंने ठेकेदार को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए दलाल रामबीर के माध्यम से 1.10 करोड़ रुपए की रिश्वत ली और नियमों को ताक पर रखकर सोनीपत नगर निगम बिल्डिंग का ठेका 52.70 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 87.85 करोड़ का रिवाइज्ड एस्टीमेट (एन्हांसमेंट) तैयार करके अनुमति के लिए अर्बन लोकल बॉडीज के डायरेक्टर को भेजा गया था। तफ्तीश के दौरान टेक्निकल टीम द्वारा बढाए गए एस्टीमेट की जाँच करवाई गई तो टेक्निकल टीम की जाँच में पाया गया कि नगर निगम सोनीपत के अधिकारी ० कर्मचारियों द्वारा ठेकेदार को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए प्रोजेक्ट का रिवाइस्ड एस्टीमेट नियमों नियमों की अवहेलना कर-के बनाया था।

## हाई ब्लडप्रेशर नहीं है सामान्य बीमारी, इसे गंभीरता से लें: डॉ. एस.एस.



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।**मौजूदा समय में हाइपरटेंशन रोग निरंतर बढ़ता जा रहा है, जिसे आमतौर पर हाई ब्लडप्रेशर भी कहा जाता है, मनुष्य के शरीर में खून के दबाव को बढ़ा देता है और यह स्वास्थ्य के लिए जोखिम बन जाता है। इस बीमारी के कारण, लक्षण और उपचार समय पर करने चाहिए, अन्यथा मरीज की हालत ज्यादा गंभीर हो जाती है। वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे पर लोगों को जागरूक करते हुए एस.एस.बी. अस्पताल के निदेशक एवं वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एस.एस. बंसल ने बताया कि हाइपरटेंशन के पीछे कई कारक हो सकते हैं। अस्वस्थ खान-पान, अत्यधिक वजन, शारीरिक अवसाद, औषधि का सेवन और अनुवंशिकता इनमें से कुछ मुख्य कारक हैं। इनके अलावा, तनाव, धूम्रपान, अधिक नमक खाना, योग्य निद्रा की कमी और समय पर आयोजित न होने वाली जीवन शैली भी हाइपरटेंशन में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। डॉ. बंसल ने यह भी बताया कि हमें अपने बीपी को नियमित चैक करवाना चाहिए क्योंकि यह एक साइलेट किलर है, जिसमें मरीज को ज्यादातर लक्षण नहीं होते इसलिए हमें अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। आहार में हमें ताजे फल और सब्जियां, अनाज, नट्स, मछली और स्वस्थ प्रोटीन स्त्रोतों को शामिल करना चाहिए। इसके साथ ही, नमक की मात्रा को संयंत्रित रखें और धूम्रपान एवं अत्यधिक शराब का सेवन पूरी तरह से बंद करें। डॉ. बंसल ने इस विषय पर जागरूकता बढ़ाने के लिए लक्षणों के बारे में भी चर्चा करते हुए कहा कि हाइपरटेंशन के लक्षणों में सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, सांस लेने में कठिनाई, हृदय धडकन.का तेज हो जाना और चेहरे और हाथों की सूजन शामिल हो सकती है। उपचार के मामले में, डॉ. बंसल ने सलाह दी है कि हाइपरटेंशन के मरीजों को नियमित रूप से चिकित्सा जांच और विशेषज्ञ सलाह का पालन करना चाहिए। यहां कुछ उपाय शामिल हो सकते हैं जैसे कि दवाइयों का सेवन, व्यायाम, वजन पर नियंत्रण रखना, तंबाकू की आदत से मुक्त होना, ध्यान और मनोयोग के तकनीकों का अभ्यास करना और स्वस्थ जीवनशैली का पालन करना। इसके अलावा, डॉ. बंसल ने बताया है कि दिनचर्या में स्वस्थ समय-समय पर विश्राम, पर्याप्त नींद और मनोरंजन के लिए समय निकालना भी महत्वपूर्ण है।

# आयोजित होने वाली लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर प्रशासन मुस्तैद



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आज मंगलवार को एसडीएम त्रिलोक चंद सेक्टर-12 के कन्वेंशन हॉल में जिला में 21 मई को हरियाणा लोक सेवा आयोग/एचपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली एकेडमी परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करने के टिप्स दे रहे थे। आज सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद की अध्यक्षता में रिहर्सल का आयोजन किया गया। जहां उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन के लिए आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को टिप्स देकर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि परीक्षाओं यह काफी संवेदनशील कार्य है जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। वहीं अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। परीक्षा के लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग/एचपीएससी ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उसे समय रहते दूर कर लें। उन्होंने बताया कि 21मई रविवार को हरियाणा लोक सेवा आयोग की परीक्षा 2 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला में 89 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां एचपीएससी की एकेडमीक परीक्षाएं दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक व दूसरा चरण दोपहर 03 बजे से सायं 05 बजे तक होगा। रिहर्सल में एसडीएम कम परीक्षा के नोडल अधिकारी त्रिलोक चंद ने परीक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 21मई को होने वाली लिखित परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। परीक्षा केन्द्रों पर शौचालयों आदि तमाम सभी व्यवस्थाओं को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 21मई रविवार को हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा फरीदाबाद में एचसीएस एण्ड एलाइड - 2023 की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जहां लिखित परीक्षा के आयोजन के लिए जिला फरीदाबाद में 89 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वहीं परीक्षा की पवित्रता तथा कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए केंद्र वार ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट ऑफिसर एवं लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर की नियुक्तियां की गई हैं। लिखित परीक्षा के सफल आयोजन के लिए अन्य अधिकारियों द्वारा सभी ऑफिसर एवं मजिस्ट्रेट को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि एचपीएससी की हिदायतों के अनुसार परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। परीक्षा केंद्रों में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अन्दर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रों के अन्दर जाने पर यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है। वहीं पुलिस विभाग के एसीपी सुधीर कनेजा ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों और अन्य अधिकारियों के लिए पुलिस फोर्स की ड्यूटिया लगा दी गई है। वहीं परीक्षा केन्द्रों पर महिला पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगाई गई है।

एसडीम बल्लभगढ़ कम नोडल अधिकारी त्रिलोक चंद, नगर निगम ज्वाइंट कमिश्नर शिखा,सीटीएम अमित मान, आरटीए सेक्रेटरी जितेंद्र गहलावत, एसीपी सुधीर कनेजा, जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी व परीक्षाओं में लगी ड्यूटी के विभिन्न अधिकारी गण उपस्थित रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 17 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श रसोई 8वां सप्ताह

## 'राकेश भारद्वाज चौक' पर 'आदर्श रसोई' ने मनाया मदर्स डे















**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "राकेश भारद्वाज चौक" पर धूमधाम से मदर्स दिवस मनाया गया। इस मौके पर केक काटकर 'मदर्स डे' सेलिब्रेट किया गया और एक-दूसरे को बधाई दी।

### आदर्श रसोई से जुड़ी नारी शक्ति ने संयुक्त रूप से किया रसोई का शुभारंभ

स्व. राकेश भारद्वाज जी की पत्नी गीता भारद्वाज, स्नेह छाबड़ा, सुजाता वर्मा, शिखा गर्ग, रीता मल्होत्रा और शालिनी सिंघल ने संयुक्त रूप से आदर्श रसोई का रिबन काटकर शुभारंभ किया। सभी ने एक-दूसरे को माला पहनाकर मदर्स डे की बधाई दी। इस दौरान राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत सभी माताओं को सम्मान किया गया और उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया



गया। इस दौरान राकेश भारद्वाज चौक पर गजब का उत्साह, उमंग देखने को मिला।

### क्या बोली गीता भारद्वाज

आदर्श रसोई बहुत ही अच्छा सामाजिक कार्य कर रही है, जहां इस तरह के कार्यक्रम से चेतना जागृत होगी वहीं एकरूपता को भी बढ़ावा मिलता है। आदर्श रसोई निरंतर और नियमित रूप से राकेश भारद्वाज चौक पर निस्वार्थ रूप से विशेष रविवारीय कार्यक्रम का बड़े ही नायाब ढंग से आयोजन करती है, जिसके सभी कायल हैं। सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयों से अभिनंदन करती हूं।आदर्श रसोई की टीम को इस सफल कार्यक्रम के लिए बधाई।

### क्या बोली स्नेह छाबड़ा

अपने वक्तव्य के दौरान आदर्श रसोई की प्रमुख सदस्य स्नेह छाबड़ा अपनी माँ को याद करते हुए भाव विभोर हो गई। उन्होंने मदर्स डे के अवसर पर जहां, सभी सदस्यों को बधाई दी, वहीं आदर्श रसोई के कार्य को भी खूब सराहा। श्रीमती छाबड़ा ने कहा कि वैसे तो हर दिन मदर्स डे है। किसी विशेष दिन पर माँ का महत्व अधिक नहीं हो जाता। हर दिन, माँ का दिन है।

### क्या बोली सुजाता वर्मा

आदर्श रसोई की सदस्य सुजाता वर्मा ने मदर्स डे पर कई महत्वपूर्ण बातें रखी। उन्होंने, माँ के त्याग, माँ के समर्पण और माँ की सेवा। हर पहलू पर बहुत गहरी बातें रखी। इस दौरान सभी ने श्रीमती वर्मा की बातें बहुत ध्यान से सुनी।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था। साथ ही सभी को आइसक्रीम भी परोसी गई।






आदर्श रसोई 7वां सप्ताह

## 'राकेश भारद्वाज चौक' पर 'आदर्श रसोई' ने मनाया मजदूर दिवस











**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई हर बढ़ते हफ़्ते के साथ नित नए आयाम स्थापित करती जा रही है। धीरे-धीरे आदर्श रसोई ने एक नया मुकाम स्थापित के लिया है।

### आदर्श रसोई का एक साल रहा बेमिसाल

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था "आदर्श रसोई" ने साप्ताहिक रविवारीय कार्यक्रम को बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।

### मजदूरों ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत

मजदूर दिवस पर आदर्श रसोई ने नई पहल की शुरूआत की। इस बार आदर्श रसोई की शुरूआत किसी वीआईपी ने नहीं की, बल्कि राकेश भारद्वाज चौक पर मौजूद मजदूरों ने रिबन काटकर रसोई का शुभारंभ किया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर मौजूद 70 वर्षीय मेघ राम ने आदर्श रसोई का रिबन काटकर शुभारंभ किया। फिर, उन्हें सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी का जोरदार स्वागत किया गया। यही नहीं, मजदूर भाइयों ने संयुक्त रूप से मजदूर दिवस का केक भी काटा। इस दौरान सभी मजदूर साथियों के चेहरे पर खुशी और सम्मान के भाव साफ देखे जा सकते थे। इस विशेष मौके पर मजदूर 70 वर्षीय मेघ राम ने कहा कि पिछले एक वर्ष से आदर्श रसोई बेहतरीन सामाजिक कार्य कर रही है और हम जैसै जरूरतमंदों के लिए आदर्श रसोई रामबाण साबित हो रही है। जहां मात्र 10 रूपए में भरपेट भोजन खाने को मिलता है। मैं आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयों से अभिनंदन करता हूं और आशा करता हूं कि आदर्श रसोई यूं ही समाज के हित में कार्य करती रहे।



### मजदूरों ने काटा केक, धूमधाम से मनाया गया मजदूर दिवस

आदर्श रसोई ने मजदूर दिवस पर मजदूरों के हाथों से केक कटवाया और एक-दूसरे को केक खिला कर मजदूर दिवस मनाया। राकेश भारद्वाज चौक पर रहने वाले मजदूरों के लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम ने यादगार बना दिया।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है।

इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था।

